सूर्योदय 5:26 सूर्यास्त 7:08

आज का तापमान

शिमला	19.2 न्यू	27.3 अधि
धर्मशाला	23.9 न्यू	35.9 अधि

बाजार

सेंसेक्स	74005.94
निफ्टी	22502.00

सोना 73,400 | चांदी 96,500

अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

करे हर सीमा पार

एक्ट्रेस यामी गौतम बनीं मां

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 21 मई, 2024 | 8 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 153, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र अपीलः हमारा एक वोट, भारत भाग्य विधाता का साक्षी

क्वालिफायर-1

सनराइजर्स हैदराबाद vs कोलकाता नाइट राइडर्स

समयः रात 7:30 बजे (अमहदाबाद)

न्यूज शॉर्ट्स

सीएम ममता बनर्जी को लीगल नोटिस

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आखिरकार भारत सेवाश्रम संघ के संन्यासी कार्तिक महाराज ने अपने खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कानूनी नोटिस भेजा है। अपने अधिवक्ता के जरिए भेजे गए नोटिस में कार्तिक महाराज ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चार दिन के भीतर माफी मांगने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज करने की चेतावनी दी है।

तीन नए आपराधिक कानूनों वाली याचिका रद्द

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने तीन नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। यह याचिका वकील विशाल तिवारी ने दायर की थी। कोर्ट ने कहा कि यह याचिका कानून लागू होने के पहले ही दाखिल कर दी गई है, जबकि यह कानून एक जुलाई से लागू होने वाले हैं।

अहमदाबाद एयरपोर्ट से चार आतंकी अरेस्ट

अहमदाबाद। गुजरात एटीएस ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से आईएसआईएस के चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। चारों आतंकी श्रीलंका के नागरिक हैं। गुजरात एटीएस फिलहाल चारों आतंकियों को अज्ञात स्थान पर ले गई है और उसने पूछताछ शुरू कर दी है। आतंकी किस इरादे से अहमदाबाद एयरपोर्ट पर आए थे, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। गुजरात एटीएस ने इससे पहले भी एक सीक्रेट ऑपरेशन में ऐसे पांच लोगों को हिरासत में लिया था।

चारधाम यात्रा : 31 मई तक ऑफलाइन पंजीकरण बंद

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्था एवं पेयजल, विद्युत आपूर्ति के संबंध में समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को 31 मई तक ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन पूरी तरह बंद करने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं की संख्या नियंत्रित करने के लिए टूर ऑपरेटर्स के लिए भी एडवाइजरी जारी करने के लिए निर्देशित किया।

ईडी ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 14 दिनों की मांगी

नई दिल्ली। ईडी ने दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दायर कर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 2 जून को सरेंडर करने के बाद 14 दिनों की न्यायिक हिरासत की मांग की है। ईडी ने यह याचिका स्पेशल जज कावेजी बावेजा की कोर्ट में दाखिल की है। अरविंद केजरीवाल एक जून तक अंतरिम जमानत पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा करते हुए 2 जून को सरेंडर करने का आदेश दिया था।

आठ राज्यों की 49 सीटों पर 58% वोटिंग

एजेंसी, नई दिल्ली

देश भर में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव-2024 के पांचवें चरण में सोमवार को छह राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों पर कुल 58 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 73 प्रतिशत, जबकि सबसे कम महाराष्ट्र में 48.88 प्रतिशत मतदान हुआ।

बिहार में 52.55, जम्मू-कश्मीर में 54.21, झारखंड में 63.00, लद्दाख में 67.15, ओडिशा में 60.72 और उत्तर प्रदेश में 57.33 प्रतिशत मतदान हुआ।

इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिशा की पांच, बिहार की पांच, झारखंड की तीन, जम्मू-कश्मीर की एक, लद्दाख की एक सीट शामिल हैं। इस दौरान ओडिशा विधानसभा की 35 सीटों के लिए भी मतदान समाप्त हुआ।

भीषण गर्मी के चलते मतदान केंद्र के बाहर वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता।

पांचवें चरण में 8.95 करोड़ मतदाताओं ने डाले वोट

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 8.95 करोड़ मतदाताओं के लिए 94 हजार से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए थे। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चला। इस चरण में 8.95 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 4.69 करोड़ पुरुष, 4.26 करोड़ महिला और 5409 तृतीय लिंग मतदाता हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 7.81 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता और 100 वर्ष से अधिक आयु के 24,792 मतदाता और 7.03 लाख दिव्यांग मतदाता थे।

पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 73 प्रतिशत मतदान

राज्य	सीटें	प्रतिशत
बिहार	05	52.55
झारखंड	03	63.00
महाराष्ट्र	13	48.88
ओडिशा	05	60.72
उत्तर प्रदेश	14	57.33
पश्चिम बंगाल	07	73.00
जम्मू-कश्मीर	01	54.21
लद्दाख	01	67.15

अब तक 429 सीटों पर संपन्न हुआ मतदान

543 लोकसभा सीटों में 5वें चरण तक 429 सीटों पर मतदान हो गया। अब दो चरणों का मतदान बाकी रह गया है। चार जून को वोटों की गिनती होगी।

दिग्गजों ने डाले वोट

राजनाथ सिंह

पीयूष गोयल

धर्मेंद्र

विद्या बालन

सचिन तेंदुलकर

अक्षय कुमार

जानी-मानी हस्तियों ने किया मतदान

आज बॉलीवुड कलाकारों शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, रेखा, गुलशन ग्रोवर, भूमि पेडनेकर, आमिर खान किरण राव, सुभाष घई, अनुपम खेर, दिव्या दत्ता, सुनील शेट्टी अनिल कपूर, जाह्नवी कपूर, फरहा खान, जोया अख्तर, शाहिद कपूर, गीतकार जावेद अख्तर, शबाना आजमी और राजकुमार राव ने वोट डाले।

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे अपने बेटे आदित्य ठाकरे के साथ वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचे।

हिमाचल में अब 7 :30 बजे खुलेंगे सरकारी स्कूल

राहत : शिक्षा विभाग की तरफ से आदेश जारी, स्कूलों में बच्चों को देने होंगे दो ड्रिंकिंग ब्रेक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में इस बार भीषण गर्मी पड़ रही है। राज्य के कई मैदानी जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। कई जगह लू चल रही है। गर्मी के तल्ख तेवरों को देखते हुए हिमाचल के ग्रीष्मकालीन सरकारी स्कूलों की समय सारिणी में बदलाव किया गया है। अब ये स्कूल सुबह 7:30 बजे खुलेंगे और दोपहर एक बजे छुट्टी दे दी जाएगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग की तरफ से आदेश जारी कर दिया गया है।

निदेशक उच्च शिक्षा डॉक्टर अमरजीत कुमार शर्मा की ओर से जारी आदेश के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और कांगड़ा सहित सोलन के बीबीएन और सिरमौर जिला के नाहन व पांवटा साहिब में भीषण गर्मी का प्रकोप है। इन इलाकों में पारा 45 डिग्री तक पहुंच गया है। इस वजह से इन इलाकों के स्कूली विद्यार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल प्रबंधन कमेटियों (एसएमसी), पीटीए और अभिभावकों ने बच्चों को आ रही परेशानी से शिक्षा विभाग को अवगत करवाया है। इसे देखते हुए ग्रीष्मकालीन स्कूलों में नई समय सारिणी सुबह 7:30 से दोपहर एक बजे तक रहेगी। आदेश में यह भी कहा गया है कि स्कूल टाइमिंग में स्कूलों में दो ड्रिंकिंग ब्रेक होंगे, ताकि बच्चे खुद को तरोताजा रख पाए। जिलों के शिक्षा उपनिदेशकों को ये आदेश तत्काल प्रभाव से लागू करने होंगे।

शिमला में हल्की बारिश लोगों ने ली राहत की सांस

राजधानी शिमला में सोमवार को हल्की बारिश हुई है। ऐसे में लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली है। वहीं अब शिमला में पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ गई है। पर्यटक गर्मी से बचने के लिए राजधानी का रुख कर रहे है। हिल्स क्वीन पर्यटकों से गुलजार हो गई हैं।

होटलों में सोमवार को ऑक्यूपेंसी 50 से 60 प्रतिशत बढ़ गई है। ऐसे में होटल कारोबारियों के भी चेहरे खिल गए हैं। पर्यटक रिज मैदान, कुफरी सहित मालरोड में घूमने का आनंद उठा रहे हैं। शिमला में सैलानियों की भारी संख्या के शिमला के पर्यटन कारोबारी खुश है। पिछले वर्ष जहां पर्यटन सीजन में मंदी के कारण सैलानियों को मायूस होना पड़ा था, तो वहीं इस बार पर्यटन कारोबारी खुश हैं।

कहां कितना तापमान

डिग्री सेल्सियस में

नेरी	43.9
ऊना	43.0
कांगड़ा	39.6
बरठीं	39.4
धौलाकुआं	39.0
सुंदरनगर	38.5
चंबा	37.1
मंडी	37.2
नाहन	37.0
हमीरपुर	36.5
भुंतर	35.5
सोलन	34.0

शिमला के बाल सुधार गृह में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार

हाईकोर्ट का सरकार से जवाब तलब, सुनवाई 24 जून को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने शिमला के हीरानगर स्थित बाल सुधार गृह में बच्चों के मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन की शिकायत पर सोमवार को राज्य सरकार एवं अन्य को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। अब 24 जून को सुनवाई होगी।

मानवाधिकार संरक्षण के लिए कार्यरत संस्था उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. अजय श्रीवास्तव द्वारा चीफ जस्टिस को लिखे पत्र को आपराधिक जनहित याचिका मानकर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक और इसी विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति राकेश कैंथला की बेंच ने इनके अलावा बाल सुधार गृह के अधीक्षक कौशल गुलेरिया एवं तीन कर्मचारियों राहुल (कुक), योगेश (किचन हेल्पर), एवं रोहित (सुरक्षा गार्ड) को भी नोटिस भेजा है।

बच्चे ने आरोप लगाया कि सुधार गृह के अधीक्षक कौशल गुलेरिया अक्सर दफ्तर में शराब के नशे में होते हैं। वह और उनके साथ रसोईया राहुल और रसोई सहायक योगेश भी बात-बात पर बच्चों को बुरी तरह मारते और बहुत गंदी गालियां देते हैं। बच्चे के अनुसार स्टाफ के कुछ लोग ड्रग्स का सेवन भी करते हैं।

विपक्ष के पास न कोई नेता और न कोई नीति : अनुराग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दमदार एवं गतिशील नेतृत्व की बदौलत पिछले 10 वर्षों में भारत की तस्वीर के साथ ही तकदीर भी बदली है। इस अवधि में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है।

इस बार जीत की हैट्रिक के साथ फिर से मोदी सरकार बनने के बाद अगले 3 वर्षों में भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया जाएगा। देश की तस्वीर और तकदीर बदलने का असर बिलासपुर में भी बखूबी नजर आ रहा है। कोठीपुरा में एम्स जैसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान और बंदला में हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज के साथ ही फोरलेन का निर्माण किया गया है। भानुपल्ली-बिलासपुर रेलवे प्रोजेक्ट का काम युद्धस्तर पर चल रहा है, जिससे अब रेल की आहट भी सुनाई देने लगी है।

चुनाव प्रचार अभियान के तहत सोमवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के तहत मंदरीघाट, कुहमझवाड़, बल्हचुराणी, मल्यावर, कंदरौर व बल्ह-भलवाणा में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि विपक्षी गठबंधन में शामिल कांग्रेस समेत अन्य दलों के पास न तो कोई सर्वमान्य नेता है और न ही देश के विकास के लिए उनके पास कोई नीति है। उनकी नीयत भी साफ नहीं है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक व तेलंगाना में एससी, एसटी व ओबीसी का कोटा 5 प्रतिशत कम कर दिया गया।

अब हिमाचल में भी यही तैयारी चल रही है। जिन लोगों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को अपमानित और प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, उनसे एससी, एसटी व ओबीसी के हितों की रक्षा की उम्मीद रखना बेमानी है। आलम यह है कि कांग्रेस सत्ता में आने पर देशवासियों की संपत्ति का सर्वे करवाकर उसका बंटवारा करने की बात कर रही है।

इस लिहाज से जिसकी ज्यादा पत्नियां और बच्चे होंगे, उन्हें दूसरों की संपत्ति पर कब्जा करके उतना ही ज्यादा हिस्सा दे दिया जाएगा। हिमाचल में 2014 और 2019 में चारों सीटों पर भगवा परचम लहराया था। इस बार भी देवभूमि की जनता चारों सीटों पर कमल खिलाकर हैट्रिक का इतिहास बनाएगी।

बिलासपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

बिलासपुर में केंद्रीय मंत्री ने कहा-भारत को अगले तीन वर्षों में विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया जाएगा

बिकने और खरीदने वालों को सबक सिखाएगी जनता: सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांग्रेस के बागियों और भाजपा पर फिर निशाना साधा है। चंबा जिले के चुराह विधानसभा क्षेत्र में कांगड़ा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में आयोजित एक जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार का चुनाव देश और प्रदेश की आने वाली राजनीति को नई दिशा प्रदान करेगा।

कांग्रेस पार्टी के छह विधायकों को भारतीय जनता पार्टी ने खरीदा है तथा यह चुनाव खरीद-फरोख्त की राजनीति को करारा जवाब देने का चुनाव है। प्रदेश की जनता इस बार बिकने वाले विधायकों के साथ-साथ खरीददार पार्टी को भी कड़ा सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायक भी बिके हैं और दूसरी किश्त पाने के लिए अपना इस्तीफा स्वीकार कराने के लिए विधानसभा के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी के पास धनबल नहीं है और जनता की ताकत ही कांग्रेस पार्टी की ताकत है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा की हिमाचल प्रदेश सरकार बनाने की हसरतें अधूरी ही रह जाएंगी।

भाजपा पिछले 15 सालों से कांगड़ा लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करती आ रही है, लेकिन भाजपा के सांसद कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने में नाकाम सिद्ध हुए हैं।

चुनावी सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, साथ हैं अन्य।

अनंत व्यंग्य

खुलासा

प्रवर्तन निदेशालय ने गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट, जांच में कई अनियमितताएं मिलीं

'आप' को 7.08 करोड़ का विदेशी फंड मिला

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को गृह मंत्रालय को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) को साल 2014 से 2022 के बीच विदेशी फंड से 7.08 करोड़ मिले। जांच एजेंसी ने बताया कि पार्टी ने फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट (एफसीआरए), रर्पिजेटेंशन ऑफ पीपल एक्ट (आरपीए) और आईपीसी का उल्लंघन किया है।

'आप' को अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और ओमान सहित कई अन्य देशों से चंदा मिला है।

ईडी को जांच में कई अनियमितताएं मिली हैं। ईडी ने बताया कि व्यक्तिगत लाभ के लिए 'आप' और उसके कई नेताओं द्वारा 2016 में फंड-रेजिंग इवेंट चलाया था और एकत्र किए गए धन की हेराफेरी भी की। ईडी ने आप नेता दुर्गेश पाठक पर भी पैसों की हेराफेरी का आरोप लगाया है। जांच एजेंसी को आम आदमी पार्टी के कई स्वयंसेवकों के मिले ई-मेल से मिले सबूतों के आधार पर आरोप की पुष्टि की है।

जांच में पता चला है कि चंदा देने वालों की पहचान छुपाई गई है। 'आप' को चंदा देने के लिए एक ही पासपोर्ट नंबर, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर और क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल किया है। गृह मंत्रालय को डाटा शेयर कर दी गई है।

'आप' को बदनाम करने की साजिश : आतिशी

ईडी के आरोप पर आम आदमी पार्टी की प्रतिक्रिया आई है। पार्टी नेता आतिशी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि शराब घोटाले और स्वाति मालीवाल प्रकरण में फेल होने के बाद भाजपा अब यह नया मामला लेकर आई है।

अभी आरोपों का सिलसिला चलता रहेगा, क्योंकि भाजपा दिल्ली और पंजाब की सभी 20 सीटें हार रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह ईडी नहीं, भाजपा की कार्रवाई है और 'आप' को बदनाम करने की साजिश है। अगले चार दिनों में कई ऐसे ही गलत आरोप लगाएं जाएंगे।

पुराने सहयोगियों के ई-मेल से मिले सबूत

ईडी ने अनिकेत सक्सेना (आप के ओवरसीज इंडिया के समन्वयक), कुमार विश्वास (तत्कालीन आप ओवरसीज इंडिया के संयोजक), कपिल भारद्वाज (तत्कालीन आप के सदस्य) और दुर्गेश सहित विभिन्न आप स्वयंसेवकों और पदाधिकारियों के बीच किए गए ई-मेल से मिली जानकारी के आधार पर पार्टी पर यह आरोप लगाया है।

हेलिकॉप्टर हादसे में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम की मौत

एजेंसी, तेहरान

ईरान में पांच दिन के राष्ट्रीय शोक का ऐलान

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलिकॉप्टर हादसे में मौत हो गई है। ईरानी मीडिया ने यह जानकारी दी है। रईसी के साथ हेलिकॉप्टर में सवार ईरान के विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियान की भी मौत हो गई है। राष्ट्रपति इब्राहिम की मौत पर ईरान में पांच दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है।

ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने मोहम्मद मोखबर को अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त करने को मंजूरी दी है। भारत सरकार ने एक दिन के राष्ट्रीय शोक का ऐलान किया है।

"ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन से गहरा दुख और सदमा लगा है। भारत-ईरान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार और ईरान के लोगों के प्रति संवेदना। दुख की इस घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है।" -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

अनंत चुनावी बिसात

प्रिय पाठकों के लिए

वोट के लिए आपके मन की बात

लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : *editoranantgyaan @gmail.com* पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबर: 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

चुनावी चुटकी

छोटी सी तो बात थी

लाल झंडे नहीं वे तो काले झंडे थे। अक्सर फैन के दिलों में राज करने वाले कलाकार को लाल झंडे दिखाए जाते हैं, लेकिन यहां काले झंडे दिखाकर इतिहास लिखा गया है? जिनकी एक झलक पाने के लिए लोग बेताब रहते हैं, उनको काले झंडे क्यों दिखाए होंगे? कहीं लोगों को गलती तो नहीं लग गई कि रंग चुनने में धोखा हुआ हो। अगर ऐसा होता तो गो बैक के नारे क्यों लगाए गए होंगे? अब गो बैक उनके लिए ही कहा गया है या किसी दूसरे के लिए, लेकिन अंगना-फंगना न जाने क्या-क्या बोला गया। उससे तो कुछ गड़बड़ नजर आ रही है। नई-नई सियासत सीखने वाले किसी नेता से भी गलती हो सकती है। डायलाग जो लिखा गया हो, कलाकार तो उसको ही पढ़कर बोला है, उसमें उसका क्या कसूर हो सकता है। डायलाग पढ़ने में उनसे गलती पर गलती हो रही हो, लेकिन हिमाचल के लोग तो शालीन हैं। अब शालीन लोग अचानक क्यों इतने भड़क गए कि एक पार्टी की स्टार प्रचारक के लिए गो बैक के नारे लग गए। इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कहीं न कहीं गड़बड़ तो जरूर हुई है। शालीन लोगों के दिल में ऐसी क्या चुभन हो गई कि उसका नुकसान एक सबसे बड़े दल को उठाना पड़ रहा हो। हिमाचल के लोगों के दिल में राज करने वालों की कुछ अलग ही पहचान होगी। लोगों में किसी के प्रति अथाह प्रेम और घृणा दिखाने का अलग-अलग तरीका है। रौनकी ताऊ का कहना है कि अब हिमाचल में काले झंडे दिखाने का मतलब बड़े लोगों को भी समझ आ गया होगा। यह क्यों दिखाए गए होंगे बताने की जरूरत नहीं है। हमारे प्रदेश में जिस नेता को काले झंडे दिखाए गए, उनको इससे कोई फर्क पड़ने वाला भी नहीं है। उन्होंने अपने भाषणों में इतिहास को भी बदला, न जाने कैसी कैसी विवादित प्रतिक्रियाएं भी दी हैं। सुर्खियां बटोरने और ब्रांडिंग का यही तो मुख्य जरिया होता है, जो चर्चित रहे और लोगों के दिलो दिमाग पर छाया रहे वही हिट है। अब कलाकार हीरो हो या विलेन जिसकी कला में दम होता है वह विलेन भी कई दफा हिट हो जाता है। कलाकार के प्रयास तो कम नहीं हैं, लेकिन निदेशक महोदय जरुर पिट गए हैं। **-राजेश शर्मा**

अपने बुने जाल में फंसे नेता

विपक्ष के एक प्रमुख नेता जी अपने ही बुने हुए जाल में फंस चुके हैं। इतने उलझ चुके हैं कि उनको शायद अब बाहर का रास्ता नहीं दिखाई पड़ रहा है। चुनाव के लिए चक्रव्यूह रचा था, लेकिन लाक्षागृह में खुद अटक गए हैं। विरोधियों ने ऐसी रचना रची है कि नेता जी एक संसदीय सीट से बाहर ही नहीं निकल पा रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि उनके सामने अब अपनी पार्टी प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत भी कम पड़ रही है। जीत मिले यह भी तय नहीं है और न ही किसी चमत्कार का आसार है। गलफत में इसलिए थे कि कहीं से कोई लहर आएगी। अब लहर सागर के बीच ही रह गई है। लहर और नाम के डंके को देखते हुए उन्होंने जाल तो बुन डाला, लेकिन लहर भी उल्टी चल पड़ी और हवा भी पहाड़ियों के बीच कहीं गुम हो गई है। उधरद्ध राज्य के एक युवा मंत्री प्रत्याशी बनकर खूब मजे ले रहे हैं और वह चुनाव को आसानी से ले रहे हैं। उनका साथ देने कभी मुख्यमंत्री तो कभी उपमुख्यमंत्री पहुंच रहे हैं। रौनकी ताऊ मानते हैं कि नेता से निदेशक बने महोदय अभी तक अकेले ही एक जगह डटे हुए हैं। ताऊ का कहना है कि अब ऐसे ही हालात रहे तो उनकी राह देख रहे कई दूसरे प्रत्याशियों की नाव मझधार में रह जाएगी। अब सत्ता की लालसा में व्यक्ति कभी कभी उल्टा दांव चल बैठता है। हालत ऐसे हैं कि नेता जी के सिर मुंडवाते ही ओले पड़े हैं।

डेढ़ साल में कुछ नहीं किया इसलिए मुद्दों से भाग रही कांग्रेस: जयराम

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी के द्रंग और जोगिंद्रनगर में आयोजित जनसभा में कहा कि डेढ़ साल के कार्यकाल में कांग्रेस के पास बताने के लिए कुछ भी नहीं है। इसलिए वह मुद्दों के बजाय इधर-उधर की बात कर रही है। प्रदेश के लोग कांग्रेस द्वारा प्रदेश की नारी शक्ति, युवाओं, किसानों बागवानों के साथ हुए धोखे को नहीं भूले हैं। आने वाले समय में कांग्रेस को जवाब देने के लिए तैयार बैठे हैं।

उन्होंने कहा कि आपदा के समय केंद्र सरकार ने हिमाचल की सुक्खू सरकार को हजारों करोड़ की मदद आपदा प्रभावितों के लिए दी थी, जिससे आपदा में नुकसान उठाने

जोगिंद्रनगर में पूर्व सीएम जयराम ठाकुर व कंगना रनौत का स्वागत करते लोग।

वालों को राहत मिल सके, लेकिन असली आपदा प्रभावित पटवारी का इंतजार कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस के नेताओं के लेटर पैड पर काम करने वालों को बिना एक डंगा गिरे भी लाखों रुपए मिल गए। इस मौके पर उनके साथ कंगना रनौत, स्थानीय विधायक, स्थानीय नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। उन्होंने कंगना को भारी से भारी मतों से जिताकर दिल्ली भेजने का आग्रह किया।

इस बार चुनावों में जनबल की जीत धनबल की हार होगी: रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान, कोटखाई

हिमाचल में लोकसभा व 6 विधानसभा उपचुनाव में जनबल की जीत और धनबल की हार होगी। कोटखाई क्षेत्र के दरकोटी (गाजटा), निहारी, नगर पंचायत कोटखाई व हुल्ली में आयोजित बैठकों में शिक्षा मंत्री व शिमला लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी रोहित ठाकुर ने अपने संबोधन में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों के चलते सेब बागवानी पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि 2014 में भाजपा ने सेब पर आयात शुल्क को 100 प्रतिशत करने की बात की थी। इसके विपरीत इसे पहले घटाकर 50

कोटखाई में कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

प्रतिशत किया फिर घटाकर 35 प्रतिशत कर दिया। आज 44 देशों से सस्ते दामों पर सेब आयात हो रहा है, जिससे सीए स्टोर में रखे सेब की कीमत में भारी गिरावट हुई है।

उन्होंने कहा कि सांसद सुरेश कश्यप के पिछले पांच वर्षों में दर्शन दुर्लभ रहे। इस दौरान शिमला लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने सुरेश कश्यप को घेरते हुए कहा कि जनता ने क्षेत्र की आवाज उठाने के लिए संसद भेजा था इसके विपरीत सांसद संसद की 35 बैठकों में नदारद रहे।

मोदी सरकार ने महिलाओं को दिया 33 प्रतिशत आरक्षण: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान, बड़ा

केंद्र की मोदी सरकार ने नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए महिला विधेयक बिल पास करके महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करके नया इतिहास रचा है। यह बात केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के लोकसभा क्षेत्र हमीरपुर के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कस्बा बड़ा में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि इससे पहले हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश की पंचायतीराज संस्थाओं में महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की थी। यही कारण है कि आज प्रदेश की पंचायतों में 50 प्रतिशत महिलाएं पंचायती विकास कार्यों को करवा रही हैं।

अनुराग ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार जिन गारंटियों को लेकर प्रदेश की सत्ता पर काबिज हुई थी, अब उन्हें लागू करने से मुकर रही है। इस लिए इसका नाम कांग्रेस सरकार की बजाय मुकर सरकार होना चाहिए। यह सरकार प्रदेशवासियों के साथ

हमीरपुर के बड़ा में जनसभा को संबोधित करते अनुराग सिंह ठाकुर।

छलावा कर के प्रदेश की सत्ता पर काबिज हुई है। प्रदेशवासी इसके लिए कांग्रेस सरकार को कभी भी माफ नहीं करेंगे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है।

बोले- मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा देश

प्रधानमंत्री मोदी ने आपके लोकसभा क्षेत्र को एम्स जैसी बड़ी सौगात दी है। अब हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लोगों को उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ के चक्कर नहीं काटने पड़ते हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेसी नेता प्रधानमंत्री मोदी की छवि को धूमिल करने के लिए तरह-तरह की भ्रांतियां फैला रहे हैं, लेकिन देश की जनता ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है।

इस दौरान भाजपा नेत्री वंदना योगी ने भी लोगों से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की लोगों से अपील की।

पिता का तिरस्कार करने वाले को अनुराग ने लगा लिया गले: रायजादा

कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा की जनसभा में उपस्थित कार्यकार्ता।

अनंत ज्ञान, भरेड़ी

लोकसभा क्षेत्र मंडी के साथ अब हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में नेताओं के बयानों से सियासी पारा चढ़ने लगा है। संसदीय क्षेत्र हमीरपुर से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर तीखा जुबानी हमला बोला है। चुनाव जीतने के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पिता को बुरा कहने वाले को गले लगा लिया। आखिर महज चुनाव जीतने के लिए क्या इतना गिरना जरूरी है।

भोरंज विधानसभा क्षेत्र में पट्टा, खरवाड़, टूह, शमु ताल, भलवाणी, पल्ही, बडैहर, दलालड़, कैहरवीं इत्यादि चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर यह निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वह फौजी के बेटे हैं। यदि उनके पिता के मान-सम्मान को किसी ने ठेस पहुंचाई होती तो वह कभी ऐसे नेता को गले नहीं लगाते। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल एक बुजुर्ग होने के नाते पूजनीय है, जिस व्यक्ति ने धूमल को मंच से भला-बुरा कहा उसे महज चुनावों में जीत के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गले लगा लिया। उन्होंने कहा कि बिके हुए नेता चुनाव नहीं जिताते हैं। चुनाव जनता के बूते जीते जाते हैं।

मोदी सरकार के दस साल में टूटे भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड: प्रेम कौशल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

चुनावी बेला में चुनाव प्रचार जोरों पर है और हमारे प्रधानमंत्री धुंआधार चुनाव प्रचार कर रहे हैं, जगह-जगह भाषण दे रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि प्रधानमंत्री पद की गरिमा की मर्यादा लांघ गए हैं। आज जितने भी प्रधानमंत्री रहे, उन्होंने राजनीति करते हुए कभी प्रधानमंत्री पद की मर्यादा और सीमा को पार नहीं किया। यह बात प्रदेश मुख्य प्रवक्ता प्रेम

पत्रकारों को संबोधित करते प्रेम कौशल।

कौशल ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड टूटे हैं।

केंद्र की योजना से देश भर में बने 4 करोड़ घर: सुरेश कश्यप

अनंत ज्ञान, राजगढ़

शिमला संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने पच्छाद विधानसभा के पझौता क्षेत्र में जनसंपर्क प्रवास किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनावों में शिमला लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत को सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर सांसद के साथ पूर्व राज्य सहकारी बैंक के

भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप का अभिवादन करते लोग।

चेयरमैन व भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन ठाकुर, पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रीना कश्यप ने भी लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में सांसद ने सभी पार्टी सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए जनता से आगामी लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्थन मांगा। सांसद ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा स्वयं के पिछले 5 वर्षों के कार्यकाल में शिमला संसदीय क्षेत्र में किए गए अनेक विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक-एक पंचायत में अनेक घर बने हैं और पूरे देश में गरीबों के लगभग 4 करोड़ घर बने हैं।

भाजपा नेताओं पर हमला, कांग्रेस में हार की बौखलाहट: राजीव बिंदल

सोलन में आयोजित बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल व अन्य पदाधिकारी।

सोलन । लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र के काजा में जो घटना हुई है वह सिर्फ निंदनीय ही नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी का सोचा समझा षड्यंत्र है। यह प्रतिक्रिया प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सोलन में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एंव नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर दो चुनाव के उम्मीदवारों कंगना रनौत और रवि ठाकुर के साथ काजा पहुंचते हैं। एसडीएम और डीसी को पूर्व में लिखित सूचना देने के बावजूद कांग्रेस लोगों को वहां पर ही सभा करने की इजाजत दे दी गई, जो स्थान भारतीय जनता पार्टी के लिए दिया गया था, उसके बिलकुल दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर उस स्थान की परमिशन दी, जहां पर नेता प्रतिपक्ष जनसभा करने जा रहे थे और परिणाम भी उसी प्रकार का हुआ। वहीं, भाजपा शिमला संसदीय क्षेत्र की बैठक का आयोजन बाय पास रोड पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने की। उनके साथ संसदीय क्षेत्र प्रभारी पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी, राजीव सहजल, प्रदेश महामंत्री डॉ सिकंदर कुमार, सुरेश भारद्वाज और प्रदेश पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य पीएम नरेंद्र मोदी की नाहन रैली को लेकर रहा ।

सुजानपुर के युवाओं को रोजगार दिलाना प्राथमिकता: रणजीत राणा

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन रणजीत राणा ने विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न नुक्कड़ सभाओं में अपने संबोधन में कहा कि वह विकास की राजनीति के लिए सुजानपुर में चुनाव लड़ रहे हैं और इस विकास का सूत्रधार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बनेंगे।

रणजीत राणा ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा में उनकी प्राथमिकता सुजानपुर के युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध करवाना रहेगी। सुजानपुर अस्पताल को और भी बढ़िया तरीके से बनाना, सुजानपुर शहर को विकसित करना, टौणी देवी में कॉलेज को समय सीमा के अनुसार पूर्ण करवाना। इसके अलावा जो भी

कांग्रेस प्रत्याशी कै. रणजीत राणा समर्थकों के साथ।

जनता किसी भी प्रकार का विकास कार्य बताएगी उसको मुख्यमंत्री के सहयोग से पूर्ण करवाया जाएगा। कैप्टन रणजीत ने कहा कि इस बार धनबल हारेगा और जनबल जीतेगा। उन्होंने जनता से मेरी अपील की कि विकास की राजनीति को चुने।

सेना के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध मोदी सरकार: डॉ. राजीव भारद्वाज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज का चुनावी अभियान जोरों पर है। सोमवार को उन्होंने कांगड़ा क्षेत्र में तकरीबन एक दर्जन चुनावी कार्यक्रमों में भाग लिया व अपने पक्ष में समर्थन मांगा। अपने चुनावी अभियान में उन्होंने पिछले एक दशक में केंद्र सरकार द्वारा किए गए एतिहासिक कार्यों को लोगों के बीच रखा।

उन्होंने कहा की भाजपा जो कहती है वह करती है। धारा 370, राम मंदिर भाजपा के बड़े संकल्प थे, जो कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सेना के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. राजीव भारद्वाज ने अपनी चुनावी सभाओं के दौरान लोगों से संवाद करते हुए

भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज समर्थकों के साथ।

कहा की कांग्रेस और इसके गठबंधन के लोग सनातन विरोधी है। उन्होंने 70 वर्षों तक राम मंदिर निर्माण कार्य को लटकाए रखा साथ ही समाजवादी पार्टी जिन्होंने सैकड़ों निहत्थे राम भगतों पर गोलियां चला कर उनकी हत्या की।

जितना प्रताड़ित करना है करो, सच्चाई की ही होगी जीत: देवेंद्र कुमार भुट्टो

बंगाणा। राज्य सरकार मुझे और मेरे बेटे को चाहे जितना मर्जी प्रताड़ित कर ले। जीतने मर्जी झूठे केस बना ले, लेकिन सच्चाई को कभी ठुकराया नहीं जा सकता है, जिस मामले से हमें माननीय हाईकोर्ट से क्लीन चिट मिल चुकी है। उस मामले की दोबारा प्रथिमिकियां दर्ज की जा रही है और कौन इसके पीछे मेरे परिवार को प्रताड़ित करने में लगा है, इसे कुटलैहड़ की जनता भली प्रकार से जानती है। जितना मुझे प्रताड़ित करोगे, उतनी ज्यादा मजबूती मुझे जनता प्रदान करेगी। बंगाणा एवं कुटलैहड़ में जनसंपर्क अभियान में देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि जो लोग कभी वार्ड पंच नहीं बन सके और जिन्हें कुटलैहड़ की जनता ने सात बार हराकर इतिहास रचा है, वह मुझ से प्रश्न कर रहे हं, लेकिन डंके की चोट पर चार जून के परिणाम उन्हें चौकाएंगे।

सियासत बागी विधायकों से नाराज बीजेपी का कुनबा चल रहा अलग 'चाल', कोर बैठकों में भी हो रही सुगबुगाहट

'एक वोट सीएम एक पीएम' नारे पर कांग्रेस-भाजपा की नजरें

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

'एक वोट सीएम एक पीएम' क्या यह नारा उपचुनाव में अंदर ही अंदर कांग्रेस के लिए संजीवनी बन रहा है। इसकी चर्चा अब खूब होने लगी है। कांग्रेस के नेताओं के अंदर तो इसकी चर्चा हो ही रही है। भाजपा की कोर बैठकों में भी इसकी सुगबुगाहट सुनी जा रही है।

दरअसल में हमीरपुर जिले की राजनीति पिछले कई सालों से काफी संवेदनशील रही है। अब क्योंकि मुख्यमंत्री खुद इस जिला से ताल्लुक रखते हैं और भाजपा का एक वर्ग मुख्यमंत्री के साथ ऑपरेशन लोटस को लेकर संवेदना भी जताते हैं। कारण यही है कि यहां पर भाजपा का यह अलग कुनबा जिले में सीएमशिप को लेकर कई चीजों को अनुभव कर चुका है और उसको आधार बनाकर अब इन चुनावों में नए सिरे से बुनियाद रख रहा है। उसके पीछे के कारण बहुत खास हैं। क्योंकि एक-दूसरे के लिए इसका राजनीतिक उपयोग होता रहा है।



संवेदनशील रहती है हमीरपुर की राजनीति

ऑपरेशन लोटस में सुजानपुर, बड़सर और हमीरपुर के बागी विधायकों की जो भूमिका रही है, उसको लेकर जिले की भाजपा राजनीति में इस नारे की गूंज अंदर खाते खूब फल फूल रही है। हालांकि भाजपा के नेता इस मामले को लेकर साफ तौर पर तो किसी तरह की भनक न लगे ऐसी रणनीति पर चल रहे हैं, लेकिन राजनीति के अंदरूनी हिस्से में गुटबाजी का प्रभाव या नफे-नुकसान को लेकर जो कुछ चलता है, उसका सभी को पता है और यही इन चुनावों में हो भी रहा है। जिले की इस राजनीति में कई चीजे दोनों ही भाजपा और कांग्रेस के लिए भविष्य की राजनीति को लेकर सवाल भी खड़े कर रही हैं। खुद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह विधानसभा क्षेत्र से लोकसभा चुनाव के मामले में यदि कांग्रेस को बढ़त मिलने में कोई कंजूसी होती है, तो फिर सवाल कई खड़े होंगे। इसलिए 'एक वोट सीएम एक पीएम' के नारे के लिए भाजपा और कांग्रेस की भीतरी राजनीति पर असर भी पड़ सकता है।

खैर जो भी हो, जिले की राजनीति में यह खास नारा चुनावी राजनीति में जहां-जहां अपना असर दिख रहा है, उसे लेकर किसी को भी किसी से सवाल जवाब करने की जरूरत नहीं है। सब कुछ इशारों इशारों में ही धरातल बन चुका है। अब देखना यही है कि इसका प्रभाव गुणवत्ता के आधार पर किस करवट बैठेगा? क्योंकि भाजपा के भीतर भी ऐसी गतिविधि पर नजर रखने वालों की कमी नहीं है। कांग्रेस के अंदर भी इसकी जो चर्चा पहले पहले हुई है, उसकी रिपोर्ट दिल्ली दरबार तक पहुंच चुकी है।

अब यह खास नारा फलीभूत होगा या फिर औपचारिकता साबित होगा। इसका पता तो आने वाले दिनों में ही चल पाएगा।

(अनंत ज्ञान)

'सब समाज को लिए साथ में आगे बढ़ते जाना' यही मेरा लक्ष्य : राजीव भारद्वाज

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने इस बार डॉ. राजीव भारद्वाज को चुनावी मैदान में उतारा है। वह बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसवक संघ से जुड़ गए थे। उसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व भाजयुमो से जुड़ने के बाद भाजपा में शामिल हुए। यहां भाजपा के जीतने की कितनी संभावना है और चुनावी रैलियों और जनसभाओं में पार्टी प्रत्याशी को क्षेत्र की जनता का कितना समर्थन मिल रहा है, इसे लेकर 'अनंत ज्ञान' की रिपोर्टर रीत वशिष्ट ने उनसे विशेष बातचीत की...

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव इंटरव्यू

सवाल : आप लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए हैं। संघ से आपने क्या सीख ली?

जवाब : मैं तो स्कूल के समय से ही संघ के साथ जुड़ गया था। यहां मुझे समर्पण, राष्ट्रवाद, निस्वार्थ भाव से देश सेवा करना जैसे संस्कार मिले। समाज में प्रचलित कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाना, उनके उन्मूलन के लिए काम करना, ये सब बातें मैंने संघ में रहकर ही सीखीं। जब कॉलेज में गया तो एबीवीपी से जुड़ गया। परिषद का मानना है कि छात्र कल का नहीं, बल्कि आज का नेता है। समाज में जो भी घटित हो रहा है, एक विद्यार्थी को इसके बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। समाज में व्याप्त समस्याओं के उन्मूलन के लिए संघर्ष करना, सड़कों पर उतरना, ये सब मैंने विद्यार्थी परिषद में रहकर सीखा है। इसके बाद में भाजयुमो में शामिल हो गया और उसके बाद भाजपा का कार्यकर्ता बना गया।

सवाल: कांगड़ा से पार्टी ने आपको टिकट दी। जिनको टिकट नहीं मिली, उनको साथ लेकर कैसे चलेंगे?

जवाब: टिकट किसे देनी है और किसे नहीं, यह तो पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने ही तय करना होता है। कांगड़ा से टिकट किसे दिया जाए, इसको लेकर पार्टी पांच-छह लोगों के नाम पर मंथन कर रही थी। जब तक टिकट फाइनल नहीं हुआ था, तब तक सभी टिकट के दावेदार अपना-अपना प्रयास कर रहे थे। जब मुझे टिकट दे दिया गया तो सभी लोग पार्टी के फैसले के साथ हो गए। टिकट मिलने के बाद मैं स्वयं भी टिकट की चाह रखने वाले सभी नेताओं के घर गया। सभी ने मुझे पूरा समर्थन देने की बात कही है। सभी एकजुट होकर पार्टी के लिए काम कर रहे हैं।

सवाल: कांग्रेस नेता बोले रहे हैं कि भाजपा राम के नाम पर वोट मांग रही है। इस पर आपकी क्या प्रतिक्रिया है?

जवाब: हमारे अराध्य श्रीराम 500 वर्षों तक टेंट में एक बंद ताले में रहे। सर्दी हो या गर्मी, वे सबकुछ सहते रहे। कांग्रेस ने तुष्टिकरण के चलते इस मामले को कभी नहीं सुलझाया और करोड़ों हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ जारी रखा। लेकिन मोदी सरकार ने बिना किसी खून-खराबे के सभी की सहमति से रामलला का भव्य मंदिर बनाकर उसका उद्घाटन भी कर दिया। भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास' मूलमंत्र पर यकीन रखती है। वहीं, कांग्रेस के पास अब कहने और करने को कुछ नहीं है, इसलिए यह पार्टी ऐसे मुद्दे उठा रही है। रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में तो कांग्रेस नेताओं को भी बुलाया गया था, लेकिन वे नहीं आए। जनता इसका जवाब चुनाव में जरूर देगी।

सवाल : कांगड़ा में क्या इस बार ब्राह्मण फैक्टर काम करेगा?

जवाब: देखिए... राजनीति में सब फैक्टर काम करते हैं। जहां तक मेरी बात है तो मैं तो हर समाज और हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने में विश्वास रखता हूं। मैं तो संघ का स्वयंसेवक हूं और संघ का एक गीत है 'सब समाज को लिए साथ में आगे बढ़ते जाना' और मैं इसी पर आगे बढ़ रहा हूं। आपने अभी आनंद शर्मा के हवाई नेता होने वाली बात कही तो देखिए मैंने कभी उन्हें ऐसे शब्द नहीं बोले। सच्चाई तो यह है कि एक पत्रकार ने मुझे कहा था कि कांग्रेस वाले बोल रहे हैं कि भाजपा प्रत्याशी तो जमीन है और कांग्रेस के प्रत्याशी आसमान, तब मैंने उनसे कहा था कि कांग्रेस नेता सच्च बोल रहे हैं। मैं एक जमीन से जुड़ा हुआ व्यक्ति हूं। इससे ही जुड़कर काम करूंगा। जहां तक आसमानी नेता की बात है तो जनता ऐसे लोगों को आसमान के रास्ते ही वापस भेज देती है। जनता तो जमीन से जुड़े लोगों को ही सम्मान देती है।

सवाल: इस बार मोदी मैजिक चलेगा या राजीव मैजिक?

जवाब: ये चुनाव देश के चुनाव हैं और देश के प्रधानमंत्री भाई नरेंद्र मोदी हैं। उन्होंने 10 साल तक बिना किसी स्वार्थ के देश की सेवा की है। ऐसे में मोदी मैजिक तो चलेगा ही। उन्होंने 10 वर्ष तक जितने भी काम किए हैं, उनका रिपोर्ट कार्ड जनता के पास लेकर जाना हमारा काम है। 2014 से पहले देश में कांग्रेस की सरकार थी। मनमोहन सिंह तो नाम के ही प्रधानमंत्री थे। सरकार को तो कोई और ही चला रहा था। एक नहीं, बल्कि दो से तीन सुप्रीम पावर थीं। लेकिन भाजपा सरकार में ऐसा कुछ नहीं है। मोदी ही प्रधानमंत्री हैं और वह ही सुप्रीम पावर भी। अगले पांच साल तक वह ही देश का नेतृत्व करने वाले हैं।

कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...

स्वयं रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ-साथ सुगम ऋण व्यवस्था होनी चाहिए। स्वयं रोजगार उपलब्ध कराने का सरकारें दावा करती हैं, लेकिन ऋण लेने के लिए युवाओं को भटकना पड़ता है। चुनाव में समर्थन भी उसको दिया जाएगा, जो युवाओं के हित पर बात करेगा। हर बार चुनाव के समय कई वादे किए जाते हैं, लेकिन हार बार वादों को पूरा नहीं किया जाएगा।
शेर सिंह राणा, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र।

आम व्यक्ति को रोटी कमाकर ही मिलेगी, कोई भी नेता नहीं देगा। नेता जीत जाने के बाद पूंजीपतियों के ही काम करते हैं। आम लोगों को अपनी बात बताने के लिए लाइनों में लगना पड़ता है। जो उम्मीदवार हैं वह इस बातों को ध्यान में रखें और इस पर अमल भी करें। ताकि लोकतंत्र की हत्या न हो सके।
विशाल राणा, संसदीय क्षेत्र हमीरपुर।

जिस तरह नौकरी के लिए डिग्री और टेस्ट रखे गए हैं, वैसे ही नेता के लिए भी डिग्री आवश्यक योग्यता हो। सांसद नेता जो कोई भी हो पढ़ा-लिखा हो, जो जीतने के बाद जनता के बीच काम करे। ऐसा नहीं की जीत हासिल करने के बाद सीधा वोट मांगने ही आए।
पंकज धीमान, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र।

देश में महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है, गरीब किसान भी दर दर कि ठोकरें खाने को मजबूर है। सांसद ऐसा हो जो युवाओं को रोजगार और गरीब किसानों के हित में कार्य कर उनकी समस्याओं को सुनें और केंद्र से अच्छी योजनाओं को गरीब किसानों के लिए लाए। साथ ही बढ़ती महंगाई की ओर भी ध्यान दें और इसको कम करने की दिशा में कार्य करें।
नोता राम, मंडी संसदीय क्षेत्र।

भारत में मुफ्तखोरी का महादौर चल रहा है। देखा-देखी में बड़े राजनीतिक दल इसे ज्यादा प्रोत्साहन दे रहे हैं। इन सभी प्रयासों पर लगाम लगाने के लिए हमारे सांसद संकल्प लें। वे स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पाद मुहैया करवाने में भी प्रयास करें।
रजनी शर्मा, मंडी संसदीय क्षेत्र।

हमें सांसद की सीट के लिए उस व्यक्ति को चुनना चाहिए जो जनता के बीच जाए और लोगों की बातें ध्यान से सुने। गांव का विकास व युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराए। सरकाघाट क्षेत्र में बड़ा अस्पताल, सरकारी क्षेत्र में डे बोर्डिंग स्कूल और एयरपोर्ट का निर्माण करवाया जाए।
मोहिंद्र गुलेरिया, मंडी संसदीय क्षेत्र।

हमारी बात कोई नेता नहीं सुनता है। हम ऐसे नेताओं को वोट दे देते हैं, जो हमसे मिलने भी नहीं आते हैं। हम चाहते हैं कि नेता वह बने जो आम लोगों के साथ मिल बैठकर चर्चा करे और विकास को लेकर सोचता हो। आज के दौर में पढ़े-लिखे युवाओं को राजनीति में आने की जरूरत है। सभी लोगों को मतदान करना चाहिए।
सुनील कुमार, तंगरोटी

जिन मंदिरों में जा रही कंगना, उनकी करवानी होगी सफाई : विक्रमादित्य

कहा- मेरे परिवार पर आरोप लगाने की बजाय पीएम मोदी को कुर्सी छोड़ने को बोले

अनिल शर्मा, मंडी

मंडी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने द्रंग विधानसभा क्षेत्र के तहत टकोली में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि आज कंगना जिन-जिन मंदिरों में जा रही है, उन मंदिरों की साफ-सफाई करवानी होगी। देव नीति व देव संस्कृति का हवाला देते हुए कहा कि कंगना के खान-पान को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की बातें हो रही हैं, उससे देव समाज व देव नीति के लोग आहत हैं। देव नीति के विपरीत कई तरह के प्रहार कर देव समाज को कलंकित करने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। कंगना हमारे परिवार पर निजी आरोप लगा रही है।

मेरे पिता जनता के आशीर्वाद से 6 बार प्रदेश के सीएम बने हैं। यदि उनमें इतनी हिम्मत है तो हमारे परिवार पर निजी तौर पर आरोप लगाने की बजाय पीएम मोदी को भी कुर्सी छोड़ने को कहे। पीएम मोदी भी कई सालों तक गुजरात के सीएम रहे हैं और अब 74 वर्ष की उम्र में तीसरी बार पीएम बनने का सपना देख रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

चुनाव नजदीक आते ही भाजपा प्रत्याशी का बिगड़ा मानसिक संतुलन

विक्रमादित्य ने द्रंग विधानसभा क्षेत्र के टकोली, शिवा बदार, कटौला और भ्यूली में जनसभाएं कीं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे मतदान नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे कंगना का मानसिक संतुलन बिगड़ता जा रहा है। उन्हें अब आराम की जरूरत है। जो कुछ डायलॉग उन्हें बोलने थे, वह बोल चुकी हैं। अब स्क्रिप्ट खत्म हो चुकी है और उनका पैकअप का काम भी शुरू हो गया है। वह मंडी लोकसभा के चुनावों में एक विजन के साथ लोगों के बीच जा रहे हैं, जबकि भाजपा की प्रत्याशी अपना कोई भी विजन नहीं बता रही हैं। वहीं, पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने इस बार प्रदेश के युवा व अनुभवी नेता को चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने लोगों से विक्रमादित्य सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया।

जयराम बताएं कि मंडी के लिए क्या किया

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर मंडी की जनता को बताएं कि उन्होंने अपने कार्यकाल में मंडी को क्या कुछ नया दिया। मंडी में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा बनाने की बड़ी-बड़ी बातें कहीं, लेकिन सब हवाहवाई साबित हुई हैं।

हम हर महिला को देंगे 18 हजार

विक्रमादित्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र ने तो दस साल पहले सबको 15-15 लाख देने का वादा किया था और आज तक यह वादा पूरा नहीं हुआ है। प्रदेश सरकार हर महिला को 1500 रुपए सरकार दे रही है और साल में 18 हजार रुपए हर महिला को मिलेंगे।

विक्रमादित्य बहनों का मान सम्मान करना सीखें: कंगना

माता-पिता के नाम के बिना वोट मांगेंगे, तो जब्त होगी जमानत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

भाजपा की मंडी लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत ने सोमवार को लाहौल-स्पीति के काजा उपमंडल में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैंने बौद्ध धर्म की शिक्षा ली है। महामहिम दलाईलामा से विजयी भव का आशीर्वाद लेकर आई हूं। सभी धर्मों का सम्मान करती हूं। विरोधी बिना मतलब के हो हल्ला कर इसे मुद्दा बना रहे हैं। सीएम पर सुखविंद्र सुक्खू पर हमला करते हुए कहा कि वह पूरी तरह तानाशाह बन बैठे हैं। भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर को प्रताड़ित करके क्या साबित करना चाहते हैं। स्पीति की जनता बहुत समझदार है और सब जानती है। कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य बहनों का मान-सम्मान करना सीखें। विक्रमादित्य माता-पिता के नाम के बिना वोट मांगेंगे तो उनकी जमानत जब्त हो जाएगी। कांग्रेस के कुछ नेता जनजातीय क्षेत्रों में लोगों के ऊपर भद्दी टिप्पणियां करते हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समाज के खोए हुए गौरव को पुनः लौटाने का काम किया है।

सीएम सुक्खू पूरी तरह से तानाशाह बन बैठे

विक्रमादित्य कर रहे अनाप-शनाप बयानबाजी

कंगना ने कहा कि विक्रमादित्य मुझे बड़ी बहन कहते हैं, लेकिन अनाप-शनाप बयानबाजी करते हैं। उनके पिता स्व. वीरभद्र सिंह ने मुझे हिमाचल के हीरा पुरस्कार से सम्मानित किया था। वह मेरा हौसला बढ़ाते थे। वीरभद्र होते तो विक्रमादित्य को जयराम व मुझसे माफी मांगने को कहते। प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी ने देश की सीमाओं पर बसे क्षेत्रों के विकास में अहम भूमिका निभाई है, जिसके लिए पिछले दस वर्षों में सीमावर्ती क्षेत्रों के जीवन को सरल बनाने के लिए केंद्र सरकार ने हर पहलू को छूने का प्रयास किया है।

मोदी को मिल रहे जनसमर्थन और अपनी हार से घबराई कांग्रेस हिंसा पर उतर आई : जयराम

काजा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत और विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी रवि ठाकुर और अन्य नेताओं के ऊपर कांग्रेस की ओर से किया गया हमला अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। देश और प्रदेशभर में प्रधानमंत्री मोदी को मिल रहे अपार जनसमर्थन से कांग्रेस हतोत्साहित है और इस तरह के कायराना कृत्य पर उतर आई है। प्रदेश के लोग देवभूमि की बेटी के खिलाफ हुए इस कायराना हमले को कभी माफ नहीं करेंगे। लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस को जवाब मिल जाएगा। इस पूरे मामले को भाजपा चुनाव आयोग के सामने रखने के साथ कानूनी पहलुओं पर विचार करेगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करेगी।

अपमान करने वाले को जनता देगी जवाब : जग्गी

लोगों को संबोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी ने रविवार को धर्मशाला के विभिन्न क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व विधायक ने जनता का अपमान किया है, उसका हिसाब लेने का समय आ गया है।

बिकाऊ पूर्व विधायक बंदूकधारियों को लेकर जनता से वोट मांग रहे हैं, उन्हें जनता से किस बात का खतरा है। लोगों के सीने पर बंदूकें तान कर आशीर्वाद नहीं मिलता, बल्कि लोगों को गले लगाने से मिलता है। उन्होंने सोमवार को सकोह, पल्लन, खजांची मौहल्ला, नोडरानी मंदिर चतेड़, शीला चौक, कस्बा नरवाणा व नड्डी सहित विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं कीं। लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री सुक्खू का आशीर्वाद उन पर है और धर्मशाला के विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। स्मार्ट सिटी, आईटी पार्क, ओबीसी भवन सहित विभिन्न विकास कार्यों का जिक्र करते हुए जग्गी ने कहा कि इन कार्यों को प्राथमिकता के तौर पर पूर्ण किया जाएगा। जग्गी की रविवार को आयोजित नुक्कड़ सभाओं के दौरान करीब 45 लोग भाजपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए है। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरभजन सिंह भज्जी, पूर्व प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण, रक्कड़ पंचायत प्रधान इंदू बाला आदि मौजूद रहे।

कहा- सुधीर बंदूकें तानेंगे और मैं जनता को गले लगाऊंगा

मतदान का संदेश

स्वीप टीम ने चाह का डोहरा में लोगों को मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

जागरूकता अभियान

स्वीप टीम ने सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के रिस्सा, चौरी और कन्योहल में लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

तानाशाह सीएम के रूप में जाने जाएंगे सुक्खू : लखनपाल

एसके ठाकुर, बिझड़ी

भाजपा के प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को इतिहास में एक तानाशाह व असफल मुख्यमंत्री के रूप में जाना जाएगा। उनकी तानाशाही के चलते सरकार में विधायकों से लेकर मंत्री तक प्रताड़ित होते रहे।

प्रदेश की जनता ने उन्हें पूरा जनमत दिया और हमीरपुर की जनता ने उन्हें चुनकर चार विधायक दिए थे, लेकिन सुक्खू ने विधायकों की सदस्यता रद्द कर जनता के इस जनादेश का अपमान किया है। आज जो उपचुनाव प्रदेश पर थोपे गए हैं, वह तानाशाही का ही परिणाम है। विधायकों के निष्कासन में इतनी जल्दबाजी क्यों दिखाई। विधायकों ने कोई भी ऐसा गैरकानूनी काम नहीं किया था, जिसके चलते उनकी सदस्यता को रद्द किया जाता। हमने तो केवल अपने मताधिकार का प्रयोग हिमाचल के हित में किया था। मित्रों की सरकार चलाने के लिए सीएम विधायकों को अपने रास्ते का कांटा समझते थे और इस रास्ते के कांटे को हटाने के लिए उन्होंने हमारी सदस्यता रद्द की। (अनंत ज्ञान)

कहा- मित्रों की सरकार चलाने के लिए की सदस्यता रद्द

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए लाहड़ी गांव के लोगों के साथ इंद्रदत्त लखनपाल।

बड़सर की जनता मांग रही जवाब

जनता जानना चाहती है कि सुक्खू सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कौन सी खुशी में इस्तीफा दिया था और बाद में कौन सी डील हो गई, जिसके चलते इस्तीफा वापस ले लिया। सीएम जवाब दें कि विकास खंड कार्यालय में कर्मचारी, बिझड़ी में अस्पताल का निर्माण, बड़सर में बस अड्डे निर्माण को क्यों कदम नहीं उठाए। इस दौरान पंचायत के लाहड़ी गांव में दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा का दमन थामा।

जनसभा भाजपा प्रत्याशी ने साधा निशाना, मुख्यमंत्री के पास नहीं 15 महीने की कोई उपलब्धि

सुक्खू झूठ बोलने का तोड़ रहे पुराना रिकॉर्ड: राणा

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

पूर्व विधायक और सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुक्खू से पहले जितने भी मुख्यमंत्री रहे हैं, उनके नाम कोई न कोई उपलब्धि जुड़ी है। वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू झूठ की फैक्टरी चलाने वाले मुख्यमंत्री के नाम से मशहूर हो रहे हैं, क्योंकि सुबह से शाम तक केवल झूठ ही बोलते हैं। हर रोज झूठ बोलने का अपना ही पुराना रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। 15 महीने की कोई उपलब्धि मुख्यमंत्री के पास बताने के लिए नहीं है इसलिए उनके झूठ की कैसेट ही उनकी हर जनसभा में बजती है।

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में नुक्कड़ सभा के दौरान लोगों के साथ भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा।

प्रदेश सरकार ने गारंटियों के नाम पर जनता को ठगा

सुक्खू झूठी गारंटियों पर कोई बात नहीं करते, क्योंकि उन्हें मालूम है कि उनकी सरकार ने गारंटियों के नाम पर जनता को ठगा है। जनता का अपमान करने में भी कोई कसर बाकी नहीं रखते, क्योंकि उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में 97 प्रतिशत हिंदू विचारधारा को हराकर सत्ता में आई है।

विकास में रोड़ा अटकाने वाले मुख्यमंत्री के रूप में जाना जाएगा

सुजानपुर के विकास में रोड़ा अटकाने वाले मुख्यमंत्री के रूप में सुक्खू को जाना जाएगा और सुजानपुर के साथ भेदभाव करने के लिए 1 जून को यहां की जनता सुक्खू को करारा जवाब देने के लिए तैयार बैठी है। राजेंद्र राणा लगातार अपने प्रचार को धार दे रहे हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू की कार्यप्रणाली के खिलाफ अत्यंत आक्रामक रूप भी अपना रखा है।

ध्यायतो विषयान्पुंसः
सङ्गस्तेषूपजायते।
सङ्गात्संजायते कामः
कामात्क्रोधोऽभिजायते॥

भावार्थ : श्रीकृष्ण कहते हैं कि हे अर्जुन, विषयों अथवा कामनाओं के बारे में लगातार सोचते रहने से मनुष्य के मन में उस वस्तु के प्रति आसक्ति उत्पन्न हो ही जाती है। आसक्ति से कामना और तृष्णा अर्थात उस वस्तु को पाने की ईच्छा उत्पन्न हो जाती है।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 21 मई 2024

मृत्यु को देख सिद्धार्थ के मन में उत्पन्न हुआ वैराग्य

श्री बुद्ध जयंती 23 मई

भगवान बुद्ध को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। भगवान बुद्ध, बौद्ध धर्म के संस्थापक रहे। बुद्ध पूर्णिमा को बौद्ध धर्म के अनुयायियों के अतिरिक्त हिंदू धर्म को मानने वाले भी बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। ऐसे में वैशाख माह की पूर्णिमा बौद्ध धर्मांबियों और हिंदुओं के लिए सबसे पवित्र एवं विशेष पर्व होता है। गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व का माना गया है। बुद्ध जो सिद्धार्थ थे और एक श्रमण थे जिनकी शिक्षाओं पर बौद्ध धर्म का प्रचलन है। बुद्ध का जन्म लुंबिनी में इक्ष्वाकु वंशीय क्षत्रिय कुल के राजा शुद्धोधन के घर में हुआ है। इनकी माता का नाम महामाया था। बुद्ध के जन्म के सातवें दिन बाद इनकी माता का निधन हो जाता है, इसके पश्चात इनका लालन पालन महाप्रजापती गौतमी ने किया। बुद्ध के जन्म का नाम सिद्धार्थ था, लेकिन जब इन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई, तो यह बुद्ध कहलाए। अपनी अथक साधना के पश्चात बोध गया

बोधि वृक्ष के नीचे हुई ज्ञान की प्राप्ति, तप कर कहलाए भगवान बुद्ध

बिहार में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई, तब से यह सिद्धार्थ गौतम से भगवान बुद्ध कहलाए। गौतम गोत्र में जन्म लेने के कारण इन्हें गौतम भी कहा गया। कहा जाता है की सिद्धार्थ के जन्म समय एक ऋषि ने यह भविष्यवाणी की थी कि या तो यह बालक महान राजा बनेगा या फिर एक महान तपस्वी जो विश्व का कल्याण करने वाला और मार्गदर्शक होगा। तब राजा शुद्दोधन बहुत चिंतित हुए और उन्होंने सिद्धार्थ को राज भवन की सीमा के भीतर ही रखने का निर्णय किया। सिद्धार्थ का विवाह यशोधरा के साथ हुआ। पिता शुद्धोधन द्वारा सिद्धार्थ को सभी प्रकार की सुख सुविधाएं प्रदान की गई थी। उन्हें जीवन में किसी भी दुख का सामना न करना पड़े ऐसी कोई भी स्थिति इनके समक्ष कभी भी घटित न हो पाए, इस बात का पूर्ण ध्यान रखा जाता था। वैभवशाली और समस्त भोगों से युक्त महल में सिद्धार्थ अपनी पत्नी यशोधरा के साथ रहे, जहां उन्हें पुत्र संतान की प्राप्ति हुई जिसका नाम राहुल रखा गया। इन सभी चीजों के बावजूद भी सिद्धार्थ के मन में सदैव एक अस्थिरता मौजूद रहती थी। उनमें करुणा और दया की अनुभूति बहुत गहन थी। वह सभी पर एक प्रकार का भाव रखते थे। जीवन और उसके अस्तित्व के प्रति उनके मन में हमेशा ही चिंतन चलता रहता था। एक दिन सिद्धार्थ ने एक वृद्ध और नगर में एक व्यक्ति की मौत को देखा तो उनके मन में वैराग्य उत्पन्न हो गया और वह अपनी पत्नी यशोधरा और छोटे बच्चे राहुल को छोड़ कर ज्ञान प्राप्ति के लिए निकल पड़े और अंत में बुद्ध भगवान बन गए।

श्री छिन्नमस्तिका जयंती कल

मां ने अपना मस्तक काटकर बुझाई सहचरियों की प्यास

भारतवर्ष में छिन्नमस्तिका जयंती 22 मई को मनाई जाएगी। छिन्नमस्तिका देवी को मां चिंतपूर्णी के नाम से भी जाना जाता है। देवी ने चंडी का रूप धारण कर दैत्यों को परास्त करके देवों को विजय दिलवाई। युद्ध में देवी की सहायक योगिनियां अजया और विजया की रुधिर पिपासा शांत नहीं हो पाई, तो मां ने अपना मस्तक काटकर अपने रक्त से उनकी रक्त प्यास बुझाई, जिस कारण माता को छिन्नमस्तिका नाम से भी पुकारा जाने लगा। जहां देवी छिन्नमस्तिका का निवास होता है, वहां पर चारों ओर भगवान शिव का स्थान होता है। मान्यता है कि छिन्नमस्तिका भगवती भवानी अपनी दो सहचरियों के संग मंदाकिनी नदी में स्नान कर रही थी। इस दौरान दोनों सहचरियों को बहुत तेज भूख लगी। भूख की पीड़ा से उनका रंग काला हो गया, तब सहचरियों ने भोजन के लिए भवानी से कुछ मांगा। भवानी के कुछ देर प्रतीक्षा करने के लिए कहा। तत्पश्चात सहचरियों ने नम्रतापूर्वक अनुरोध किया कि मां तो भूखे शिशु को अविलंब भोजन प्रदान करती है ऐसा सुनते ही भवानी ने अपने खड्ग से अपना ही सिर काट दिया। कटा सिर उनके बाएं हाथ में आ गिरा और तीन रक्तधाराएं बह निकली। दो धाराओं को उन्होंने सहचरियों की और प्रवाहित कर दिया, जिन्हें पा कर दोनों तृप्त हो गई। तीसरी धारा जो ऊपर की प्रवाहित हो रही थी, उसे देवी स्वयं पान करने लगी। तभी से वह छिन्नमस्तिका के नाम से विख्यात हुई है।

आज श्रीनृसिंह जयंती पर विशेष

श्रीनृसिंह भगवान ने किया हिरण्यकशिपु का संहार

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को श्रीनृसिंह जयंती मनाई जाती है। इस बार यह जयंती 21 मई को है। पौराणिक कथा अनुसार भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार लेकर दैत्यों के राजा हिरण्यकशिपु का वध किया था। इस दिन व्रत करके श्रीनृसिंह की मंदिर में पूजा की जाती है। भक्त प्रहलाद की रक्षा करने के लिए भगवान विष्णु ने नृसिंह रूप में अवतार लिया और दैत्यों का अंत कर धर्म की रक्षा की। नृसिंह अवतार में भगवान विष्णु ने आधा मनुष्य व आधा शेर का शरीर धारण करके दैत्यों के राजा हिरण्यकशिपु का वध किया था। आदि काल में कश्यप नामक ऋषि हुए उनकी पत्नी का नाम दिति था। दिति के दो पुत्र हुए, जिनमें से एक का नाम हरिण्याक्ष तथा दूसरे का हिरण्यकशिपु रखा। हिरण्याक्ष को भगवान श्रीविष्णु ने पृथ्वी की रक्षा के लिए वाराह रूप धरकर मार दिया। अपने भाई की मृत्यु का प्रतिशोध लेने के लिए हिरण्यकशिपु ने सहस्त्रों वर्षों तक कठोर तप किया, तदोपरांत ब्रह्माजी ने उसे अजेय होने का वरदान दिया। वरदान प्राप्त करके उसने स्वर्ग सहित सभी लोकों पर अधिकार कर लिया। हिरण्यकशिपु अहंकार से युक्त प्रजा पर अत्याचार करने लगा। इसी दौरान हिरण्यकशिपु की पत्नी कयाधु ने एक पुत्र को जन्म दिया, जिसका नाम प्रह्लाद रखा गया। प्रह्लाद अपने पिता के अत्याचारों का विरोध करता था। प्रह्लाद का मन हटाने और उसमें अपने जैसे दुर्गुण भरने के लिए हिरण्यकशिपु ने बहुत प्रयास किए, नीति-अनीति सभी का प्रयोग किया, किंतु प्रह्लाद अपने मार्ग से विचलित न हुआ, तब उसने प्रह्लाद को मारने के षड्यंत्र रचे, मगर वह सभी में असफल रहा। इस बातों से क्षुब्ध हिरण्यकशिपु ने उसे अपनी बहन होलिका की गोद में बैठाकर जिंदा ही जलाने का प्रयास किया। होलिका को वरदान था कि अग्नि उसे नहीं जला सकती परंतु जब प्रह्लाद को होलिका की गोद में बिठा कर अग्नि में डाला गया तो उसमें होलिका तो जलकर राख हो गई किंतु प्रह्लाद को कुछ नहीं हुआ। तब हिरण्यकशिपु ने प्रह्लाद से पूछा कि बता, तेरा भगवान कहां है। इस पर प्रह्लाद ने विनम्र भाव से कहा कि प्रभु तो सर्वत्र हैं, हर जगह व्याप्त हैं. क्रोधित हिरण्यकशिपु ने कहा कि क्या तेरा भगवान इस स्तंभ में भी है। प्रह्लाद ने हां कहा। तब हिरण्यकशिपु ने खंभे पर प्रहार किया। खंभे को चीरकर श्रीनृसिंह भगवान प्रकट हुए और हिरण्यकशिपु की छाती को नखों से फाड़ डाला और उसका वध कर दिया।

वैशाख पूर्णिमा 23 मई

वैशाख पूर्णिमा पर करें दान पुण्य मिलेगा सहस्त्र गोदान का फल

यदि संपूर्ण वैशाख माह के नियमादि न कर पाएं, तो वैशाख पूर्णिमा के दिन पूजा उपासना एवं दान कर लेने से ही सहस्त्र गउओं के दान करने जितना फल प्राप्त होता है। एक महीने से चला आ रहा वैशाख स्नान एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का समापन इस पूर्णिमा के अवसर पर होता है। सभी स्थानों जो भी आध्यात्मिक स्थल हैं वहां पर इस अवसर पर बहुत बड़े स्तर पर पूजा-अर्चना एवं यज्ञ-हवन किए जाते हैं और वैशाख माह की समाप्ति का समय पूर्ण होता है। स्कंद पुराण, भविष्य पुराण इत्यादि में वैशाख पूर्णिमा और इस तिथि के बारे में भी बताया गया है। इस दिन गंगा में स्नान करने की बहुत ही महत्ता बताई गई है। इसके अलावा पवित्र धार्मिक स्थलों प्रयाग राज त्रिवेणी में स्नान करने की बात कही गई है। नदी सरोवरों में स्नान करने के पश्चात सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है उसके बाद दीपक जलाए जाते हैं और दान इत्यादि का विशेष महत्व है। धर्मराज के निमित्त आज के दिन प्रसाद बांटा जाता है। ऐसा करना गोदान के समान फल देने वाला कहा गया है।

गुड़ या तिल का करें दान

वैशाखी पूर्णिमा के दिन कलश भर कर गुड़ या तिलों का दान किया जाए, तो वह दान पूर्व जन्मों के पापों का नाश करता है। अनजाने में हुए गलत कर्मों से मुक्ति दिलाने वाला बनता है। वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर श्री विष्णु की प्रतिमा के सामने घी का चौमुखी दीपक प्रज्वलित करना चाहिए। इसके अलावा गाय के घी से भरा हुआ पात्र, नारियल, तिल को पूजा में रखने से कष्टों का निवारण होता है। मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। इस दिन तिल के तेल का दीपक तुलसी के पौधे के सामने भी जलाना चाहिए।

हर क्षण नारायण का जाप करते रहते हैं देवर्षि नारद

श्रीनारद जयंती 25 मई

देव, दानव और मानव में बराबर सम्मान, धरती के पहले पत्रकार

देवर्षि नारद ब्रह्माजी के मानस पुत्र हैं और लोक कल्याण की दृष्टि से यह तीनों लोकों में भ्रमण करते रहते हैं। प्रति क्षण नारायण का जाप करते हुए वीणा बजाते रहते हैं। सृष्टि आरंभ से ही देवर्षि नारद का देव दानव और मानव में सम्मानीय स्थान है। यह प्रत्येक जीव के कल्याण के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। दानव भी इनका सम्मान करते हैं, ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं जिसमें देवर्षि नारद दानवों का भी उचित मार्गदर्शन करते हैं। बिना किसी राग द्वेष के देवर्षि नारद सबके कल्याण के लिए विचरण करते रहते हैं। वर्तमान समय में इन्हें धरती का पहला पत्रकार भी कहा जाता है। देवर्षि तीनों लोकों में संवाद स्थापित कर असंख्य जीवों का कल्याण अपनी बुद्धि और विद्धता से कर चुके हैं। मनुष्य इनकी भगवान नारद के रूप में पूजा करता है। देवर्षि नारद सभी लोकों में कभी भी आ जा सकते हैं, इनके लिए सबसे द्वार सदा ही खुले रहते हैं। देवर्षि नारद ने लोक कल्याण की दृष्टि से भक्ति के ऐसे आयाम स्थापित किए हैं, जिनका कर्णद्वार से सेवन कर मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है। भगवान श्रीविष्णु, शिव और ब्रह्माजी को देवर्षि नारद बहुत प्रिय हैं। ब्रह्माजी ने इन्हें संगीत की शिक्षा प्रदान की, इनकी महाभागवत के रूप में पूजा होती है। इन्होंने अनेक ऐसे कार्य किए, जिनका आज भी गायन किया जाता है। श्रीलक्ष्मी का विवाह विष्णुजी के साथ होना, भगवान शिव का देवी पार्वती से विवाह संपन्न करवाना, वाल्मीकि को रामायण रचना की प्रेरणा देना। व्यासजी से भागवत की रचना करवाना आदि अनके कार्य इनके द्वारा संचालित करवाए गए हैं।

-अनिल शर्मा, नौबाही मंडी।

न्यूज ब्रीफ

खुद आग बुझाने में जुट गए रेंज ऑफिसर

धर्मशाला। अधिकारियों का कर्तव्य के प्रति सर्मपण ही किसी राष्ट्र को महान बनाता है और विभागों के कई युवा अधिकारी इस समर्पण भाव को निभाते भी हैं। इसी तरह का उदाहरण युवा आरओ सुमित शर्मा ने आग बुझाने के लिए खुद पहुंच कर पेश किया। प्रदेशभर में जंगलों में आग के मामलों में सबसे आगे चल रहे धर्मशाला मंडल के तहत चड़ी के साथ लगते जंगल में लगी आग को तीसरे दिन बुझाया जा सका। वहीं दूसरी ओर सतोवरी के साथ के जंगलों में आग लगने का मामला सामने आया है। इस दौरान वन तथा अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के साथ रेंज अधिकारी सुमित शर्मा खुद आग बुझाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार सोमवार को इस आग पर काबू पाया गया। बताते चलें कि प्रदेश में आए कुल 462 में से 124 मामले अकेले धर्मशाला वन वृत्त से ही सामने आए हैं। ऐसे में यहां युवा अधिकारी आग बुझाने के साथ वन विभाग के कर्मियों में ऊर्जा भरने के लिए खुद आग बुझाने में जुट गए हैं।

पठानकोट के रिजर्व जंगल में लगी आग

पठानकोट। सरना-भीमपुर रोड पर गुलपुर, अमन-गुजरा के पास 324 एकड़ में फैला रिजर्व जंगल रविवार को एक बार पुनः भयंकर आग की लपटों में जलने लगा। 7 मई को भी इस रिजर्व जंगल में आग लगी थी। रविवार दोपहर को जंगल में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने पेड़ पौधों को अपनी चपेट में ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए पठानकोट से दमकल विभाग की गाड़ियां बुलाई गई, मगर उन्हें वहां पर पहुंचने में भी काफी समय लग गया और आग ने कई एकड़ जंगल को राख कर दिया। पूर्व सरपंच करतार चंद, दलजीत कुमार ने वन विभाग से जंगल को आग से बचाने की मांग की है।

बड़ोह के जंगल में फिर भड़कीं लपटें

नगरोटा बगवां। चंगर क्षेत्र बड़ोह के आसपास सोमवार को जंगलों में लगी आग ने पुनः भयंकर रूप धारण कर लिया जो कि महाविद्यालय परिसर के पास पहुंच गई। कॉलेज प्रशासन द्वारा स्थानीय प्रशासन तथा दमकल विभाग को भी सूचित किया गया। कॉलेज प्रशासन ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। इस विनाशकारी रूप को देखकर स्थानीय लोगों एवं कॉलेज प्रशासन द्वारा यह महसूस किया गया कि इस क्षेत्र में अग्निशामक दल केंद्र स्थापित करने की अति आवश्यकता है ताकि आग से नष्ट होने वाली वन संपदा तथा जानमाल की हानि को बचाया जा सके।

ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ठगी

धर्मशाला। साइबर थाना धर्मशाला के अंतर्गत लाखों रुपए की धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ऊना जिला के घनारी निवासी से शातिरों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर टेलीग्राम ऐप के माध्यम से 1376627 रुपए की ठगी कर ली। शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना साइबर धर्मशाला में मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। उधर, एएसपी साइबर प्रवीण धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

लेखक अनुज आचार्य को साहित्य रत्न सम्मान

बैजनाथ। क्षेत्र की अग्रणी एवं प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था शेष साहित्य सदन पपरोला ने रविवार को शेष अवस्थी की पुण्य स्मृति में आयोजित वार्षिक कवि सम्मेलन में स्तंभकार एवं लेखक अनुज आचार्य को मनोहर शर्मा सागर पालमपुरी लोक साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया। उन्हें स्वामी विवेकानंद की तस्वीर भी भेंट की। लेखक अनुज आचार्य ने संस्था के संस्थापक एवं हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय साहित्यकार शक्ति चंद राणा और संस्था से जुड़े सभी साहित्यकारों द्वारा उन्हें सम्मानित करने के लिए हार्दिक आभार एवं अभिनंदन किया।

देहरा में मारपीट का मामला दर्ज

देहरा। पुलिस थाना देहरा के तहत गुर्ल में बीना देवी, मेहर चंद व विजय कुमार ने संजीव कुमार इसकी पत्नी किरण वाला व दिव्यांश का रास्ता रोककर इनके साथ लड़ाई झगड़ा, मारपीट व गाली गलौज किया। शिकायत के पुलिस थाना देहरा में आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 504, 34 के तहत दर्ज किया गया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

दाड़ी में कल बंद रहेगी बिजली

धर्मशाला। विद्युत उपमंडल-2 धर्मशाला के कार्यकारी सहायक अभियंता अभिषेक कटोच ने बताया कि 22 मई बुधवार को विद्युत लाइनों के सामान्य रख-रखाव के चलते 11 केवी दाड़ी फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों बड़ोल, मेला ग्राउंड दाड़ी, गबली दाड़ी, लोअर दाड़ी, डीएच होटल व साथ लगते क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

मंचकुंड महादेव में रक्तदान शिविर 23 को

डाडासीबा। सांई ब्लड डोनेशन संस्था द्वारा मंचकुंड महादेव नंगल धियोरी में 23 मई को रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। शिविर का समय सुबह 10 से दोपहर 2:30 बजे तक होगा। आप भी इस रक्तदान का हिस्सा बनें आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी को नया जीवन दे सकता है।

54 शिकायतों में से 52 का किया निपटारा

धर्मशाला। जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि निष्पक्ष तथा शांतिपूर्वक निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित की जा रही है। सोमवार को एनआईसी के सभागार में निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने बताया कि सी-विजिल ऐप के तहत निर्वाचन से संबंधित कांगड़ा जिला में अब तक 27 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनका निर्धारित समय के भीतर निपटारा सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहित के उल्लंघन को लेकर 54 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिसमें 52 शिकायतों का निपटारा किया गया है तथा दो शिकायतों पर कार्रवाई चल रही है।

बेहतरीन काम करेंगे आनंद शर्मा: संजय

धर्मशाला। कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के लिए कांग्रेस ने एक ऐसे व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया है जो पूर्व में केंद्रीय मंत्री रहे हैं। वह देश में बनने वाली कांग्रेस गठबंधन की सरकार में उच्च पद पर होंगे और इस क्षेत्र के लिए बेहतरीन कार्य करेंगे। कांग्रेस पार्टी किसानों, मजदूरों, कामगारों, युवाओं एवं महिलाओं सहित विभिन्न सामाजिक वर्गों की हितेषी है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में ऐसी योजनाएं हैं जो सभी वर्गों के उत्थान के लिए बनाई गई हैं। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव संजय कपूर ने धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूरी तरह फेल रही है। अपने चुनाव प्रचार में भाजपा एक भी योजना का जिक्र नहीं कर रही।

प्रदेश में दावानल के 462 मामले, कांगड़ा में सबसे ज्यादा

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

प्रदेश में एक ओर जहां गर्मी का पारा चढ़ा हुआ है तो अब तक के फायर सीजन के दौरान प्रदेश के वन वृत्तों में दावानल के सबसे ज्यादा मामले धर्मशाला वन वृत्त में सामने आए हैं।

धर्मशाला वन वृत्त में दावानल के सर्वाधिक 124 मामले सामने आए हैं। धर्मशाला वन वृत्त के तहत वन मंडल धर्मशाला, वन मंडल नूरपुर तथा वन मंडल पालमपुर सहित कुल तीन वन मंडल आते हैं। इसमें जंगलों में

धर्मशाला वन मंडल में सबसे ज्यादा घटनाएं

आग लगने के कुल 124 में से सबसे ज्यादा मामले धर्मशाला वन मंडल के तहत दर्ज किए गए हैं। वहीं पूरे प्रदेश में वनों में आग के कुल 462 मामले सामने आए हैं। वन विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार बिलासपुर वन वृत्त में दावानल के 34, चंबा वन वृत्त में 14, कुल्लू में 2, हमीरपुर वन वृत्त में 88, मंडी वन वृत्त में 68, नाहन वन वृत्त में 66, रामपुर वन वृत्त में 8, शिमला वन वृत्त में 16 और सोलन वन वृत्त में 36 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा वाइल्ड लाइफ सेंचूरी नॉर्थ में दावानल के 2 तथा वाइल्ड लाइफ सेंचूरी साऊथ में 4 मामले सामने आए हैं। प्रदेश में दावानल के कुल 462 मामलों में चीड़ तथा देवदार समेत दूसरी प्रजातियों के हजारों छोटे पेड़ स्वाह हुए हैं तथा कई बड़े पेड़ भी झुलसे हैं। इससे वन विभाग को करोड़ों का नुकसान हुआ है। वहीं असंख्य वन्य जीव-जंतुओं तथा पक्षियों की जिंदगी भी इस दावनाल ने लील ली है। प्रदेश में दावानल के मामले लगातार बढ़ रहे हैं तथा जगलों में आग लगने का क्रम लगातार जारी है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है यह मामले अभी भी और बढ़ सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

क्या कहते हैं रेंज ऑफिसर

धर्मशाला वन मंडल के रेंज ऑफिसर सुमित शर्मा ने बताया कि धर्मशाला वन वृत्त में प्रदेशभर में जंगलों में आग लगने के सबसे ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। धर्मशाला वन मंडल में ही दावानल के सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि आग लगने के मामलों की सूचना तुरंत वन विभाग को दें ताकि दावानल से होने वाले नुकसान को रोका जा सके।

वाहन को मारी टक्कर, दो घायल

लंबागांव। पुलिस थाना लंबागांव के तहत पेट्रोल पंप हलेड़ के पास मोटरसाइकिल नंबर एचपी 56-9097 के चालक अतुल कुमार कुटाहण ने तेज रफ्तारी व लापरवाही से चलाते हुए अपनी मोटरसाइकिल से गाड़ी नंबर एचपी 56-7945 को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटरसाइकिल चालक अतुल कुमार व पीछे बैठे निखिल रणौत निवासी जयसिंहपुर घायल हो गए। इस संदर्भ में पुलिस थाना लंबागांव में भारतीय दंड संहिता की धारा 279, 337 के तहत दर्ज किया गया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

ऑल्टो कार से 15 पेटी अवैध शराब बरामद

अनंत ज्ञान, जवाली

जिला पुलिस नूरपुर ने नशा माफिया पर अपनी पैनी नजर रखी है और पुलिस की पैनी नजर में माफिया का बचना मुश्किल हो गया है। आचार संहिता में शराब सप्लाई का धंधा जोरों पर है। नशा व शराब माफिया के खिलाफ छेड़े गए अभियान के तहत पुलिस चौकी कोटला के अधीन पुलिस टीम ने वाहनों की चेकिंग के दौरान कोटला में एक ऑल्टो कार नंबर एचपी 54 सी 3338 की चेकिंग की तो उसमें 15 पेटी देसी शराब बरामद की गई। आरोपी की पहचान अवनीश कुमार पुत्र देवराज निवासी सोलधा, तहसील जवाली के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने की है।

उन्होंने बताया कि कोटला में वाहनों की चेकिंग के दौरान एक गाड़ी से 15 पेटी देसी शराब बरामद की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस थाना जवाली में एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि नशा माफिया को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

धर्मशाला में शराब पकड़ी

धर्मशाला। पुलिस थाना धर्मशाला के तहत बडोई में राहुल कुमार निवासी पधर से 5,250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

चौगान चौक में दुकान से शराब जब्त

बैजनाथ। पुलिस थाना बीड़ के तहत चौगान चौक के पास संतोष कुमार निवासी कोटली की दुकान से 4,500 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इसको लेकर पुलिस थाना बीड़ में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

देर रात सड़कों पर डटे ऑफिसर 60 हजार रुपए की नकदी पकड़ी

लोकसभा चुनाव के चलते जिलेभर में पुलिस ने बढ़ाई रात्रि गश्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

प्रदेश में चुनावों को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। मतदान के नजदीक आने के साथ पुलिस ने रात्रि गश्त को बढ़ा दिया है तथा चुनावों को प्रभावित करने को लेकर किसी भी अवैध लेन-देन तथा कृत्य को लेकर आला अधिकारी खुद डट गए हैं। इसी कड़ी में रविवार रात को कांगड़ा जिला के बड़े पुलिस अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभाला।

इस दौरान कांगड़ा में नकदी पकड़े जाने का मामला भी सामने आया है। जिला पुलिस कप्तान एसपी कांगड़ा ने पालमपुर क्षेत्र के तहत नगरी में स्टेटिक सर्विलांस टीम के साथ वाहनों की जांच की। उधर कांगड़ा बाईपास में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेश लखनपाल की अगुवाई में नाकाबंदी की गई। इस दौरान घुरकड़ी निवासी व्यक्ति की कार से 60400 रुपए की नकदी बरामद की गई। इसको लेकर पुलिस जांच कर रही है। शाहपुर के बनोल चौक में एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने खुद मोर्चा संभाला तथा इस दौरान गुजरने वाले वाहनों की गहन जांच की गई। डीएसपी धर्मशाला निशा कुमारी ने धर्मशाला के घरोह तथा खनियारा में नाकाबंदी की अगुवाई की और इस दौरान वाहनों की जांच की गई। पालमपुर के चढ़ियार चौक में डीएसपी पालमपुर लोकेंद्र नेगी ने मौजूद रह कर नाकाबंदी का जायजा लिया।

रात्रि गश्त के दौरान वाहनों की जांच करते पुलिस अधिकारी।

अवैध लेनदेन को लेकर पुलिस सतर्क

जिला पुलिस प्रवक्ता एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस चुनावों को प्रभावित करने वाले किसी भी अवैध लेनदेन पर रोक लगाने के लिए स्टेटिक सर्विलांस टीम के साथ सतर्क है। उन्होंने बताया कि रविवार रात को कांगड़ा में एक कार से 60400 रुपए की नकदी बिना किसी दस्तावेज के पकड़ी गई है तथा मामले की जांच की जा रही है।

डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने नगरोटा बगवां, बगली तथा सेराथाना में स्टेटिक सर्विलांस टीम के साथ नाकाबंदी को अंजाम दिया तथा आवागमन करने वाले वाहनों की जांच की। डीएसपी ज्वालामुखी आरपी जसवाल ने ज्वालामुखी क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहनों से नकदी आदि की जांच की। डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने देहरा क्षेत्र में स्टेटिक सर्विलांस टीम के साथ नाकाबंदी को अंजाम दिया।

अवैध खनन पर 2,62,200 रुपए जुर्माना वसूला

अनंत ज्ञान टीम, जवाली/नूरपुर

जिला पुलिस नूरपुर द्वारा अवैध खनन के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस जिला नूरपुर के क्षेत्राधिकार में जिला पुलिस नूरपुर की टीमों ने विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन में शामिल 15 वाहनों को जब्त कर चालान किए हैं। इनमें 4 जेसीबी, 1 पॉकलेन, 4 टिप्पर तथा 6 ट्रैक्टर शामिल हैं। पुलिस ने अवैध खनन में शामिल 9 आरोपियों से कुल 2,62,200 रुपए जुर्माना वसूल किया है जबकि 6 चालानों को आगामी कार्रवाई के लिए न्यायालय में भेजा है। इसके अलावा मुकाम चक्की खड्ड में अवैध खनन में शामिल 2 जेसीबी, 1 टिप्पर व 1 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। इस संबंध में थाना नूरपुर में अवैध खनन मे शामिल अनिल शर्मा पुत्र कृष्ण चंद शर्मा, नरेश कुमार पुत्र जीत राम, रजत पुत्र बक्शीश व करण पुत्र खिन्नु राम के विरुद्ध अभियोग संख्या 125/24 धारा 379,37 आईपीसी तथा खनन अधिनियम के अधीन पंजीकृत किया गया है। भविष्य में भी अवैध खनन के विरुद्ध जिला पुलिस नूरपुर का अभियान जारी रहेगा। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

सिद्धपुर, प्रेई, परसेल, कुठार एवं भेरू में प्रचार के दौरान बोले विधायक

भाजपा ने किए झूठे वादे: पठानिया

अनंत ज्ञान, शाहपुर

कांगड़ा-चंबा कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सिद्धपुर, प्रेई ,परसेल,बज्रेड, कुठार, नरेटी, भेरू, चुरथा, मच्छयाल में नुक्कड़ सभाएं करके वोट मांगे। पठानिया ने कहा कि भाजपा ने झूठे वादे कर देश की जनता को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के चार सौ सीटें जीतने के बड़े-बड़े दावे उसके अहंकार को दर्शाते हैं, जो कि मतदाता का अपमान है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर वर्ष दो करोड़ नौकरियां देने का वादा भी हवा हवाई हो गया है। वादे करना भाजपा का रिवाज बन गया, लेकिन कांग्रेस पार्टी जो वादे करती है उसे पूरी तरह निभाती भी है। लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा क्षेत्र में विकास को सामान गति दी जाएगी। कांग्रेस ने आनंद शर्मा के रूप में एक मजबूत प्रत्याशी दिया है जो कांगड़ा-चंबा की आवाज को सदन में मजबूती से उठाने की क्षमता रखते हैं। पठानिया ने कहा कि कांग्रेस के लिए वोट देने का मतलब है एक बेहतर भारत के लिए वोट देना है। मोदी ने बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन दस साल बाद, ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने या उनकी सरकार ने उन वादों को पूरा करने के लिए कोई प्रयास ही नहीं किया। एएसपी धर्मचंद वर्मा ने की है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

प्रचार के दौरान मंच पर मौजूद विधायक केवल सिंह पठानिया व अन्य।

महिला से 10 ग्राम चिट्टा बरामद

इंदौरा। पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत थाना डमटाल के अंतर्गत गांव छन्नी बेली में नशा तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। इसमें राधा रानी पत्नी सुभाष चंद्र निवासी छन्नी बेली तहसील इंदौरा के मकान से छापेमारी के दौरान 10 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। इस पर थाना डमटाल में आरोपी महिला पर 21/61/85 के तहत मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। ज्ञात रहे कि महिला के परिवार पर पहले भी कई मादक पदार्थ के मुकदमे दर्ज है। इसकी पुष्टि एएसपी धर्मचंद वर्मा ने की है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

शिव मंदिर की लिफ्ट ट्रॉली टूटी, दो लोगों की मौत

अनंत ज्ञान, जवाली

पौंग बांध घाटी में स्थित शिव मंदिर की लिफ्ट ट्रॉली टूटने से उसमें सवार चार लोगों में दो की मौत हो गई। वहीं इस दौरान दो व्यक्ति गंभीर घायल हुए। जानकारी के अनुसार पौंग बांध में स्थित शिव मंदिर में रविवार शाम करीब पांच बजे चार श्रद्धालु मंदिर में माथा टेकने के लिए आए। इस दौरान उन्होंने शिव मंदिर को सामान ढोने वाली लिफ्ट ट्रॉली का प्रयोग किया। जब ट्रॉली मंदिर के आधे रास्ते तक पहुंची तो इस दौरान लिफ्ट टूट गई। लिफ्ट के टूटने से काफी ऊंचाई पर मंदिर होने की वजह से लिफ्ट काफी स्पीड में वापस आ गई व रैंप के टकराने से उसमें सवार चारों लोग नीचे गिर गए। इस दौरान पति दिनेश बहल व उनकी पत्नी सोनिका बहल गंभीर रूप से घायल हो गए जिनकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। वहीं उनका बेटा शुभल बहल व एक अन्य व्यक्ति राजबीर गंभीर घायल हो गए जिनका प्रणव अस्पताल मुकेरियां में इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही संसारपुर टैरस चौकी इंचार्ज एसआई संजय शर्मा व टीम ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया व शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

बसें न रूकने पर किया रोष प्रदर्शन

पठानकोट। पठानकोट की तहसील धारकलां के अंतर्गत आते गांव नलोह में रविवार को कंडी विकास मोर्चा के अध्यक्ष ओमप्रकाश मघर सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बंद पड़े सरकारी बसों के रूटों को लेकर पंजाब रोडवेज व प्रशासन के खिलाफ जमकर रोष प्रदर्शन किया। गांव नलोह में रोष प्रदर्शन करते हुए कंडी विकास मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश मघर सिंह के अलावा संदीप शर्मा, संजीव शर्मा, अनिल शर्मा, बांदा, साहिल शर्मा, रूप लाल बीन्स, ममता देवी, रीता देवी, रितु देवी, शिवानी देवी, बलवंत सिंह आदि ने बताया कि धार ब्लॉक पंजाब सरकार द्वारा धार ब्लॉक के मार्गों पर सरकारी बसें बंद करने के कारण बच्चों को धारकलां बधानी आदि स्कूलों के अलावा पठानकोट में कॉलेजों, आईटीआई कॉलेज आदि में पढ़ने जाने के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जो बसें पठानकोट-डलहौजी-चंबा-बकलोह आदि को चलती हैं वे हमारे बस स्टॉप पर नहीं रुकती हैं। बसें न रुकने के कारण बच्चे पढ़ाई के लिए समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। इस संबंध में कई बार प्रशासन को सूचित किया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की है। लोगों ने चेतावनी दी कि अगर बसें नहीं रुकीं तो वे 27 मई को धारकलां में विशाल धरना देंगे।

अनदेखी बड़ोह तहसील की 20 पंचायतों के लोगों में भारी रोष

बरसात में ढहे रेन शेल्टर को भूला प्रशासन

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

पर्यटन के सपने संजोने वाले नगरोटा बगवां हलके का चंगर इलाका अब भी विकास की राह ताक रहा है। नगरोटा बगवां हलके के तहत बड़ोह तहसील में पिछली बरसात में 20 पंचायतों के हजारों लोगों को आसरा देने वाला रेन शेल्टर टूट गया था।

अब दूसरी बरसात भी शुरू होने वाली है, लेकिन प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन अब तक इस रेन शेल्टर को नहीं बना पाया है। इससे इलाके के हजारों ग्रामीणों में आक्रोश है। लोकसभा के चुनावी दौर में अब यह मसला गरमाने लगा है। हजारों लोगों का कहना है कि नेताओं ने उन्हें इस मसले पर सिर्फ छला है। इस बारे में एंटी टेररिस्ट फ्रंट के जिलाध्यक्ष, नंबरदार व समाजसेवी बलविंद्र सिंह बबलू का कहना है कि रेन शेल्टर को ठीक नहीं करवाया जा रहा है,जबकि सरकार की ओर से पर्यटन को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। बबलू ने उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा से मांग उठाई है कि वह इस दिशा में उचित कदम उठाएं। इस बारे में सुन्नी पंचायत प्रधान राजीवना, कंडी पंचायत प्रधान मधुसूदन, खोवा पंचायत प्रधान मनोज, लूहना की प्रधान वीना देवी ने कहा कि प्रदेश सरकार को प्राथमिकता के आधार पर इस रेन शेल्टर को ठीक करवाना चाहिए था, लेकिन ऐसा न करके हजारों लोगों की मुश्किल बढ़ा दी गई है। यह बड़े दुख की बात है। दनोआ पंचायत प्रधान आशीष ठाकुर, उपप्रधान सतीश व सद्दू पंचायत प्रधान अर्चना कुमारी ने कहा कि सैकड़ों ग्रामीण उनके पास इस बारे में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन जिला प्रशासन और सरकार की ओर से इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया।

दूसरी ओर तहसील में स्टांप विक्रेताओं को भी बैठने की उचित व्यवस्था नहीं है। प्रदेश सरकार और प्रशासन को जल्द इस दिशा में प्रयास करने चाहिए। 20 पंचायतों के हजारों लोगों को दिक्कत हो रही है। मुनीश शर्मा एसडीएम नगरोटा बगवां ने कहा कि रेन शेल्टर के लिए बजट आ गया है। कोड आफ कंडक्ट हटते ही पीडब्ल्यूडी के जरिए इस काम को शुरू करवा दिया जाएगा।

पेड़ से टकराया ट्राला, दो जख्मी

देहरा। गांव सुनेहत में हाईवे किनारे पेड़ से एक पिकअप ट्राला टकराने का मामला सामने आया है। हादसे में ट्राले को भारी नुकसान पहुंचा है तो ट्राले में सवार दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। ट्राला देहरा से नैहरनपुखर की ओर जा रहा था कि यहां सुनेहत में सड़क किनारे पेड़ से बुरी तरह टकरा गया। हादसे का पता चलते ही दुकानदारों व स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से ट्राले के बीच फंसे दो लोगों को बाहर निकाला व उन्हे एंबूलेंस से सिविल अस्पताल देहरा पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि हादसा इतना जबरदस्त था कि उपरोक्त ट्राले के बुरी तरह परखच्चे उड़ गए है। देहरा पुलिस उपरोक्त मामले की जांच में जुटी है। मामले की पुष्टी डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने की है।

आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मी 26 से करेंगे मतदान

आशीष दमीर, कांगड़ा

लोकसभा आम चुनाव के दौरान 16 कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाता जो आवश्यक सेवाओं में दूसरे स्थानों पर नियुक्त हैं मतदान सुविधा केंद्र पर 26 से 28 मई तक सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक अपने मतपत्र का प्रयोग कर सकेंगे।

सहायक निर्वाचन अधिकारी 16 कांगड़ा एवं एसडीएम इशांत जसवाल ने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मी मतदान के दिन दूसरी जगहों पर तैनात रहते हैं इस कारण वे अपने मत का प्रयोग नहीं कर पाते हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा ऐसे मतदाताओं को मतदाता सुविधा केंद्र पर वोटिंग करने की सुविधा प्रदान करने की व्यवस्था की है ताकि कोई भी मतदाता वोट करने से वंचित न रहे। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आवश्यक सेवा श्रेणी के मतदाता जिन्होंने फॉर्म 12डी पर आवेदन किया है और 16 कांगड़ा में मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं वे मिनी सचिवालय कांगड़ा के कमरा नंबर 218 में स्थापित मतदाता सुविधा केंद्र में 26 से 28 मई तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में आवश्यक सेवाओं में तैनात 18 कर्मियों ने फॉर्म 12डी पर इस सुविधा के लिए आवेदन किया है। (अनंत ज्ञान)

शपथ पत्र/घोषणा पत्र

मैं कि पूजा देवी आयु 25 वर्ष पत्नी कमल कुमार निवासी गांव ओचा, डाकघर मस्सल, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.। शपथन घोषणा करती हूं कि-

दिनांक: 20.05.2024

1. यह कि मेरी शादी दिनांक 04.01.2018 को हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार गोरव शर्मा पुत्र प्रकाश चंद निवासी गांव सूरी डाकघर मरूंह, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा हि.प्र. से हुई थी। 2. यह कि शादी के बाद मेरा एक लड़का है, जिसका नाम मानव शर्मा है। अतः हम दोनों पति पत्नी का 18.03.2024 को बजरिया HMP No. 77-D/III/2022 CIS Reg. No. 277/2022 Filling No. 669/2021 CNR No. HPKA01-001336-2021 Date of Institution को Family Court Kangra at Dharamshala द्वारा 18.03.2024 को तलाक हो चुका है। 3. यह कि अब मैंने कमल कुमार पुत्र सुमिंदर कुमार निवासी ओचा डाकघर मस्सल तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र. से दूसरी शादी कर ली है। 4. यह कि अब कमल कुमार पुत्र सुमिंदर कुमार मेरे लड़के मानव शर्मा को गोद लेना चाहते हैं ताकि मेरे लड़के के समस्त कागजात में पिता का नाम कमल कुमार दर्ज हो सके। 5. यह कि मैं गोद पत्र को लिखवाने व पंजीकृत करवाने से पहले समाचार पत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूं कि गोरव शर्मा पुत्र प्रकाश चंद निवासी गांव सूरी डाकघर मरूंह तहसील धीरा जिला कांगड़ा हि.प्र. या उसके परिवार के किसी भी सदस्य को इस गोद पत्र को लिखवाने या पंजीकृत करवाने हेतु कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिन के भीतर तहसील कार्यालय नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र. में अपनी असहमति प्रकट कर सकता है।

मैं पूजा देवी उपरोक्त हल्फन ब्यान करती हूं कि ऊपर लिखित जानकारी सही व दरस्त है।

एग्जिक्युटिव मैजिस्ट्रेट, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

न्यूज ब्रीफ

छात्रों ने एकत्रित किया वेस्ट प्लास्टिक

बड़ा। उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बड़ा में प्लास्टिक वेस्ट वाय बैक पॉलिसी के तहत सफाई अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कौडल ने की। इस अवसर पर ईको क्लब प्रभारी सविता कुमारी ने बताया बच्चों को अपने संबोधन में प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया। इस अभियान में स्कूल के बच्चों ने स्कूल कैंपस, स्थानीय बाजार एवं सड़क पर पड़े प्लास्टिक के कचरे को एकत्रित करके उसे ग्राम पंचायत बड़ा के पंचायत सचिव शिव राज को सौंपा। पंचायत सचिव ने इस दौरान बच्चों को बताया कि इस वेस्ट प्लास्टिक से सड़कों का निर्माण करने के लिए उपयोग में लगाया जाता हैं। पंचायत इस वेस्ट प्लास्टिक को लोक निर्माण विभाग को सौंपेगी।

संजीवनी संस्था ने चार परिवारों की दी आर्थिक सहायता

टौणीदेवी। संजीवनी मानव कल्याण संस्था ऊहल ने चार परिवारों को 36000 रुपए की सहायता की । संस्था के प्रधान की अध्यक्षता में प्रवीण कुमार चरियां री धार को 8000, संजीव शर्मा गांव प्रणाली को 8000, प्रमिला कुमारी गांव ननोट को 10000, त्रिलोक चंद निवासी तियान को 10000 की सहायता की। संस्था के सदस्य भूमि देव शास्त्री ने बताया की सब चार परिवारों में परिवार के सदस्य बड़ी बीमारी से सामना कर रहे हैं।

927 मतदाता घर से ही करेंगे मतदान

बड़सर। लोकसभा आम चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत विधानसभा क्षेत्र 39-बड़सर में मोबाइल मतदान पार्टियों के लिए सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़सर में मतदान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी बड़सर राजेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव तथा विधानसभा उपचुनाव के लिए घर से ही मतदान का विकल्प चुनने वाले बड़सर विधानसभा क्षेत्र के 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं की मतदान प्रक्रिया 26 मई तक पूर्ण कर ली जाएगी। इसके लिए 10 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है जो कि 21 मई से 26 मई तक 927 मतदाताओं का घर में ही मतदान करवाना सुनिश्चित करेंगी। एसडीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने घर से मतदान का समय सुबह नौ से सायं पांच बजे तक निर्धारित किया है। अगर संबंधित मतदाता मोबाइल पोलिंग टीम को घर में नहीं मिलता है तो वह टीम मतदाता के घर में दूसरी बार आने का संदेश छोड़कर वापस चली जाएगी।

कांग्रेस करती है जातिवाद की राजनीतिः राम

बिझड़ी। भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने तीन बार विधायक रहते कभी जातिवाद की राजनीति नहीं की है। बड़सर के हर वर्ग के विकास के लिए सार्थक कदम उठाए है। जातिवाद की राजनीति करना कांग्रेस के खुनबे मे बसा है। यह बात बड़सर भाजपा अनुसूचित जाति अध्यक्ष राम रतन ने सोमवार को जारी प्रेस ब्यान में कही। उन्होंने कहा कि लखनपाल की शालीनता व मिलनसार स्वभाव के चलते चुनावी प्रचार मे मिल रहे अथह सहयोग को देखर कांग्रेस की हालत पतली हो चुकी है। उपचुनाव मे अपनी हार को सामने देख अब कांग्रेस जातिवाद की सियासत पर उतर आई है। कांग्रेस जातिवाद पर जिस तरह लखनपाल के खिलाफ भड़काने का काम कर रही है वह उसमें कभी कामयाब नहीं हो सकती। उन्होंने कहा विभिन्न वर्गो के समाजिक समारोह में शिरकत करना कांग्रेस को इतना ही बुरा लग रहा है तो वह अनुसूचित जाति, एसटी, ओबीसी वर्ग के पास वोट मांगने किस मुंह से जा रहे है। भाजपा एससी सैल के अध्यक्ष ने कहा कि इंद्रदत्त लखनपाल यदि समाजिक धहाजा समारोह, जगराते, विवाह शादियों और जन्म समारोह सहित मृत्यु के पीड़ित परिवारों का दुःख सुख उनके घर बांट रहे है तो कोई गलत नहीं कर रहे।

सठवीं स्कूल में मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन

हमीरपुर। राजकीय उच्च पाठशाला सठवीं में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन पर जागरूकता अभियान व वेस्ट मटीरियल से तैयार साइंस मॉडल पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । इस प्रदर्शनी में स्कूल के बच्चों, अध्यापकों, अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भाग लिया। जागरूकता शिविर में विषय विशेषज्ञ के रूप में लुदर दत्त ने सभी उपस्थित सदस्यों को कचरे से होने वाली बीमारियों व कचरा प्रबंधन पर जानकारी दी। इस प्रदर्शनी में जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने ईको क्लब से संबंधित स्कूलों में करवाए जाने वाले सभी कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराई । कार्यक्रम के समापन पर जिला विज्ञान पर्यवेक्षक ने सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो व सर्टिफिकेट भी बांटे।

गसोता मेले में दिया 'आई एम रेडी टू वोट' का संदेश

हमीरपुर। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गसोता के नलवाड़ मेले में भी भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरुकता कार्यक्रम 'स्वीप' के तहत आम लोगों को मतदान के महत्व से अवगत करवाया जा रहा है तथा उन्हें लोकसभा आम चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर की 'स्वीप' नोडल अधिकारी हिमांशी शर्मा के निर्देशानुसार गसोता में मेला स्थल पर एक विशेष स्टॉल और सेल्फी प्वाइंट स्थापित किया गया है। इनके माध्यम से आम मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की जा रही है। मेले में स्थापित सेल्फी प्वाइंट पर आकर लोग अपने फोटो खींच रहे हैं तथा वोट डालने का प्रण ले रहे हैं। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से भी लोग मतदान का संकल्प ले रहे हैं। क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं यहां अपने उत्पादों की बिक्री के साथ-साथ सभी मतदाताओं को मतदान के लिए भी प्रेरित कर रही हैं।

लो वोल्टेज की समस्या से नहीं हुए मरीजों के टेस्ट

हमीरपुर। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में स्थापित सरकारी लैबोरेटरी में सोमवार को वोल्टेज की समस्या से मशीने नहीं चल पाई। इसकी वजह से मरीजों के टेस्ट नहीं हो पाए। हालांकि सुबह के समय 50-60 मरीजों के टेस्ट हुए उसके बाद मशीने बंद करनी पड़ी। ऐसे में मरीजों को अस्पताल में स्थापित क्रष्णा लैब या रेड क्रॉस लैब में ही मरीजों को अपने टेस्ट करवाने पड़े। अस्पताल में स्थापित क्रष्णा लैब में मरीजों की भीड़ बढ़ने पर प्रबंधन को अतिरिक्त स्टाफ बुलाना पड़ा उसके बाद ही मरीजों के टेस्ट किए जा सके। इसके बारे में स्वास्थ्य अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि एक घंटे के लिए बिजली के ओवर लोड की वजह से समस्या आई थी उसे सुलझा लिया गया है।

सीएम आज बड़सर में करेंगे चार जनसभाएं

कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया के पक्ष में चकमोह, बिझड़ी, महारल और धंगोटा में करेंगे प्रचार

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का मंगलवार को बड़सर विधानसभा क्षेत्र के खास इलाके का दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस इलाके से इस बार कांग्रेस में राजपूत उम्मीदवार को उतारा है।

इस इलाके में मुख्यमंत्री की चुनावी जनसभाएं हैं। मुख्यमंत्री ने खास रणनीति के तहत इस इलाके से सुभाष ढटवालिया को पार्टी प्रत्याशी के रूप में चुनावी दंगल में उतारा है। प्रदेश में पार्टी की सत्ता मौजूद है, और इसी घोड़े की सवारी पर जंग जीतने के लिए मुख्यमंत्री अब नए माहौल में रणनीति बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री की यह जनसभाएं सुबह 9:30 बजे शुरू हो जाएंगे और पहली जनसभा चकमोह से शुरू होकर बिझड़ी, महारल और धंगोटा में खत्म होंगी। यह चारों जनसभाएं तप्पा ढटवाल में हो सकती हैं। इसी क्षेत्र से कांग्रेस ने प्रत्याशी को उतारा है। अब तक के लंबे इतिहास इस क्षेत्र से किसी भी राजनीतिक पार्टी में उम्मीदवार नहीं उतरा था। कांग्रेस इस क्षेत्र के लोगों की अंदरूनी पीड़ा को समझकर प्रत्याशी को उतारा है और इसी के बूते चुनावी दंगल को बेहद रोचक बना दिया है।

दूसरी तरफ भाजपा ने ऑपरेशन लोटस का हिस्सा रहे इंद्रदत्त लखनपाल को पार्टी में शामिल करके उम्मीदवार बनाया है। इसलिए इस क्षेत्र में चुनावी माहौल अब खास अंदाज में बेहद रोचक होता हुआ नजर आ रहा है।

इंद्रदत्त लखनपाल तीन बार के विधायक हैं, लेकिन अब नए माहौल में क्षेत्र की राजनीति नए अंदाज में चल रही है। जिले का मुख्यमंत्री खुद कमान संभाले हुए हो, ऐसे में मुख्यमंत्री का यह दौरा खास मायने रखता है। क्योंकि नामांकन दाखिल करने के मौके पर बड़सर में जो चुनावी जनसभा हुई थी। उसमें भीड़ भी काफी जुटी थी और आरोपों की बौछार के बीच कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री ने चुनावी दंगल के लिए खास अंदाज में बूस्ट किया था। वहीं, इन दिनों पढ़ रही भीषण गर्मी के बीच यदि इन चुनावी जनसभाओं में भीड़ जुटी तो कांग्रेस के लिए संजीवनी साबित होगी। लेकिन जो भी हो मुख्यमंत्री हमीरपुर गृह जिला सुजानपुर और बड़सर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव को लेकर अब सिर धड़ की बाजी लगाए हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

भाजपा ने भी नहीं छोड़ी कोई कसर

उधर, भाजपा ने भी अपनी रणनीति में बदलाव किया है। वहीं, पार्टी के जो वरिष्ठ नेता नाराज चल रहे थे, उनके साथ मान-मनौव्वल कर मुख्य धारा में शामिल करके चुनावी माहौल में पैनापन लाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही।

इस बार फहराया जाएगा जीत का परचम

उधर, ब्लॉक अध्यक्ष संजय शर्मा का कहना है कि चुनाव प्रचार है अब खूब गति पकड़ ली है। निश्चित रूप में कांग्रेस जिस अंदाज में इकट्ठे होकर काम कर रही है, इस बार जीत का परचम फहराया जाएगा।

सेक्टर अधिकारियों को किया प्रशिक्षित

हमीरपुर। विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर में घर से ही मतदान का विकल्प चुनने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं के मतदान के लिए नियुक्त होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों, माइक्रो ऑब्जर्वरों और सेक्टर अधिकारियों के लिए सोमवार को यहां जिला परिषद के हॉल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने इन अधिकारियों को होम वोटिंग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मास्टर ट्रेनर विजय चौहान, अरुण कतना और सुरजीत सिंह चौहान ने भी मोबाइल मतदान टीमों के अधिकारियों-कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग के विभिन्न दिशा-निर्देशों से अवगत करवाया।

दायित्वों को समझें माइक्रो ऑब्जर्वर: श्याम लाल

हमीरपुर। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सभी 17 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्याम लाल पूनिया ने क्रिटिकल मतदान केंद्रों और अन्य मतदान केंद्रों पर नियुक्त होने वाले माइक्रो ऑब्जर्वरों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने दायित्वों को गंभीरता एवं गहनता के साथ समझें और एक जून को अपने-अपने मतदान केंद्रों की एक-एक रिपोर्ट प्रेषित करें। सोमवार को यहां हमीर भवन में जिला हमीरपुर के माइक्रो ऑब्जर्वरों के प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर श्याम लाल पूनिया ने ये निर्देश दिए। इस प्रशिक्षण में विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर, देहरा और जसवां-परागपुर के सहायक निर्वाचन अधिकारियों और माइक्रो ऑब्जर्वरों ने भी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। सामान्य पर्यवेक्षक ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वरों को मतदान टीमों के साथ ही रवाना किया जाएगा। उन्हें मतदान केंद्रों की व्यवस्था की रिपोर्ट प्रेषित करनी होगी।

मंडी ने कुल्लू को हराकर जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, नादौन

क्रिकेट स्टेडियम अंमतर नादौन में खेला गया अंतर जिला स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता मंडी की टीम ने जीत ली है। प्रतियोगिता जीतने पर मंडी की टीम को 75 हजार रुपए नकद इनाम मिला है। मंडी की टीम को पहली पारी में मिली शानदार बढ़त के आधार पर विजेता घोषित किया गया है।

यह जानकारी देते हुए क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी टिंका ठाकुर ने बताया कि मंडी की टीम ने दूसरी पारी खेलते हुए 88.4 ओवर में शानदार 368 रन बनाए। बल्लेबाज गंगा सिंह व मथन गुरूग ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए एक एक शतक जड़ा। गंगा सिंह ने 164 जबकि मथन गुरूग ने 134 रन बनाए। कुल्लू की टीम के गेंदबाज सागर मलहान ने तीन, तथा सुशांत सिंह ठाकुर, शिवांश कपूर व मोक्षित ने दो-दो विकेट तथा अर्नव जम्वाल ने एक विकेट ली। उन्होंने बताया कि इस अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता मंडी की टीम जबकि उपविजेता कुल्लू की टीम रही तथा मैन आफ दि मैच मथन गुरूंग जबकि मैन आफ दि सीरिज गंगा सिंह को चुना गया। उन्होंने बताया कि विजेता मंडी की टीम को 75 हजार, उपविजेता कुल्लू की टीम को 50 हजार, मैन आफ द मैच को पांच हजार तथा मैन आफ द सीरिज को तीन हजार रुपए नकद ईनाम दिया गया।

महिलाओं ने खेलकूद प्रतियोगिताओं से लोगों को मतदान करने के लिए किया जागरूक

अनंत ज्ञान, भरेड़ी

प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजक।

भोरंज ब्लॉक के भकेड़ा गांव में सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत स्वंय सहायता समूह के सदस्यों, ग्रामीणों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में रस्साकस्सी, मटका फोड, नींबू दौड़, कुर्सी दौड़ व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन करके ग्रामीणों को वोट के महत्व से जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप ने संबोधित करते हुए कहा कि बदलते समय में समाज पुरुष प्रधान की जगह महिला प्रधान बनने जा रहा है। इसका उदाहरण आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुष वर्ग से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है।

महिलाएं आज भारतीय सेना में शामिल होकर पयलट बन कर देश की सुरक्षा में अनुकरणीय मिशाल पेश कर रही है। इसके अलावा दूसरे क्षेत्रों में भी महिलाओं का सराहनीस योगदान देखने को मिल रहा है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के 22 विधानसभा क्षेत्र के 414 बूथों में पिछले लोकसभा व विधासभा के चुनावों में कम मतदान हुआ है। इसमें भोरंज विस के भकेड़ा बूथ में सबसे कम मतदान दर्ज किया गया हे। इस कलंक को दूर करने के लिए महिला मंडल के सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, बीएलओ व ग्रामीणों को मिलकर कार्य करके पहली जून को अधिक से अधिक मतदान करना होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के पर्व को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा वोट देने के लिए गांवों, रिस्तेदारों और युवा वर्ग को जागरूक करके जिम्मेदारी से कार्य करें।। कार्यक्रम के अंत में रस्सीकस्सी में अनमोल ग्राम संगठन पट्टा प्रथम व शिवम स्वंय सहायता समूह भोरंज बुल्ला द्वितीय रही। इसी तरह कुर्सी दौड़ रेणु देवी साहरवीं प्रथम, रीना देवी बुल्ला मनोह दितीय व पूनम खतरवाड़ तृतीय रही। नींबू दौड़ प्रतियोगिता में कुसुम भकेड़ा प्रथम, इंदू देवी भकरेड़ी द्वितीय व हल्की सुलखान तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा मटका फोड़ प्रतिभागियों भी करवाई गई। कार्यक्रम प्रतिमागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

बड़ा। उपमंडल नादौन में युवक मंडल धंगड़ द्वारा भीषण गर्मी के चलते आज ठंडे पानी की छबील लगाई गई। छबील में सभी राहगीरों को शरबत पिलाया गया।

हमीरपुर क्षेत्र में हुआ रेल का विस्तार: राकेश

हमीरपुर। संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में बार-बार रेल का मुद्दा उठाकर जो लोग अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने की कोशिश करते रहे हैं उनकी झूठी बातें खुद ही पटरी से उतर चुकी है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में रेल नेटवर्क का जहां लंबा विस्तार हुआ है वहां अनेक नई सुविधा यात्रियों के लिए उपलब्ध हुई है। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राकेश ठाकुर, अजय रिंटू ने जारी संयुक्त बयान में यह बात कही है। भाजपा नेताओं ने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर के कार्यकाल में रेल सेवा का विस्तार जमीनी हकीकत पर सबके सामने है जिसे कोई नहीं नकार सकता फिर बात चाहे इस संसदीय क्षेत्र में यात्रियों के सुविधा के लिए 13 नई ट्रेन चलाने की हो, दिल्ली तक बंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने की हो या फिर आस्था एक्सप्रेस के जरिए अयोध्या तक जाकर धार्मिक यात्रा की सुविधा पाने की हो, 6753 करोड़ रुपए की लागत से भानु पाली बिलासपुर रेलवे लाइन का निर्माण हो रहा है। रेल परियोजनाओं के लिए बजट में बड़ा प्रावधान किया गया है, जिसमें बिलासपुर लेह रेलवे लाइन के लिए 1000 करोड़ रुपए नांगल उन तलवाड़ा रेलवे लाइन के लिए 450 करोड़ रुपए शामिल रहे हैं।

हीट वेव्स को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

अनिल कुमार , हमीरपुर

गर्मी के मौसम में तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। ऐसे में गर्मियों के सीजन में लोग बीमार न हों इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके अग्निहोत्री ने प्रेस वार्ता में कहा कि हीट या गर्मी की वजह से हमारे शरीर पर काफी दुष्प्रभाव पड़ते हैं। यह हीटवेव उन लोगों को प्रभावित करती है जो व्यक्ति ज्यादा देर तक धूप में रहता है या जिनके घरों में प्रापर वेंटिलेशन नहीं है उस स्थिती में शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ने लगते हैं।

उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति लंबे समय तक गर्मी में काम करता है या धूप में रहता है या पानी नहीं पीते हैं, ओआरएस या अन्य पेय पदार्थ नहीं पीते हैं तो उस स्थिती में दुष्प्रभाव इस कदर पड़ने लगते हैं कि हमारा इसे सहन नहीं कर पाता है और शरीर में कई प्रकार के प्रभाव पड़ने लगते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ समय बाद हमारे शरीर को ठीक करने का मेकेनिसजम वो काम करना बंद कर देता है और हमारे शरीर का तापमान बढ़ने लगता है और बढ़े हुए तापमान जो बॉडी की सेटिंग होती है उससे पानी की कमी हो जाती है और जो लवण होते हैं वो हमारे शरीर से बाहर चले जाते हैं। ऐसी स्थिती में गर्मी से जकड़न हो जाती हैं। इससे मसल, टांगों और पीठ में जकड़न सी हो जाती है। यह प्रारंभिक स्थिती है, ऐसी स्थिती में यदि उस व्यक्ति को आराम करवाएं तो व्यक्ति कुछ ही घंटे में नार्मल स्थिती में आ जाता है। इसके बाद जो स्थित है वो है गर्मी से थकावट होती है इसके साथ-साथ पानी और लवणों की कमी हो जाती है तो स्थिती में हमारे अंग, दिमाग है, उसमें ब्लड सर्कुलेशन कम होने लगता है उससे उल्टी, चक्कर आने लगते हैं। चक्कर से आदमी गिर भी सकता है। इसके अलावा यदि शरीर का तापमान ज्यादा बढ़ने लगता है तो इससे हमारा लीवर, फेफड़ों, गुर्दों पर प्रभाव पड़ने लगता है और इनकी कार्यशैली कम होने लगती है। यदि हम गर्मी से थकावट के बाद अगली स्टेज पर चले जाएं तो उसे हीट स्ट्रोक जिसे लू लगना कहते हैं। लू लगने से बीपी भी कम होने लगता है पल्स तेज होने लगती है और दौरे भी पड़ सकते हैं, अचेत भी हो सकता है आदमी। यदि इसका इलाज नहीं करवाया जाए तो व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

डीडीएम साई कॉलेज में महिलाओं के स्वास्थ्य पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन

अनंत ज्ञान, नादौन

डीडीएम साई कालेज कल्लर जलाड़ी में गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस गेस्ट लेक्चर का मुख्य विषय महिलाओं की स्वास्थय संबंधी जागरूकता रहा।

इस गेस्ट लेक्चर के मुख्यातिथि प्रवक्ता करियर प्वांइट विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग व भारत स्काउट एंड गाइड यूनिट के डा. नेहा व डॉ. शुभम कपिल रही। उन्होंने बताया कि पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज है। यह महिलाओं में होने वाला एक हारमोनल विकार है। इस डिजीज के लक्षणों में अनियमित महावारी या महावारी नहीं आना, दर्द भरा व लंबा मासिक धर्म, मोटापा, हृदय की समस्या आदि अनेक बीमारियां घेर लेती हैं। यदि हम समय रहते इन बीमारियों से अवगत नहीं होंगे तो ये भविष्य में अधिक समस्या उत्पन्न कर सकती हैं। इस मौके पर कालेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल, बीएड विभाग के प्रिंसिपल डॉ ओम प्रकाश भारद्वाज, विधि विभाग के प्रिंसीपल डॉ. नंदा चिरंजीवी राव, समस्त स्टाफ सदस्य व कालेज के बीएडएल एलबी और बीएएल एलबी के प्रशिक्षु उपस्थित रहे। अंत में कालेज के प्रिंसिपल ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया और कहा कि इस तरह के लैक्चर भविष्य में आयोजित होते रहने चाहिए। इससे प्रशिक्षु स्वास्थय संबंधी जानकारी से अवगत रहें। बहरहाल, डीडीएम साई कालेज कल्लर जलाड़ी में गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस गेस्ट लेक्चर का मुख्य विषय महिलाओं की स्वास्थय संबंधी जागरूकता रहा।

नादौन में कांग्रेस के कार्यकार्ताओं ने सतपाल रायजादा के पक्ष में मांगे वोट

अनंत ज्ञान, नादौन

लोगसभा चुनाव को लेकर शहर कांग्रेस ने सोमवार शाम को डोर-टू-डोर कांग्रेस का प्रचार अभियान कांग्रेस की शहरी इकाई के अध्यक्ष एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष शम्मी सोनी के नेतृत्व में शुरू कर दिया है।

इस प्रचार अभियान में वरिष्ठ कांग्रेसी संतोष संधू, कमल कम्मी, मोती जोशी, अजय सौंधी, रिपन कपिल, महिंद्री जैन, कपिल शर्मा छुणकी, संदीप चैधरी, नवीन पुरी, राजीव जस्सल, लाटा भाटिया, निर्मल जैन सहित काफी कार्यकर्ता शामिल थे। उन्होंने लोगों को प्रदेश की सुक्खू सरकार की 15 महीनों की उपलब्धियों बारे लोगों को बताया तथा लोक सभा क्षेत्र हमीरपुर से कांग्रेस के उम्मीदवार सतपाल सिंह रायजादा के लिए वोट मांगे। कांग्रेस की टीम ने लोगों को बताया कि सुक्खू सरकार ने कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए ओपीएस लागू की। महिलाओं के कल्याण के उद्देश्य से इंदिरा गांधी प्यारी बहना, सुख सम्मान निधि योजना शुरू की जिसके तहत महिलाओं को 1500 रुपए मासिक पेंशन शुरू कर दी है। अनाथ बच्चों के लिए सुखआश्राय योजना शुरू की। युवाओं के लिए 680 करोड़ की राजीव गांधी स्टार्ट अप योजना शुरू की। इसका लाभ युवाओं को मिलेगा। बीते साल आई आपदा को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री व उनकी टीम ने गांव-गांव जाकर प्रभावितों का दुखदर्द सांझा किया।

अपील निर्वाचन आयोग के व्यय पर्यवेक्षक ने उम्मीदवारों एवं प्रतिनिधियों से की अपील

रोजाना रजिस्टर में दर्ज हो प्रचार का खर्च: कुंदन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले 17 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए गए।

वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी डॉ. कुंदन यादव ने सभी उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे चुनाव प्रचार में हो रहे अपने खर्चों का ब्योरा रोजाना रजिस्टर में दर्ज करें। सोमवार को यहां हमीर भवन में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान डॉ. कुंदन यादव ने कहा कि अगर सभी उम्मीदवार दैनिक आधार पर अपने खर्चों का ब्योरा पारदर्शिता के साथ मेंटेन रखेंगे तो इससे उन्हें अपने चुनावी खर्च की गणना में सुविधा होगी। वहीं, सहायक व्यय पर्यवेक्षकों एवं अकाउंटिंग टीमों द्वारा बनाए गए शेडो रजिस्टर से मिलान में भी आसानी होगी। डॉ. कुंदन यादव ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करते ही उम्मीदवार के खर्चे की गणना शुरू हो जाती है। वहीं, चुनाव परिणाम घोषित होने तक इस पर भारत निर्वाचन आयोग की कड़ी नजर रहती है। परिणाम घोषित होने पर निकाले जाने वाले जुलूस का खर्चा भी उम्मीदवार के खाते में ही जुड़ता है। व्यय पर्यवेक्षक ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों के चुनावी खर्च वाले रजिस्टर की कम से कम तीन बार जांच की जाएगी। यह जांच 21, 25 और 29 मई को होगी। उन्होंने बताया कि चुनावी खर्चे का नियमानुसार हिसाब न देने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है। वहीं, उनके चुनाव लड़ने पर 3 साल तक का प्रतिबंध लग सकता है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित खर्चे की सीमा से ज्यादा खर्चा पाए जाने पर सांसद या विधायक की सदस्यता भी रद्द की जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रचार और रैलियों के दौरान आदर्श आचार संहिता का विशेष ध्यान रखें। प्रचार में लगाए गए वाहनों की विंड स्क्रीन पर परमिट अवश्य प्रदर्शित करें अन्यथा ये वाहन जब्त कर लिए जाएंगे। काफिले में एक साथ 10 से ज्यादा वाहन नहीं होने चाहिए। व्यय पर्यवेक्षक ने सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे आदर्श आचार संहिता की अक्षरश: अनुपालना सुनिश्चित करें तथा निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने में सहयोग करें।

चुनावों को लेकर चर्चा करते हुए अधिकारी।

हमीरपुर में रिहर्सल अब 24-25 को

हमीरपुर। बहुतकनीकी कालेज बड़ू के सभागार में प्रस्तावित हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदान टीमों की दूसरे दौर की रिहर्सल की तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है। यह रिहर्सल 22-23 मई के बजाय अब 24-25 मई को सुबह दस बजे होगी। एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से इन तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन मतदान टीमों की रिहर्सल 22 मई को प्रस्तावित थी, उनकी रिहर्सल अब 24 मई को होगी। इसी प्रकार, जिन टीमों की रिहर्सल 23 को रखी गई थी, उनकी रिहर्सल अब 25 मई को होगी।

न्यूज ब्रीफ

थड़ा लडोली में भंडारा 26 मई को

दौलतपुर चौक। उपमंडल अंब के थड़ा लडोली गांव में देहरियां जठेरियां मंदिर में तक्खी परिवार की ओर से एक विशाल भंडारे का आयोजन 26 मई को किया जा रहा है। मंदिर के सेवकों राकेश कुमार, गुरदेव कुमार, बलवंत सिंह, गुरनाम सिंह, ओम प्रकाश, रवि ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में सुबह विधिवत रूप से पूजा अर्चना के बाद झंडे चढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी तथा दोपहर एक बजे भोग लगाकर श्रद्धालुओं में लंगर बांटा जाएगा। उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील की है कि इस धार्मिक अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

एनसीसी कैडेट्स ने किया फायरिंग का अभ्यास

एनसीसी कैडेट्स 0.22 राइफल से फायरिंग का अभ्यास करते हुए।

ऊना। नवोदय विद्यालय पेखूबेला में छठी स्वतंत्र एनसीसी कंपनी ऊना के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित करके प्रशिक्षण दिया गया। इनमें ड्रिल का अभ्यास, मैप रीडिंग, फायरिंग जैसी बहुमूल्य गतिविधियों को बड़े ही जोश के साथ अमल में लाया गया। कैडेट्स ने फायरिंग रेंज पर 0.22 राइफल से सही पोजीशन लेते हुए फायरिंग की। कैडेट्स ने सावधानीपूर्वक फायरिंग में सही निशाना सीधते हुए अपना अभ्यास किया। कैडेट्स ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में वॉलीबाल और फुटबाल खेलों में अभी रुचि दिखाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भाग लिया। सायंकालीन सांस्कृतिक संध्या में कैडेट्स ने पहाड़ी नाटी, पंजाबी गीत एवं हरियाणवी नृत्य मे विशेष रुचि दिखाई। इस मौके पर कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल राजेंद्र कुमार सैनी सेवा मेडल उपस्थित रहे।

डेंगू से बचाव के तरीके बताए

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता शिविर में उपस्थित लोग

ऊना। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ऊना के सूचना शिक्षा एवं संप्रेषण प्रभाग द्वारा शिक्षा भारती इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन समूर खुर्द में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी शारदा सारस्वत ने बताया कि डेंगू होने पर रोगी को तेज बुखार, सिर दर्द, बदन में दर्द, आखों के पीछे दर्द, कई बार नाक से व अमाशय से रक्त का स्राव हो जाता है जो कि खतरनाक हो सकता है। अगर किसी भी व्यक्ति में ये लक्षण दिखाई दें तो तुरंत जाँच करवाएं। जिला स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कृष्ण ने बताया कि डेंगू के लक्षण अगर हम तुरन्त पहचान लें तो इसके गंभीर प्रणाम होने से बचा जा सकता है। इस मौके पर संस्थान के प्रशिक्षनार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रधानाचार्य हंसराज सहित समस्त स्टाफ व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे

मतगणना कर्मियों को कार्यशाला में कराया पूर्वाभ्यास

ऊना। लोकसभा आम निर्वाचन तथा विधानसभा उपचुनाव को लेकर ऊना जिले में तैनात मतगणना कर्मियों के लिए सोमवार को लता मंगेशकर कला केंद्र समूरकलां में एकदिवसीय चुनावी पूर्वाभ्यास कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान उन्हें मतगणना प्रक्रिया को सुचारु एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के बारे में जानकारी दी गई। रिहर्सल में मतगणना को लेकर तैनात कर्मियों को ईवीएम मतगणना से जुड़ी विस्तृत जानकारी मुहैया कराने के साथ ही डाक मतपत्रों की गणना बारे भी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यशाला में एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर ने डाक मत पत्रों की गिनती को लेकर जानकारी दी। इस दौरान नायब तहसीलदार निर्वाचन अजय शर्मा ने मतगणना तथा चुनाव परिणाम की घोषणा से जुड़ी प्रक्रिया तथा कार्यविधि से अवगत कराया। बता दें कि ऊना जिले में मतगणना कर्मियों के लिए अगली पूर्वाभ्यास कार्यशाला का आयोजन 3 जून को डिग्री कॉलेज ऊना में किया जाएगा। कार्यशाला में एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम, एसडीएम अंब विवेक महाजन, निर्वाचन विभाग के अधिकारी, मतगणना के लिए तैनात माइक्रो पर्यवेक्षकों समेत तमाम मतगणना ड्यूटी से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

मतगणना कर्मियों के पूर्वाभ्यास के लिए कार्यशाला में पहुंचे कर्मचारी।

बल्ह खालसा में 26 को सजेगा कीर्तन दरबार

बंगाणा। उपमंडल बंगाणा के दुख निवारण गुरु अदिद्वारा बल्ह खालसा में प्रबंधक बाबा कमल दास जी महाराज के नेतृत्व में 26 मई को स्वामी ईश्वर दास जी महाराज की 124वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रवक्ता सूरम सिंह ने बताया कि 24 मई को गुरु आड़ प्रकाश पाठ आरंभ होगा और 25 मई को सुबह दस बजे निशान साहब रस्म अदा की जाएगी। 26 मई को सुबह दस बजे भोग पड़ेगा, के उपरांत कीर्तन दरबार सजेगा। इसमें बाबा राममूर्ति, बाबा सोमनाथ बाबा तिलक राज कीर्तन दरबार में संगत को निहाल करेंगे और एक बजे विशाल भंडारे का प्रसाद वितरण होगा। सूरम सिंह ने कहा कि हर वर्ष गुरुद्वारा बल्ह खालसा में प्रबंधक बाबा कमल दास जी महाराज के नेतृत्व में स्वामी ईश्वर दास जी की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है और राज्य के साथ बाहरी राज्यों के हजारों की संख्या में श्रद्धालु धार्मिक कार्यक्रम का हिस्सा बनते हैं।

कुटलैहड़ भाजपा का ही रहेगा : राजेंद्र मलांगड़

बंगाणा। कुटलैहड़ भाजपा मंडल महामंत्री राजेंद्र मलांगड़ ने कहा कि कुटलैहड़ भाजपा का था और भाजपा का ही रहेगा क्योंकि वर्तमान समय में कुटलैहड़ की समस्त जनता भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार करने लगी है। पूरे कुटलैहड विस क्षेत्र के लोग भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो के साथ चल पड़े हैं। राजेंद्र मलांगड़ ने कहा कि 1985 के बाद कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता ने भाजपा के अलावा किसी अन्य या फिर कांग्रेस पार्टी को जीत नहीं दी है, क्योंकि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में विकास को केवल भाजपा ने ही एजेंडे में लेकर तवज्जो प्रदान की है। कुटलैहड़ में कांग्रेस पार्टी की हार निश्चित है।

कांग्रेस की हर गारंटी झूठ का पुलिंदा : सुषमा ठाकुर

पंचायत रैयांसरी में डोर-टू-डोर प्रचार अभियान के दौरान सुषमा ठाकुर व अन्य।

बंगाणा। कुटलैहड़ विस क्षेत्र में जब तक हर परिवार की महिला को प्रति माह 15 सौ रुपए के हिसाब से 17 माह के 25500 रुपए न मिले, तब तक कांग्रेस पार्टी को वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि डेढ़ वर्ष पूर्व भी कांग्रेस पार्टी ने 15 सौ रुपए प्रति माह की झूठी गारंटी देकर वोट बैंक हासिल किया था। जिला भाजपा महिला मोर्चा मंडल की उपाध्यक्ष सुषमा ठाकुर ने पंचायत रैयांसरी में डोर-टू-डोर प्रचार अभियान के दौरान कहे। सुषमा ठाकुर ने कहा कि भाजपा की हर गारंटी की गारंटी है, लेकिन कांग्रेस की गारंटियों की कोई गारंटी नहीं, क्योंकि डेढ़ वर्ष में अभी तक राज्य सरकार ने कोई गारंटी पूरी नहीं की है। कुटलैहड़ की जनता ने अब भाजपा के पक्ष में जाने का मन बना लिया है और देवेंद्र कुमार भुट्टो को बढ़ी बढ़त से जीतने के लिए कुटलैहड़ की जनता ने कमर कस ली है।

ईश्वर का नाम ही मनुष्य को भवसागर से करवाएगा पार : बाबा बाल महाराज

माता वैष्णो देवी मंदिर दियोली में झंडा चढ़ाने की रस्म की अदा

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा

माता वैष्णो देवी मंदिर दियोली के प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा के शुभ अवसर पर सुबह पं. संदीप शर्मा ने वैदिक वेद मंत्रों से पूजा-अर्चना कर विधि विधान से हवन डलवाया। इस दौरान माता वैष्णो देवी मंदिर के स्थापना दिवस पर झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की गई। महिलाओं ने संकीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने भक्तों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। बाबा बाल ने प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि मनुष्य को जीवन में प्रभु नाम सिमरन करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कलयुग में केवल भगवान का नाम ही मनुष्य को इस भवसागर से पार कर सकता है। महाराज ने कहा कि भागवत कथा हमें सिखाती है कि मनुष्य को कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए। इस

माता वैष्णो देवी मंदिर दियोली के प्रांगण में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में बोले बाबा बाल महाराज, (दाएं) उपस्थित श्रद्धालु।

संसार में पूरा जीवन अभिमान में बिताने वालों को भी अंत समय में अपनी सोच बदलनी पड़ती है। जिन नश्वर चीजों को लेकर हम अभिमान करते हैं, वे सभी यही रह जाती हैं। खाली हाथ संसार में आए व्यक्ति को खाली हाथ ही जाना होता है। भागवत की कथा का हमेशा ही स्मरण करना चाहिए। भगवान की कथा ही अमृत है, जिसको सुनकर ही शुकदेव अमर हुए थे।

इस अवसर पर वृंदावन से आए प्रसिद्ध कथावाचक पं. शिवा शास्त्री ने प्रथम दिवस की कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का सनातन धर्म में खास महत्व है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में बताया गया है कि पहली बार कथा श्रवण मात्र से ही राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और उनका अकाल मृत्यु से बचाव हुआ था, यही कारण है कि समय-समय पर भक्त श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन अपने घर, सार्वजनिक स्थलों आदि पर करवाते रहते हैं।

कथा वाचक शिवा शास्त्री ने बताया कि कथा सुनने से मिलने वाले पुण्य, नियम और यदि कथा न सुन पाएं तो किस प्रकार पुण्य फल की प्राप्ति हो सकती है। उन्होंने कहा कि कथा आयोजन स्थल में प्रवेश करने से पहले सांसारिक जीवन के दुख तकलीफों को भूलकर उस परम परमेश्वर ईश्वर का चिंतन मनन करना जरूरी है और घर से जिस उद्देश्य को लेकर कथा सुनने आते हैं, उसे अपने जीवन में जरूर पूरा करना चाहिए।

इस मौके पर राकेश चड्ढा व उनकी पत्नी सुनीता चड्ढा, रोहित चड्ढा, प्रियंका, पंकज चड्ढा, सुखविंद्र, शोभा, दक्ष आदि भक्त उपस्थित रहे।

जिले में प्रचंड गर्मी के साथ सियासी पारा भी चरम पर

राजेश शर्मा, ऊना

जिले में विधानसभा के दो उपचुनावों में सियासी पारा पूरे उफान पर है। एक ओर आसमान से प्रचंड गर्मी का प्रकोप है, तो दूसरी ओर सियासी धमाकों के कारण माहौल युद्धस्थल की तरह बन चुका है। चुनावी दंगल में यह अंतिम सप्ताह है और इसमें ही दोनों पक्षों की ओर से पूरी ताकत झोंकी जाएगी। ऐसे में कुटलैहड़ में एफआइआर प्रकरण और गगरेट में अवैध वसूली का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी भुट्टो ने चौदह महीने में कांग्रेस के विधायक के तौर पर सेवा की थी। इसके बाद उन्होंने प्रदेश के छह अन्य साथियों सहित पाला बदला और भाजपा के हो गए। काफी समय तक लोगों में रोष भी था, लेकिन भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाकर उनके समर्थकों के गुस्से को शांत कर लिया, लेकिन स्थापित भाजपा नेताओं का उन्हें आंतरिक विरोध झेलना पड़ा। भाजपा का संगठन उनके साथ चल रहा है, लेकिन कुछ नाराज लोग सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। हाल ही में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो और उनके बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज हुआ है। इस मामले के बाद फिर से चिंगारी सुलग गई है। हालांकि पूर्व विधायक ने सफाई भी दी है, लेकिन कहीं न कहीं चुनाव से सप्ताह भर पहले यह मामला उनके समर्थकों का मनोबल गिरा सकता है।

वहीं, इस क्षेत्र में कांग्रेस के प्रत्याशी विवेक शर्मा को लेकर भी कई तरह की टिप्पणियां कुछ लोगों द्वारा की गई हैं, लेकिन कांग्रेस संगठन में एकजुटता उनके लिए सहारा बनी हुई है। गगरेट विधानसभा क्षेत्र में अवैध वसूली के मामले को लेकर भाजपा प्रत्याशी पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। उधर, भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा की टीम और उनके प्रबंधकों की ओर से लगातार जनसंपर्क कर इस मुद्दे को लेकर अधिक तूल नहीं दिया जा रहा है। कुछ कलाकारों और प्रमुख लोगों के माध्यम से माहौल को बनाया जा रहा है। यहां भाजपा का संगठन चैतन्य के साथ है, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता अंदरखाते नाखुश भी हैं। ऐसे में भीतरघात का भी चैतन्य के लिए खतरा बना हुआ है। उधर, राकेश कालिया को कांग्रेस का टिकट मिलने के बाद कुछ नेता नाराज भी नजर आए थे, लेकिन अब उनके एक साथ आने से विरोधी पक्ष के लिए और मुश्किलें पैदा हो गई हैं। (अनंत ज्ञान)

अनुराग ठाकुर ने करवाया अपने संसदीय क्षेत्र में रेल का विकास : अरुण कौशल

अनंत ज्ञान, ऊना

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के नेता अरुण कौशल ने कहा कि रेल क्षेत्र में सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने बहुत विकास करवाया हैं। जहां ऊना से एक समय पर केवल दो रेलगाड़ियां चलती थीं, लेकिन अब उनके प्रयासों से हमारे जिले से वंदे भारत समेत आठ रेलगाड़ियां भारत के अन्य राज्यों से जुड़ी हैं। आने वाले समय में दौलतपुर चौक स्टेशन पर वाशिंग लाइन का कार्य समाप्त होने पर नंगल डैम और चंडीगढ़ जंक्शन से कई और रेलगाड़ियों का ऊना हिमाचल / दौलतपुर चौक तक विस्तार करवाया जाएगा।

ऊना-हमीरपुर नई रेल परियोजना की घोषणा भी उनके प्रयासों से ही हो पाई है। केंद्र में कांग्रेस सरकार ने कभी भी हिमाचल में रेल विकास नही करवाया। निकट भविष्य में कुटलैहड़ में भी रेल इंजन की आवाज जरूर सुनाई देगी, जिससे हमारे क्षेत्र का अधिक तेजी से विकास होगा। क्षेत्र की जनता धुंधला स्टेशन से बैठकर सीधे दिल्ली उतरा करेगी। आज जिला से नई दिल्ली, हरिद्वार, मेरठ शहर, उज्जैन, भोपाल, हजूर साहिब नंदेड़, इंदौर, जयपुर, अजमेर, गुजरात, खाटू श्याम नगरी (रिंग्स) तक सीधी रेल जाती है। यह हमारे लिए बड़ी गर्व की बात है। आगे चलकर हम तलवाड़ा-मुकेरियां से जुड़ जाएंगे, जिस से श्रीनगर से कन्याकुमारी की रेल वाया ऊना होकर जाएगी, जिससे हमारे क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे।

कांग्रेस समय रहते अगर नंगल डैम-तलवाड़ा रेल खंड का कार्य करवा देती तो आज माता वैष्णो देवी कटड़ा की कई ट्रेनें हिमाचल होकर गुजरतीं, लेकिन कांग्रेस ने केवल देश को लूटने का कार्य किया है। अनुराग ठाकुर के सांसद बनने के बाद ही इस परियोजना को गति मिली है।

अपने वोट का प्रयोग क्षेत्र के विकास के लिए करें : विक्कू

राजेश ठाकुर, बंगाणा

कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा विक्कू ने सोमवार को सासन, कैहलमी, हेरू, राजली बनयाला, त्यासर, सोहरी, तुरकल, धबेड़ा, बुधान, गुजरेहड़ा नेरी, नेरी, पडियोला, धारेत, कोहडरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वोट सबका एक है और अधिकार भी एक है, इसीलिए आज हमें इस मत का प्रयोग क्षेत्र के विकास के लिए करना है।

उन्होंने कहा कि जब मेरे पिता विधायक थे, उस समय जो ढांचा तैयार हुआ था, आज ज्यों का त्यों है। लठियानी डिस्पेंसरी का दर्जा बढ़ाना, स्कूलों के खेल के मैदानों का विस्तार, सड़कों का सुधार और सबसे बड़ी समस्या पानी की है, जिसके लिए गोबिंदसागर से पानी उठाकर क्षेत्र की इन समस्याओं को दूर किया जाएगा। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री चाहते हैं कि क्षेत्र का विकास हो। अब पहला काम आपको मत का प्रयोग करना है,

जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ।

उसके बाद काम हमारा है। विक्कू ने कहा कि जो व्यक्ति अपने बेटे का जाली लाइसेंस बना उसके जीवन पर लाल लकीर लगाकर खराब कर सकता है, वह आपके बच्चों को शराब, चिट्टा इत्यादि कार्यों में धकेल सकता है।

जब ये विधायक थे, तो एक पड़े लिखे युवा नौकरी मांगने गए तो बोले ठेके पर लगा देते हैं, जब मेरे को यह बात पता चली तो मुझे मेरे पिता की कही बात याद आ गई कि ये लोग कल को हमारे क्षेत्र को खोखला कर देंगे। आज वही बात सच होती नजर आई है, जब विधायक ने बेटे को अपराध की तरफ धकेला। उन्होंने कहा की आज बोट आपको अपने बच्चे के लिए ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए करना चाहिए।

ये रहे उपस्थित : संपर्क अभियान के दौरान राम आसरा ब्लॉक अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव देशराज मोदगिल, लेखराज भारती, रविंद्र फौजी, मुनीष भैंस, सत्या देवी, महिंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, केवल कृष्ण, गंगाराम, विजय, बबलू, दीपू, रिंकू, सुरेश, भोला, बालकृष्ण शास्त्री, अमर चन्द शर्मा, राकेश कुमार, सुरेश कुमार, काकू, रिंटू, कोकलु, बलदेव शर्मा, कुलदीप शर्मा, तिलक राज, शिवनाथ पादा सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आज अच्छे-बुरे की है लड़ाई : मोदगिल

प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव देसराज मोदगिल ने कहा कि मुझे याद है कि समुर मंदिर में उस समय हम सभी ने मेहनत की और उनको जिताकर विधानसभा भेजा, लेकिन 14 महीनों में जो व्यक्ति बिना सोचे-समझे धोखा दे सकता है, उसे मौका क्यों। उन्होंने कहा कि जो भाजपा के जाने तक राम विरोधी थे, आज राम का प्यारा कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि हम भी सनातनी हैं। हम उस वक्त भी राम को मानते थे और आज भी, लेकिन इन्होंने अपने किए हुए कर्मों को राम के नाम से भूलना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसे लोगों को क्यों चुने जो बच्चों के रक्षक नहीं, भक्षक है। उन्होंने कहा कि आज लड़ाई विचारधारा की नहीं, अच्छे बुरे की है।

'रन फॉर डेमोक्रेसी' मैराथन में वंश प्रथम

'रन फॉर डेमोक्रेसी' मैराथन में भाग लेने वाले युवा गणमान्यों के साथ।

अनंत ज्ञान, बंगाणा

ऊना जिले में स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर लोगों को चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक व प्रेरित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत उपमंडल बंगाणा में सोमवार प्रात: 8 बजे 'वोट फॉर डेमोक्रेसी, वोट करेगा कुटलैहड़' जागरूकता संदेश के साथ रिटर्निंग अधिकारी कुटलैहड़-45 कम एसडीएम सोनू गोयल के अध्यक्षता में आज 'रन फॉर डेमोक्रेसी' मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मैराथन को बंगाणा टैक्सी स्टैंड में रिटर्निंग अधिकारी कुटलैहड़-45 कम एसडीएम सोनू गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो कि हटली चौक पर संपन्न हुई।

'रन फॉर डेमोक्रेसी' मैराथन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंश ठाकुर, अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के छात्र ने, द्वितीय स्थान हर्ष ठाकुर, गवर्नमेंट आईटीआई बंगाणा के छात्र ने और तृतीय स्थान विशाल कुमार, गवर्नमेंट आईटीआई बंगाणा के छात्र ने प्राप्त किया। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी कुटलैहड़-45 सोनू गोयल ने बताया कि मैराथन का उद्देश्य युवाओं सहित सभी मतदाताओं को चुनावों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है, ताकि चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा थीम 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' दिया गया है। लोगों को जागरूक करने के लिए इस अवसर पर स्वीप कुटलैहड़ 45 विधानसभा स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी, इलेक्शन कानूनगो जीवन शर्मा, डॉ. विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

सिरमौर ने किन्नौर को 101 रनों से हराया

ऊना। सीनियर जिला स्तरीय वनडे प्रतियोगिता में सिरमौर और किन्नौर के बीच में एकदिवसीय मैच पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में खेला गया। इसमें सिरमौर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 232 रन बनाए। इसमें प्रशांत तोमर ने सबसे ज्यादा 122 रन बनाए। योगेश वशिष्ठ ने तीन, राकेश ने दो, जबकि दिनेश कुमार, विकास ठाकुर,

रविराज ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी लाहौल-स्पीति की टीम ने 10 विकेट खोकर 131 रन बनाए। विकास ठाकुर ने 26, दिनेश कुमार ने 31, जबकि योगेश विशिष्ट ने 22 रन बनाए। शिवचरण ने 3, गुलशन वीर शर्मा ने दो, जबकि अंकुश धारी वाल ने एक विकेट प्राप्त किया। सिरमौर की टीम में लाहौल-स्पीति को 101 रन से हराकर टूर्नामेंट की दूसरी जीत दर्ज करवाई,

एकल गान प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में सूर्यांश रहा अव्वल

अनंत ज्ञान, बंगाणा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में अंतरसदनीय एकलगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंच संचालन की भूमिका मनिंद्र कुमार प्रवक्ता व जमा दो की छात्रा वंशिका व गौरी द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका बलबंत सिंह प्रवक्ता, राकेश कुमार प्रवक्ता व सुदेश कुमारी टीजीटी द्वारा अदा की गई।

एकल गान प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में सूर्यांश, (सुभाष चंद्र बोस सदन) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल गान प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में कुमकुम व शुभम (सरदार बल्लभ भाई पटेल सदन) प्रथम स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य अनिल ठाकुर व उपप्रधानाचार्य अनिल कुमार द्वारा सभी विजेताओं को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य अनिल ठाकुर ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

इस दौरान बलबंत सिंह प्रवक्ता, प्रवीण शर्मा प्रवक्ता व स्टॉफ सचिव, अंबिका रानी प्रवक्ता, सतीश कुमार प्रवक्ता, राकेश धीमान प्रवक्ता, राजीव डोगरा प्रवक्ता, मनिंद्र कुमार प्रवक्ता, मनोज कुमार प्रवक्ता, राकेश कुमार प्रवक्ता, धीरज कतना प्रवक्ता व समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

बुधान में अंतरसदनीय एकल गान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स शिक्षकों के साथ।

आयोजन 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए करवाया कार्यक्रम

एकलव्य अवार्ड से सम्मानित किए मेधावी छात्र

अनंत ज्ञान, ऊना

पृथ्वी अभ्युदय एजुकेटर्स एसोसिएशन इंडिया ने ऊना जिले की एकमात्र इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के पाई एकलव्य अवार्ड 2023-24 समारोह में शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने पाई एकलव्य सम्मान समारोह 2023-24 की मेजबानी की।

यह कार्यक्रम बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करने के लिए समर्पित था। समारोह में सम्मानित मुख्य अतिथि प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा, जिला उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा, ऊना देवेंद्र चंदेल की उपस्थिति रही। क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए डॉ. शर्मा ने अकादमिक उत्कृष्टता और निरंतर सीखने के

आयोजकों के साथ पुरस्कार पाने वाले मेधावी छात्र।

महत्व पर जोर देते हुए एक प्रेरक भाषण दिया। इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो अकादमिक प्रतिभा को पहचानने और पोषित करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पीएएआई के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. हर्षवर्धन सिंह व कुलपति इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने छात्रों को बधाई दी और युवा दिमागों को अधिक ऊंचाई हासिल करने के लिए प्रेरित करने में ऐसे आयोजनों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में गर्वित माता-पिता, शिक्षकों और छात्रों का जमावड़ा था।

कुलपति ने कहा कि ये उत्सव न केवल छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण का सम्मान करने के बारे में हैं, बल्कि उन्हें अटूट दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के बारे में भी हैं। सम्मानित छात्रों ने जैसे ही अपने पुरस्कार प्राप्त किए, उनके चेहरे गर्व और खुशी से चमक उठे। मेधावी छात्र सम्मान समरोह ने शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और अपने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य का समर्थन करने के लिए इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के समर्पण के प्रमाण के रूप में कार्य किया।

मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रभावशाली उपस्थिति देखी गई, जिसमें 158 उत्कृष्ट छात्र सम्मान समारोह के लिए इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में एकत्र हुए। पृथ्वी अभ्युदय एजुकेटर्स एसोसिएशन इंडिया (पीएएआई) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने अकादमिक उत्कृष्टता को पहचानने और प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालय के समर्पण को रेखांकित किया।

समारोह में इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के एनसीसी आर्मी विंग के कैडेटों के सम्मान में एक विशेष खंड भी शामिल था। जेएनवी पेखुवेला में आयोजित आर्मी कैंप में छह पदक जीतने वाले इन कैडेटों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कुलपति और मुख्य अतिथि ने अनुशासन, समर्पण और कौशल के अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए कैडेटों की सराहना की, जिसने न केवल विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया, बल्कि शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ समग्र विकास के महत्व को भी रेखांकित किया। इन कैडेटों की मान्यता ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले पूर्ण व्यक्तियों को पोषित करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को उजागर किया।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से 11 वर्षीय बच्चे की मौत

हरोली। हरोली के तहत पड़ते घालूवाल में ट्रैक्टर की चपेट में आने से 11 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मृतक की पहचान कृष्ण चंद पुत्र कुशल सिंह गांव खगड़िया बिहार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों अनुसार स्कूल से वापस आते समय कृष्ण के साइकिल की चैन उतर गई थी तथा वह उसे ठीक करने में लगा हुआ था, इतने में ट्रैक्टर चालक देव ट्रैक्टर ट्रॉली को बैक करने लगा। अचानक ट्रैक्टर साइकिल तथा कृष्ण पर चढ़ गया।

कृष्ण की मौके पर ही मौत हो गई हादसे की सूचना पुलिस को दी गई तथा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचाया गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने कहा कि ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कृष्ण छठीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा था, उसकी एक बड़ी बहन तथा बड़ा भाई है।

संपादकीय

आसमान से बरस रही आग

देश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसा लग रहा है मानो आसमान से आग बरस रही हो। पूरा उत्तर-पश्चिम भारत हीटवेव की चपेट में है। सबसे ज्यादा गर्मी राजधानी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और उत्तर प्रदेश में पड़ रही है। दिल्ली में तो पारा 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। इसमें अभी और इजाफा होने वाला है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो इस बार तापमान 55 डिग्री के पार पहुंच जाएगा। गर्मी की सबसे ज्यादा मार दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान पर पड़ने वाली है। मौसम विभाग ने पांच दिन तक उत्तरी भारत में भीषण लू (हीटवेव) चलने की आशंका जताई है। आसमान से केवल मैदानी इलाकों में ही आग नहीं बरस रही, इससे तो ठंडे पहाड़ भी तप रहे हैं। पहाड़ी राज्य हिमाचल में भी तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। राज्य के आधे से ज्यादा जिले लू की चपेट में हैं। लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। पहाड़ों की रानी कहलाने वाला शिमला भी खूब तप रहा है। यहां तापमान 30 डिग्री तक पहुंच चुका है। अत्यधिक गर्मी पड़ने का सबसे ज्यादा असर स्कूल जाने वाले बच्चों और मेहनत मजदूरी करने वाले लोगों पर पड़ रहा है। यही वजह है कि हिमाचल स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य के कई जिलों में स्कूल के समय में बदलाव कर दिया है। कहीं स्कूल एक घंटा पहले खुलेंगे तो कहीं डेढ़ घंटा पहले। स्कूलों में बच्चों को छुट्टी भी एक और डेढ़ घंटा पहले ही हो जाएगी, लेकिन चिंता की बात तो यह है कि जब बच्चों को स्कूल से छुट्टी होगी, उस समय सूरज सिर के ऊपर होगा और उस समय भीषण गर्मी होगी। ऐसे में स्कूल का समय बदलने से बच्चों को राहत कैसे मिल पाएगी।

शिक्षा विभाग सिर्फ स्कूल खुलने के समय को ही ध्यान में रखकर फैसला लेता है। अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते कि सुबह के समय तो ज्यादा गर्मी नहीं होती। दिन का सबसे गर्म वक्त दोपहर का होता है। अगर उस समय बच्चों को छुट्टी होगी तो घर आते वक्त उन्हें सबसे ज्यादा गर्मी का सामना करना पड़ेगा। विभाग को स्कूल टाइमिंग इस तरह से तय करनी चाहिए कि दोपहर के वक्त बच्चों को आग उगलते सूरज का सामना न करना पड़े। अगर बच्चे इस समय बाहर निकलेंगे तो वे हीट वेव्स की चपेट में आ सकते हैं। उन्हें लू लग सकती है, जो कि बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। हिमाचल में ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए आज भी दो से तीन किलोमीटर तक का सफर पैदल ही तय करना पड़ता है। भारी-भरकम बस्ता उठाए ये बच्चे स्कूल से जब घर पहुंचते हैं तो वे इतना थक चुके होते हैं कि बिना कुछ खाए-पीए ही सो जाते हैं। इससे उनकी सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। सरकार और शिक्षा विभाग को चाहिए कि वे ऐसा शेड्यूल तैयार करें कि बच्चों को न तो दोपहर को स्कूल जाना पड़े और न ही स्कूल से वापस घर आना पड़े।

इसके अलावा दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोगों को भी दोपहर के समय काम करने से बचना होगा। वे दोपहर को आराम और देर शाम तक काम कर अपने आठ घंटे पूरा कर सकते हैं। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को तो खुद ही यह फैसला लेना होगा। सुबह और शाम काम और दोपहर को आराम के फॉर्मूले को अपनाना होगा। दोपहर को काम करते वक्त अगर उन्हें लू लग गई तो सारी कमाई ठीक होने में ही लग जाएगी। ऐसी कमाई का कोई फायदा नहीं, जो दवाई पर ही खर्च हो जाए। आम लोगों को भी गर्मी से बचना चाहिए। उन्हें भी अपनी दिनचर्या में बदलाव करना चाहिए। गर्मी की मार सभी पर एक जैसी ही पड़ती है। जो घर या दफ्तरों में काम करते हैं, वे तो कुछ हद तक सूरज की गर्मी से बच जाते हैं, लेकिन जो आउटडोर काम करते हैं, उन्हें गर्मी से बचने के लिए कोई न कोई योजना बनानी चाहिए, ताकि वे लू की चपेट में न आएं। इंसान होने के नाते हमें पशु और पक्षियों के बारे में भी सोचना पड़ेगा। उनके लिए भी पानी की जगह-जगह व्यवस्था करनी होगी, ताकि उन्हें पानी की तलाश में इधर-उधर न भटकना पड़े। ■

सामाजिक एकजुटता से होगा आतंकवाद का खात्मा

राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर विशेष

21 मई की तारीख आतंकवाद को खत्म करने और शांति-सद्भाव को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालती है। देशवासी हमेशा से महसूस करते आए हैं कि कैलेंडर में टंगी 21 मई की तारीख प्रत्येक भारतीयों के लिए सदैव मनहूस ही रहेगी, क्योंकि यह वही डेट है, जिसने भारत के छठे प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मौत मुकर्रर की थी। आज उनकी पुण्यतिथि भी है। राजीव की हत्या के बाद ही सालाना 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' को मनाए जाने की आधिकारिक घोषणा हुई। राजीव गांधी की 21 मई, 1991 को मद्रास के पास एक गांव श्रीपेरंबुदूर में 'लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम' की महिला सदस्य ने मानव बम बनकर हत्या कर दी थी। तब, केंद्र में आई अगली वीपी सिंह सरकार ने इस दिन को 'आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में दर्ज करवाया।

'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी' दिवस स्मरण, चिंतन और कार्रवाई का दिन है। यह सच है, आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, वह केवल विनाश की भाषा समझते हैं। बेकसूर लोगों का सिर्फ लहू ही पीना जानते हैं। केंद्र व राज्य सरकारें डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवाद से बचाव और उनके मंसूबों को परखने के लिए समय-समय पर विभिन्न तरह के संदेशों का प्रचार-प्रसार करती रहती हैं। निश्चित रूप से राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि यह देशवासियों को अपने दैनिक जीवन में सतर्कता बरतने और सावधान रहने को आग्रह करता है। साथ ही अपने मतभेदों को दूर करने और सौहार्दपूर्ण ढंग से सह-अस्तित्व के लिए प्रोत्साहित कर अमन-शांति को बढ़ावा देने का भी प्रयास करता है। इसके अलावा यह दिन हमें यह भी अहसास कराता है कि आज के वक्त में समाज को शांतिपूर्ण बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण है। आतंकवाद विरोधी दिवस देशवासियों को आतंक के खतरनाक प्रभावों के संबंध में तसल्ली से जागरूकता पैदा करता है। भारत का गुजरा समय कुछ ऐसा था, जब देशवासी अपने भीतरी 'लिट्टे नामक आतंकवाद' का दंश झेल रहे थे, जो चारों ओर खूनी कहर बरपा रहा था।

लेखक : डॉ. रमेश ठाकुर
स्वतंत्र टिप्पणीकार

गनीमत यह थी उसका प्रभाव दक्षिण राज्यों में ही ज्यादा रहा। कहने को यह उग्रवादी अलगाववादी समूह श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में तमिलों के लिए एक स्वतंत्र मातृभूमि के लिए लड़ रहा था, लेकिन उनकी हरकतें कहीं से भी मातृभूमि के लिए लड़ने वाली नहीं लगती थीं। क्योंकि यह संगठन अपने ही सैकड़ों लोगों को मौत के घाट उतार रहा था।

राजीव गांधी की हत्या भी बड़ी साजिश का हिस्सा थी। तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में चुनावी रैली के दौरान उन्हें निशाना बनाया गया। महिला हमलावर ने बकायदा राजीव के पास आकर उनके पैर छुए और मानव बम का बटन दबाकर विस्फोट कर उन्हें उड़ा दिया। उस दर्दनाक घटना ने समूचे हिंदुस्तान को झकझोर दिया था, पर उसके बाद यहीं से आतंकवाद को खत्म करने के लिए केंद्र व राज्य सरकारों ने कमर कसी, कई ऑपरेशन चलाए, जिसका नतीजा यह हुआ, कुछ वर्षों के भीतर लिट्टे का नाम पूरी तरह से नेस्तनाबूद हो गया। आज का दिन जनमानस को आतंकवाद जैसे असामाजिक कृत्य के प्रति न सिर्फ जागरूक करता है, बल्कि राष्ट्रीय सद्भाव को बढ़ावा देना, आतंकवाद को कम करने और सभी जातियों, पंथों और लिंग के लोगों को एकजुट करने का संबल भी प्रदान करता है। 80-90 के दशक में समूचा भारत आतंकवाद से बुरी तरह प्रभावित था, लेकिन जैसे-जैसे समय आगे बढ़ा, हालात तेजी से सुधरे? अंदरुनी स्तर पर नक्सलवाद के चलते अब भी भारत के कुछ जंगली क्षेत्रों में निम्न-स्तरीय संघर्ष है, पर अधिकांश आबादी अब तकरीबन आतंकवाद से मुक्त है।

बाहरी आतंक से भी आजादी मिल चुकी है। पहले के मुकाबले जम्मू-कश्मीर के हालात भी अब ठीक हैं। सुधरते हालातों की ही सुखद तस्वीर है कि लाल चौक पर तिरंगा लहरा रहा है। वैश्विक स्तर पर देखें तो, 2022 से आतंकवाद से होने वाली मौतों में 79 फीसदी की गिरावट आई है। घाटी में लगातार होते हमलों में भी 90 फीसदी की कमी है। आतंकवाद पोषित देश पाकिस्तान अगर अपनी हरकतों से तौबा कर लें, तो यह आंकड़ा सौ फीसदी हो जाएगा, लेकिन, पाकिस्तान भला कहां सुधरने वाला, अपनी हरकतों से वह बाज नहीं आएगा। इस दिवस को मनाए जाने के मकसद की जहां तक बात है, तो आतंकवाद और हिंसा के खतरों पर स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में बहस या चर्चा आयोजित करके युवाओं को उल्लिखित उद्देश्यों से अवगत करवाया जाता है। आतंकवाद के दुष्प्रभावों और उसके परिणामों को उजागर करने के लिए जन शिक्षा कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकार लोगों को आतंकवाद के प्रभावों से अवगत कराने के लिए रैलियां और परेड भी निकालती हैं।

हालांकि, इस समय लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं, तो इस साल रैलियां आयोजित नहीं होंगी। आतंकवादी अपने संगठनों में युवाओं को बहला फुसलाकर शामिल करते हैं। युवा उनके चंगुल में न फंसें, इसको लेकर भी सरकारें विभिन्न तरह से उन्हें जागरूक करती रहती हैं। युवा आतंकियों के बहकावे में न आएं, ये चुनौतियां हुकूमतों के समझ हमेशा से रही हैं। जम्मू में एक वक्त आतंकी संगठनों द्वारा लालच देकर नौजवान युवाओं को सेना के जवानों पर पत्थर फेंकने पर उकसाया जाता था, पर अब वहां के युवा भी आतंकियों का खेल समझ चुके हैं। पत्थरबाजी की घटनाओं पर अब वहां अंकुश लग चुका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

जंगलों के बिना मानव जीवन संभव नहीं

हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी इलाका है जिसके जंगलों में विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे, औषधियां, जीव-जंतु निवास करते हैं, जो कि हिमाचल प्रदेश को जैवविविधता की दृष्टि से समृद्ध बनाते हैं तथा प्रदेश की आर्थिकी को मजबूती प्रदान करते हैं। अन्य राज्यों के लोग भी हिमाचल प्रदेश में यहां के सुंदर पहाड़ों जो कि पेड़-पौधों तथा विभिन्न प्रकार के जीव जंतुओं से परिपूर्ण हैं, की मनोहर झलक देखने के लिए आते हैं।

हिमाचल प्रदेश के जंगल यहां के लोगों को शुद्ध वायु, भोजन, फल, दवाइयां, लकड़ी तथा पशुओं के लिए चारा उपलब्ध करवाते हैं। अत: हम कह सकते हैं कि इन जंगलों में जो जैव विविधता पाई जाती है, वह पृथ्वी ग्रह के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। स्पष्ट रूप में कहा जाए तो जंगलों के बिना मानव जीवन संभव नहीं है, क्योंकि यही मनुष्य को ऑक्सीजन देते हैं। पेड़-पौधे पर्यावरण में ऑक्सीजन तथा कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा का संतुलन बनाए रखते हैं। पेड़ पौधे समय-समय पर पर्याप्त मात्रा में वर्षा करवाने में सहायक रहते हैं तथा ग्लोबल वार्मिंग को भी कम करते हैं। पेड़-पौधों की जड़ें मिट्टी को पूर्ण रूप से जकड़े रखती हैं तथा मृदा संरक्षण में पूर्ण रूप से सहायक रहती हैं। यह आमतौर पर देखा गया है कि जिन इलाकों में पेड़-पौधों की मात्रा पर्याप्त होती है, वहां पर बाढ़ इत्यादि का प्रकोप भी बहुत कम रहता है, परंतु बहुत दुख कि बात है कि गर्मियों के दिनों में हिमाचल के अधिकांश जंगल आग में जलकर राख हो जाते हैं। इन जंगलों में आग लगने से पेड़-पौधों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु भी नष्ट हो जाते हैं। यही कारण है कि आज पेड़-पौधों तथा जीव जंतुओं की विभिन्न प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं।

लेखक : लकेश चंदेल
अध्यापक, बिलासपुर

हर इंसान को इन सब चीजों के बारे में विचार-विमर्श करना चाहिए तथा जंगलों को आग से बचना चाहिए। जंगलों को आग से बचाने के लिए आम जनता को वन विभाग के साथ सहयोग करना चाहिए, जैसे कि जंगलों में चीड़ तथा अन्य वृक्षों की सूखी पत्तियों को गर्मियों से पहले हटा देना चाहिए ताकि वे आग का कारण न बनें। जंगलों के नजदीक कभी भी आग नहीं जलानी चाहिए। जंगलों में आग लगने पर तुरंत वन विभाग को सूचना देनी चाहिए।

कुछ लोग सोचते हैं कि अगर वे जंगलों में आग लगाएंगे तो इसके बाद उनके पालतू पशुओं को अच्छा चारा मिलेगा, जो कि एक गलत विचारधारा है। जंगलों में आग लगाना एक बहुत बड़ा पाप है क्योंकि जीव-जंतुओं के यही घर होते हैं। आम नागरिक वन महोत्सव के उपलक्ष्य पर अधिक से अधिक वन लगाएं जिससे हमारे जंगल पुन: हरे भरे हो जाएं। यदि जंगलों में आग लगेगी तो पर्यावरण प्रदूषण बढ़ेगा। वायु प्रदूषण के कारण मानव जीवन में अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं। अगर हम जंगलों को सुरक्षित रखेंगे, तभी प्रकृति भी हमारी रक्षा करेगी तथा मानव जीवन रोगों तथा प्राकृतिक आपदाओं से बचा रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

कविता

तबाही और शराफत

उदयवीर भारद्वाज
मंदिर मार्ग कांगड़ा

तबाही की इंतेहा कर डाली
शराफत मेरी चीखों में बदल डाली
इंतकाम की भाषा बोल हाहाकार बरपाया
खुल न सकीं दिल की खिड़कियां
बात क्या करता शर्म-हया तूने बेच डाली
फूट पड़ा सैलाब भावनाओं का
बे-रहम कैसी पीड़ा दे डाली
रिश्ते ही जान ले रहे
कमजोर इतने हुए टूटे जा रहे
ज्यादा पानी की चाहत होड़
खुशियां खरीदने की
संतोष-समर्पण छोड़
दूरियां बना अपनों से
गलतफहमी में जी रहे
जान न सका कब, क्यों और कैसे
तबाही की इंतहा कर डाली
शराफत मेरी चीखों में बदल डाली।

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

भारत के अनूठे व्यंग्य रचनाकार

शरद जोशी का जन्म 21 मई 1931 को उज्जैन में हुआ था। शरद जोशी अपने समय के अनूठे व्यंग्य रचनाकार थे। अपने वक्त की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विसंगतियों को उन्होंने अत्यंत पैनी निगाह से देखा। वह भारत के पहले व्यंग्यकार थे, जिन्होंने पहली बार मुंबई में 'चकल्लस' के मंच पर 1968 में गद्य पढ़ा और किसी कवि से अधिक लोकप्रिय हुए। क्षितिज, छोटी सी बात, सांच को आंच नहीं, गोधूलि और उत्सव फिल्में लिखने वाले शरद जोशी ने 25 साल तक कविता के मंच से गद्य पाठ किया। शरद जोशी के व्यंग्य में हास्य, कड़वाहट, मनोविनोद और चुटीलापन दिखाई देता है, जो उन्हें जनप्रिय और लोकप्रिय रचनाकार बनाता है। उन्होंने टेलीविजन के लिए 'ये जो है जिंदगी', 'विक्रम बेताल', 'सिंहासन बत्तीसी', 'वाह जनाब', 'देवी जी', 'प्याले में तूफान', 'दाने अनार के' और 'ये दुनिया गजब की' आदि धारावाहिक लिखे। वह चकल्लस पुरस्कार, काका हाथरसी पुरस्कार, श्री महाभारत हिंदी सहित्य समिति इंदौर द्वारा 'सारस्वत मार्तंड' की उपाधि से सम्मानित हुए। 1990 में भारत सरकार की ओर से पद्मश्री की उपाधि से सम्मानित हुए। उन्होंने लिखा था, 'अब जीवन का विश्लेषण करना मुझे अजीब लगता है। बढ़-चढ़कर यह कहना कि जीवन संघर्षमय रहा। लेखक होने के कारण मैंने दुखी जीवन जिया, कहना फिजूल है। जीवन होता ही संघर्षमय है। किसका नहीं होता? लिखने वाले का होता है तो क्या अजब होता है।

शरद जोशी
जन्म : 21 मई, 1931
मृत्यु : 5 सितंबर, 1991

इब्राहिम रईसी के जाने से उभरे कई सवाल

हेलिकॉप्टर हादसे में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुलाहियन सहित अन्य सभी लोगों की मौत हो गई। आधिकारिक घोषणा से पहले इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की वेबसाइट से लेकर ईरानी टेलीविजन्स के एंकर और समाचार वाचकों के काले कपड़ों ने देश के लिए सबसे बड़े शोक का संकेत दे दिया था।

मुख्य बात यह है कि इसके पहले ही ईरान में जिस तरह की हलचल दिख रही थी, वह स्वयं ईरान और मध्य एशिया के लिए शुभ नहीं कही जा सकती। आशंका का तत्काल कारण इसराइल-हमास के बीच चली झड़पें हैं। इन झड़पों की वजह से यह भी कहा जा रहा है कि ईरानी राष्ट्रपति की हेलिकॉप्टर दुर्घटना दरअसल, साजिश है।

ईरान अपने राष्ट्रपति की स्थिति पर कुछ बोले, उसके काफी पहले इसराइल की इस बारे में प्रतिक्रिया सिर्फ असावधानी नहीं कही जा सकती। इसराइल ने दुनिया में सबसे पहले इस पर टिप्पणी की और कहा कि हादसे में अब किसी के भी बचने की संभावना नहीं है। उधर, अमेरिकी कांग्रेस के एक सीनेटर ने तो यहां तक कह डाला कि इस हादसे में एक बड़े 'आतंकवादी' का अंत हो गया। उसका इशारा ईरानी राष्ट्रपति के न्यायिक प्रमुख के रूप में लिए गए फैसलों की तरफ रहा होगा।

इसराइल और अमेरिकी सीनेटर के बयान के निहितार्थ निकाले जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अवश्य ईरान की सरकारी घोषणा के पहले सीनेट हाउस से किसी भी तरह के बयान को स्थगित रखा।



लेखक : डॉ. प्रभात ओझा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह इसराइल- हमास संघर्ष में इसराइल के साथ खड़े अमेरिका की कूटनीतिक समझदारी ही हो सकती है। हमास लड़ाकों के साथ ईरानी आईआरजीसी के रिश्तों को लेकर पहले से ही दुनिया में चर्चा रही है, इसीलिए इस युद्ध को इसराइल-ईरान संघर्ष बनने में देर नहीं लगी।

अप्रैल में चली झड़पों के बीच ईरानी हमले के बाद इसराइल ने ईरान को इसकी कीमत भुगतने की चेतावनी दी थी।

यही कारण है कि हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह के बेटे ने अब इस हादसे के बाद परोक्ष रूप से इसराइल को धमकी दी है। उसने कहा कि यदि यह साजिश है, तो हिजबुल्लाह दुनिया का नक्शा बदल देगा। हिजबुल्लाह एक शिया इस्लामी संगठन है और ईरान भी शिया राष्ट्र है। स्वाभाविक तौर पर ईरान को अभी कुछ दिन इस आपदा से उबरने का वक्त चाहिए।

फिलहाल इब्राहिम रईसी की जगह उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर देजफुली को उनकी जगह ईरान के राष्ट्रपति का दायित्व सौंपा गया है। ईरानी व्यवस्था के तहत 50 दिन के अंदर नए राष्ट्रपति का चुनाव कराया जाएगा। इब्राहिम रईसी की तरह मोहम्मद मोखबर देजफुली भी ईरान के सर्वोच्च नेता अली खोमोनेई के बेहद करीबी हैं। उम्मीद की जाती है कि मोहम्मद मोखबर ही अगले राष्ट्रपति हो सकते हैं।

राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को सर्वोच्च नेता अली खोमोनेई का उत्तराधिकारी माना जा रहा था। उम्र के 80 साल पार कर चुके खोमोनेई की जगह अब मोहम्मद मोखबर ले सकते हैं। ईरान में राजनेताओं के साथ सेना और धार्मिक नेता मिलकर ही देश चलाते हैं। इस व्यवस्था के तहत राष्ट्रपति ही न्यायिक प्रमुख भी हुआ करता है। इस तरह ईरान में भावुकता भरे माहौल में एक कट्टर के बाद उसी तरह के राष्ट्रपति का चुनाव संभव हो सकेगा।

हालांकि, समस्या सिर्फ यही नहीं होगी। ईरान के अंदर उथल-पुथल का असर उसकी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। इस समय ईरान आर्थिक बदहाली में है। उसे जल्द संभलते हुए अपने तेल व्यवसाय पर भी नजर रखनी होगा। ईरान का तेल सबसे अधिक चीन को निर्यात होता रहा है।

चीन और रूस इस परिदृश्य में ईरान के ही साथ हैं, फिर भी अपने लोगों को संभालते हुए दुनिया, खासकर मध्य एशिया में अपनी स्थिति ठीक रखना ईरान के लिए एक चुनौती है। राष्ट्रपति रईसी के जाने से यह चुनौती और अधिक बढ़ गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अपनी बात

आज समाज में नशे की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप धारण करती जा रही है। मादक पदार्थों के सेवन में बीड़ी-सिगरेट पीना, शराब पीना व चिट्टे का सेवन करना शामिल है। मादक पदार्थों के सेवन के लिए बच्चों को बहुत से पैसों की जरूरत पड़ती है, जिसे पूरा करने के लिए पहले वे घर में झूठ बोलकर पैसे का जुगाड़ करते हैं, लेकिन यह सिलसिला यहीं समाप्त नहीं होता। नशे की लत उन्हें और भी कई प्रकार के असामाजिक कार्य करने को मजबूर कर देती है। अंत में यह सिलसिला समाप्त होता है उनकी मौत के साथ। यह केवल एक बच्चे या इंसान की ही मौत नहीं होती, बल्कि पूरे परिवार की, परिवार के सपनों की, परिवार द्वारा बच्चों के लिए किए बलिदानों की भी मौत होती है। माता-पिता द्वारा देखे सपने ही नहीं बिखरते, बल्कि माता-पिता भी अंदर से बिखर जाते हैं। दिन-प्रतिदिन समाज में इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। अभी भी समय रहते सबको इस समस्या के प्रति सचेत होना होगा, अन्यथा एक दिन यह नशा रूपी चिंगारी सबके घर को जला के राख कर देगी। सरकार, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और शिक्षा विभाग व कई अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा नशे की बुराई से बचने व इसको समाप्त करने के लिए कई तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि समाज में हर व्यक्ति को इस समस्या पर मंथन करना होगा। इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के उपाय सोचने होंगे व उन पर अमल करना होगा।

-राजेश कुमार

पाठकों से अनुरोध है कि वे आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।
editoranantgyaan@gmail.com

पाठकों के पत्र...

मैं ऊना जिले के बोहरू पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में कई समस्याएं हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए कुछ समाचार प्रकाशित हुए। आपका डिजिटल संस्करण देखता हूं।

अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान जिला के दूरवर्ती गांव में उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ऊना जिले में कुछ गांव ऐसे हैं, जो पहाड़ी क्षेत्र हैं और दूर हैं, वहां पर किसी भी अखबार की सप्लाई नहीं है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो चुरड़ी, चुगाठ और घरबासड़ा आदि क्षेत्रों में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी दी जानी चाहिए।

-सतीश कुमार बंगा,
बोहरू (ऊना)

मैं त्यूड़ी पंचायत का निवासी हूं। दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र में खबरें और डिस्प्ले अच्छा है। महज कुछ अर्थव्यवस्था को लेकर शेयर मार्केट तथा आम लोगों के इस्तेमाल की जरूरी वस्तुओं लोहा और अन्य धातुओं के दाम के अलावा एक्सपर्ट लोगों की राय भी रखनी चाहिए। रोजगारोन्मुखी समाचार और राज्य की राजधानी में विभिन्न विभागों की जानकारी कम है।

राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी वाली विशेष खबरें दी जानी चाहिएं। अपराध से जुड़े चर्चित समाचार भी कम हैं। समाचार पत्र में ऊना का पृष्ठ श्याम सफेद है, जिसे वर्तमान परिस्थितियों में दूसरे समाचार पत्रों की तुलना में तस्वीरों को कलर में दिया जाए तो अच्छा रहेगा।

-शिव कुमार,
त्यूड़ी (ऊना)

दैनिक अखबार अनंत ज्ञान जब से प्रिंट हो रही है, मैं तब से इसे पढ़ता आ रहा हूं। आपके अखबार में हर तरह से प्रत्येक पाठक की रुचि के अनुसार दिन-प्रतिदिन कुछ न कुछ नए लेख आ रहे हैं। चाहे बच्चों के लिए हों, चाहे महिलाओं के लिए हों, राजनीतिक क्षेत्र से लेकर आध्यात्मिक क्षेत्र तक बहुत अच्छी कवरेज की जा रही है। ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, चंबा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति से अच्छी कवरेज हो रही है। सारी टीम को साधुवाद। मंडी में अनंत ज्ञान होस्ट एंकर सीरीज चलाई जा रही है, वह बहुत ही सराहनीय है।

बहुत से लोग इसको पसंद कर रहे हैं और हर सप्ताह मंडी से दो से तीन बार कुछ न कुछ एक्सक्लूसिव पढ़ने को मिलता है, जो सराहनीय है। बहुत ही कम समय में अनंत ज्ञान ने पाठकों के दिलों में जगह बना ली है, इसका एक बड़ा कारण सारे हिमाचल को एक ही अखबार में बनाना भी है। अनंत ज्ञान की मेहनती टीम को साधुवाद।

-अनिल छुछू, मंडी।

अनंत ज्ञान समाचार पत्र अपने आप में संपूर्ण अखबार है। इसमें हिमाचल प्रदेश से जुड़ी खबरों का समावेश होने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय और खेल जगत की खबरों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। धार्मिक, पर्यटन और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी भी पाठकों तक पहुंच रही हैं।

अनंत ज्ञान समाचार के संपादकीय पन्ने ओपिनियन में भी सामाजिक विषयों को उजागर किया जा रहा है। पाठकों को रोचक और पूरी जानकारी उपलब्ध करने के लिए अनंत ज्ञान समूह को ढेर सारी शुभकामनाएं।

-संदीप शर्मा
सोलन।

अनंत ज्ञान समाचार पत्र थोड़े ही समय में पाठकों की उम्मीद पर खरा उतरा है। समाचार पत्र में शहरों और गांवों की खबरों का समायोजन है। इसमें रोचकता के साथ-साथ वह बहुमूल्य जानकारियां भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं। अनंत ज्ञान के पृष्ठ चुनावी बिसात में राजनीति की हर छोटी बड़ी खबर को प्रमुखता दी जा रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन की दृष्टि से थोड़ी और जानकारियां उपलब्ध हो जाएं तो अच्छा रहेगा।

अक्षय चौहान, हाउसिंग
कॉलोनी, सोलन।

मैं कीरचंबा पंचायत का स्थायी निवासी हूं। हमारे क्षेत्र में अनंत ज्ञान अखबार मिलने से बहुत खुश हूं।

मैं अनंत ज्ञान अखबार रोज पढ़ता हूं, जिसमें प्रथम पृष्ठ की खबरें बहुत ही अच्छी लगती हैं, जिसमें मुझे अपने प्रदेश के साथ-साथ पूरे विश्व की जानकारी मिल जाती है। मुझे आपका मंगलवार को प्रकाशित होने वाला धार्मिक पेज भी बहुत अच्छा लगता है। आप आने वाले समय में हिमाचल का सबसे ज्यादा पढ़ने वाला अखबार बने, यही मेरी आपको शुभकामनाएं हैं।

-किट्टू, व्यापारी

मैं नियमित अनंत ज्ञान समाचार पढ़ती हूं। मैं चाहती हूं कि इस समाचार पत्र में बच्चों के प्रति रोजगार के समाचार, धार्मिक ज्ञान, देश, अर्थव्यवस्था का हाल, बीमारियों के घरेलू उपचार जैसे नुस्खे भी डाले जाएं ताकि हमें और भी अच्छी जानकारी उपलब्ध हो सके तथा समाचार पत्र की गुणवत्ता और बढ़ सके।

रमेशना देवी
भड़वाल, जिला कांगड़ा

पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं
Email : editoranantgyaan@gmail.com
Whatsapp no. : 88945-21702

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

मोबाइल पोलिंग पार्टी का अंतिम पूर्वाभ्यास संपन्न

सरकाघाट/करसोग। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा की अध्यक्षता में 85 बजुर्गों व दिव्यांगजनों के लिए घर पर मतदान की सुविधा हेतु नियुक्त कर्मियों का पूर्वाभ्यास डिग्री कॉलेज सरकाघाट के सम्मेलन कक्ष में संपन्न करवाया गया, जिसमें सहायक निर्वाचन अधिकारी ने मोबाइल टीम को चुनाव आयोग के निर्देशों अनुसार पूरी निष्ठा से कर्तव्य निभाने के आदेश दिए तथा आपसी समन्वय से दिव्यांगों व 85 वर्ष आयु पूरे कर चुके बुजुर्ग मतदाताओं का मतदान सुनिश्चित करवाने को कहा ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेने से वे छूट न पाएं।

भलेहड़ स्कूल में दिया मतदान जागरूकता का संदेश

पधर। नोडल अधिकारी डॉ. कल्याण चंद मंडोत्रा की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नस्लोह और चौकी भलेहड़ बूथ में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नस्लोह और चौकी भलेहड़ बुथ में महिला मंडल और स्वयं सहायता समूह और स्थानीय जनता को शिविर में लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाने के लिए स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान का महत्व समझाया। इस दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नस्लोह के बच्चों के लिए नारा लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई।

पत्रकारों ने हेमकांत कात्यायन को किया याद

मंडी। प्रेस क्लब मंडी द्वारा अपने संस्थापक अध्यक्ष वेटरन जर्नलिस्ट हेमकांत कात्यायन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके चित्र पर हिमालय अर्पण कर पुष्पांजलि प्रदान की गई। सोमवार को उनकी पहली पुण्यतिथि पर जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय के प्रेस रूम में एक सादे कार्यक्रम में उनकी धर्मपत्नी निर्मला कात्यायन, बेटा संगीतकार सिद्धार्थ कात्यायन, बहू निशा कात्यायन, लोक संपर्क विभाग की उपनिदेशक मंजुला कुमारी, जिला लोक संपर्क अधिकारी मीना बेदी व प्रेस क्लब के प्रधान मुरारी शर्मा सहित विभिन्न समाचार पत्रों व चैनलों के संवाददाता व कैमरामैन भी उपस्थित रहे।

घांघणू स्कूल में मतदान के लिए किया जागरूक

सुंदरनगर। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि स्वीप टीम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चाह का डोहरा में विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर तैयार भाषण से जनमानस को जागरूक किया गया तथा नारा लेखन के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। इसी कड़ी में राजकीय उच्च पाठशाला घांघणू में भी स्वीप टीम द्वारा छात्र-छात्राओं के माध्यम से मतदाता जागरूकता की अलख जगाई।

मतदान जागरूकता के लिए जारी किया गाना

जोगिंद्रनगर। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने आगामी एक जून को होने जा रहे आम लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता को आज एक गाना जारी किया। उन्होंने बताया कि इस गाने के बोल व स्वर राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर की संगीत अध्यापिका मृदुला कुमारी ने दिए हैं। इसके अलावा हारमोनियम में पीयूष, ढोलक व तबला में अंशुल तथा कोरस में आयुष, कार्तिक व मोहित ने सहयोग किया है।

सरकाघाट के दानियों ने जरूरतमंदों को बांटे 2 करोड़

सरकाघाट। सेवा संकल्प समिति सरकाघाट का वार्षिक अधिवेशन और द्विवर्षीय चुनाव 23 मई को 10:30 बजे शिव मंदिर सरकाघाट के शिव सदन में होंगे। अध्यक्ष चंद्रमणि वर्मा की अध्यक्षता में 26 कार्यकारिणी सदस्यों समेत स्वयं सेवकों की कमेटियां गठित की गई। समिति के 600 सदस्यों को बुलाने के लिए निमंत्रण पत्र देने व उनको लाने के लिए कमेटी गठित की गई। सेवा संकल्प समिति ने 600 दानदाताओं के दान से 13 वर्षों में करीब 2 करोड़ रुपए की दान के रूप में दी गई राशि किडनी, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों के उपचार व आपदा, आगजनी, गौ सेवा, दाह संस्कार के लिए लकड़ी, दवाइयां, शिक्षा और दो समय नागरिक अस्पताल सरकाघाट में दूरदराज से आए परिजनों को भोजन आदि में खर्च किए गए।

रैंडमाइजेशन से मतगणना के लिए 746 कर्मी शॉर्टलिस्ट

मंडी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में वीसी रूम में पहली रैंडमाइजेशन से 746 मतगणना कर्मियों को शार्टलिस्ट किया गया। मतगणना के लिए 116 काउंटिंग सुपरवाइजर, 141 काउंटिंग असिस्टेंट और 116 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त होंगे।

जिला में मतगणना के लिए मंडी, सुन्दरनगर, जोगिंद्रनगर, सरकाघाट और संस्कृति सदन में बनाए गए मतगणना केंद्रों में शार्ट लिस्ट किए गए कर्मी मतगणना करेंगे। इनकी पहली रिहर्सल 22 मई को संस्कृति सदन में होगी।

2 साल बाद पढ़ा गया ई-समाधान का आवेदन

तीस दिनों में कार्रवाई पूरी करने का है प्रावधान

भगत सिंह गुलेरिया, मंडी

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

किसी समय आम लोगों की शिकायतों व समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा ई-समाधान पोर्टल शुरू किया गया था। जिस पर ऑनलाइन आवेदन पत्र डालते ही 30 दिनों के भीतर निपटारा किया जाना आवश्यक किया गया था। बहुत ही हैरतंगेज बात सामने आई है की उच्च शिक्षा निदेशालय में ई-समाधान पोर्टल पर भेजे गए ऑनलाइन आवेदन को दो साल के बाद केवल पढ़ा गया। कार्रवाई कब होगी यह कोई पता नहीं। यही नहीं इसी आवेदन से संबंधित एक अन्य आवेदन पत्र उससे भी एक साल पहले से पैंडिंग पड़ा हुआ है जिसे अभी तक विभाग द्वारा पढ़ा तक नहीं गया है।

उल्लेखनीय है कि मंडी से ई-समाधान पोर्टल पर उच्च शिक्षा निदेशालय को 12 जनवरी 2021 को सहायक पुस्तकाध्यक्षों की वरिष्ठता सूची से संबंधित एक आवेदन कार्रवाई के लिए ऑनलाइन प्रस्तुत किया गया था। आवेदन संख्या एचईडीयू/20216 के तहत यह आवेदन सवा तीन साल के बाद भी अभी भी पढ़ा तक नहीं गया है। आवेदन करने के बाद जब लंबे समय तक पोर्टल पर कोई हलचल नहीं हुई तो आवेदक को लगा कि शायद सरकार द्वारा यह पोर्टल अब बंद कर दिया होगा क्योंकि बाद में सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सेवा संकल्प नाम से एक 1100 नंबर ऐसे ही काम के लिए जारी किया गया है। आवेदक द्वारा इस आवेदन के लगभग सवा साल के बाद एक अन्य ऑनलाइन आवेदन संख्या एचईडीयू/202249 इसी पोर्टल पर 24 अप्रैल 2022 को भेजा गया। उस पर भी जब कोई ऑनलाइन कार्रवाई नहीं हुई तो आवेदक को पक्का विश्वास हो गया कि यह पोर्टल अब क्रियाशील नहीं है।

हालांकि विभाग द्वारा इस आवेदन को पांच दिनों में निपटारे की बात अंकित की गई है। 16 मई 2024 को आवेदक यह देखकर हैरान रह गया कि इस दूसरे आवेदन पर शिक्षा निदेशालय के अधीक्षक ग्रेड 2 ताराचंद द्वारा दो साल के बाद यह टिप्पणी दर्ज की गई कि आवेदन पुस्तकालय शाखा से संबंधित है यानी आवेदन पत्र दो साल के बाद पढ़ने पर निदेशालय को ज्ञात हुआ कि पत्र किस शाखा से संबंधित है और कार्रवाई के मामले को प्रगति पर बताया है।

कार्रवाई को कितना समय लगेगा नहीं मालूम

पहले भी आ चुका है ऐसा मामला

इस कार्यालय/शाखा से संबंधित यह पहला मामला नहीं है बल्कि 2018 में भी एक ऐसे ही आवेदन पत्र पर 2 साल के बाद 2020 में उत्तर अंकित किया गया था।

अब आनलाइन जमाने में जब कई वर्ष पत्र पढ़ने में क्यों लग रहे हैं यह अपने आप में ही यक्ष प्रश्न है। निदेशालय में संबंधित शाखा में फोन नंबर 2653922 पर संपर्क करने पर बताया गया कि 1100 नंबर पर ज्यादा मामले आने के प्रेशर ज्यादा है। मामला ध्यान में आने पर अब शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

बालीचौकी का जिला स्तरीय देव मेला 23 से 27 मई तक

मेला कमेटी के सदस्य सामूहिक चित्र में।

नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी

बालीचौकी का जिला स्तरीय देव मेला इस बार भी मेला मैदान बालीचौकी में आयोजित किया जाएगा। मेले के आयोजन को लेकर सोमवार को मेला कमेटी द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता स्थानीय पंचायत प्रधान एवं मेला कमेटी के अध्यक्ष दिले राम ठाकुर ने की।

मेला कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि हाईकोर्ट ने इस बार भी मेले का आयोजन मेला मैदान पर ही करने की अनुमति प्रदान कर दी है। बैठक में मेले के आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि बालीचौकी बाजार में सरकारी जमीन पर दुकान लगाने वाले व्यापारियों से भी मेला मैदान की तर्ज पर ही पैसा वसूल किया जाएगा।

बैठक में देवताओं के मेले में आगमन के दौरान की व्यवस्था को लेकर भी विचार किया गया। बैठक में 21 मई को सांस्कृतिक समिति की बैठक की जाएगी, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सांस्कृतिक समूहों का नामांकन किया जाएगा। इसके अलावा प्लॉट आवंटन समिति की बैठक भी आयोजित की जाएगी। बैठक में देव श्री चुंजवाला व देव श्री मार्कंडेय के कारकूनों ने भी भाग लिया।

भाजपा की उलटी गिनती हो गई है शुरू : प्रकाश करड

कांग्रेस कार्यकर्ता प्रकाश करड का स्वागत करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, करसोग

करसोग विधानसभा क्षेत्र के तहत संविधान बचाओ देश बचाओ कांग्रेस लाओ विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता लघु बचत योजना के उपाध्यक्ष प्रकाश करड ने की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रकाश करड ने कहा कि भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

अभद्र भाषा को लेकर भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के प्रति कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है और उनकी इन अभद्र टिप्पणियों के चलते मंडी संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस एकजुट हो गई है। विक्रमादित्य सिंह युवा होने के साथ-साथ राजनीति में खास अनुभव रखते हैं। भाजपा की जुमलाबाजी को प्रदेश की जनता भली भांति समझ चुकी है और अब आने वाली एक जून को जनता कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर भाजपा को सबक सिखाएगी।

मेहर चंद खोखलिया ने कहा कि वीरभद्र सिंह का करसोग क्षेत्र के लिए बड़ा योगदान रहा है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के सचिव विनोद कुमार तथा रोशन शर्मा व बीडीसी की पूर्व अध्यक्ष चमेलू कश्यप सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जनसभा में नहीं पहुंची कंगना, जयराम ने संभाला मोर्चा

जोगिंद्रनगर। ग्राम पंचायत मसौली के पहलून गांव में भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के पक्ष में पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा सभा को संबोधित किया गया। मौसम खराब होने कि वजह से कंगना रनौत कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाई। जयराम ठाकुर ने कहा कि विधायक प्रकाश राणा समर्पण भाव से काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को आप सबका समर्थन चाहिए। आप सबका आशीर्वाद के बिना संभव नहीं। हम चाहते हैं कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र से बड़ी जीत हो। बहुत जल्द कंगना भी आप सबके कार्यक्रम में शामिल होंगी। जोगिंद्रनगर में मैं यही कहूंगा कि बहुत शानदार जीत हुई है। पिछले चुनावों में रामस्वरूप 4,05,000 वोटों से जीते थे और उसमें आपने यहां से 36,000 का आंकड़ा छुआ था।

जमीनी विवाद के चलते की मारपीट, दो महिलाएं घायल

अनंत ज्ञान, गोहर

उपचाराधीन सीता देवी व नागणू देवी।

गोहर उपमंडल के गांव छोल की सीता देवी पत्नी गुरदेव जो अपनी सास नागण देवी के साथ मंडी जोनल अस्पताल के हड्डी रोग वार्ड के बेड नंबर 25, 26 पर उपचाराधीन हैं, ने पुलिस प्रशासन व सरकार से मांग की है कि उन पर जानलेवा हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

सीता देवी ने गोहर थाना में 17 मई को दर्ज करवाया कि पोते को स्कूल छोड़ने जा रही थी तो उसने देखा कि उनके खेत को डोले राम पुत्र टोडर राम, उसका भाई प्रकाश चंद, नेत्र सिंह, नेहा, अमरा देवी व सरणू गांव छोल खंडयाल कब्जा कर रहे थे। यह खेत उनका था मगर ये लोग इस पर जबरन कब्जा कर रहे थे।

इसका मामला प्रदेश उच्च न्यायालय में भी विचाराधीन है मगर उसके बावजूद उन्होंने इस पर पावर टिल्लर चलाया। पूछे व रोके जाने पर इन्होंने उस पर हमला कर दिया। बचाव के लिए आए भतीजे लाल सिंह व सास नागण देवी को भी पीट पीट कर लहूलुहान कर दिया।

सीता देवी की इस शिकायत पर गोहर थाना पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बुरी तरह से घायल हुई सीता देवी व उसकी सास नागणू देवी को जोनल अस्पताल में इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी लाल सिंह ने बताया कि मामले को लेकर केस दर्ज कर लिया गया है।

पंजाब में दबोचा सरकाघाट में चरस पहुंचाने वाला सरगना

सरकाघाट। सरकाघाट पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत सधोट के गांव बनाली के अरुण कुमार उर्फ मोनू पुत्र लुदर सिंह को 15 मई को सरकाघाट पुलिस ने 15.37 ग्राम चिट्टे सहित घर दबोच लिया था, गहन पुछताछ के बाद उसने बताया कि पंजाब के जिला लुधियाना रहने वाले 30 वर्षीय जसप्रीत सिंह पुत्र रणजीत सिंह से वे चिट्टा खरीदता था।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सरकाघाट में नशा उपलब्ध करवाने वाले मुख्य सरगना को ही उसके घर में पहुंच कर उसे रविवार को धर दबोच लिया और उससे 1.84 ग्राम चिट्टा भी बरामद किया गया उसे धारा 29 के तहत गिरफ्तार कर अपने साथ सरकाघाट लाया जा रहा है । आरोपी किशन चंद के घर से बीते 12 मई को एसएचओ के नेतृत्व में 1 किलो 934 ग्राम चरस बरामद होने बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया था ।

निचली बैहली में मकान जलकर राख

धनोटू। निचली बैहली में मकान को आग लग गई, जब तक गांव के लोग आग बुझाते तब तक मकान जलकर राख हो गया और उसमें रखा कीमती सामान भी जलकर राख हो गया।

भीम सिंह और तिखू राम के इस मकान का करीब तीन लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। आग के कारणों का अभी तक कोई पता नहीं लगा है। लोगों ने सरकार से मांग की है कि प्रभावितों को नकद राहत प्रदान की जाए। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

जोगिंद्रनगर में पोस्टल बैलेट से 960 मतदाता करेंगे मतदान

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

मीटिंग के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि आम लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट मतदान कल यानि कि 21 मई से करवाया जा रहा है।

जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित 960 पात्र मतदाताओं के लिए घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट मतदान को यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए 12 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है।

इन मोबाइल टीमों के लिए आज एसडीएम कार्यालय में पूर्वाभ्यास करवाया गया। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट मतदान को लेकर 960 पात्र मतदाताओं जिनमें 85 वर्ष से अधिक उम्र के 880 तथा 80 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं ने फार्म 12 डी भरकर रिटर्निंग अधिकारी को संबंधित बीएलओ के माध्यम से उपलब्ध करवाए हैं।

अब इन सभी पात्र मतदाताओं के लिए 21 मई से घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट मतदान की प्रक्रिया शुरू की जा रही है जो आगामी 24 मई तक जारी रहेगी।

25 मई को होगी दूसरी चुनावी रिहर्सल

मंडी। मंडी विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों की दूसरी रिहर्सल 24 मई के स्थान पर 25 मई को होगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी मंडी विधानसभा क्षेत्र एवं एसडीएम ओम कांत ठाकुर ने कि प्रशासनिक कारणों से दूसरी चुनावी रिहर्सल में बदलाव किया गया है। अब यह रिहर्सल 24 मई के स्थान पर 25 मई को सुबह 9:30 बजे से होगी। रिहर्सल का स्थान संस्कृति सदन ही रहेगा। पोलिंग पार्टियों में शामिल पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों की एक साथ ही 9:30 बजे से रिहर्सल शुरू होगी।

बेजुबान कौवे के बच्चे की बचाई जान

मंडी। दूसरों के प्रति दया और प्रेम ही इंसान को इंसान बनाते हैं और ये भावना किसी भी पुरुष महिला और बच्चों में अनेकों बार देखने को मिलती रही है।

मंडी नगर निगम के वार्ड संख्या 6 सनयारढ़ी में एक कौवे का छोटा बच्चा रास्ते में पड़ा हुआ तड़फ रहा था और बड़े कौवे उस पर हमला कर रहे थे। बॉबी सकलानी कौवे को तड़पती हालत में देख उसका उपचार किया। महिला ने वन विभाग से आग्रह करते हुए कहा कि अपनी टीम भेज करके इस कौवे का उपचार करवाया जाए।

मोदी राज में सबसे महंगा मोबाइल रिचार्ज : सन्नी ईपन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग हिमाचल प्रदेश के महासचिव सन्नी ईपन ने केंद्र की मोदी सरकार को घेरते हुए कहा कि महंगाई के युग में मोबाइल रिचार्ज इतना महंगा कर दिया है कि आम आदमी इसके बोझ तले दब चुका है। कोरोना के बाद बच्चों के बहुत से काम व्हट्सऐप के माध्यम से आते हैं, जिस कारण मोबाइल रिचार्ज करवाना बहुत जरूरी हो जाता है।

सन्नी ईपन ने कहा कि पहले लोगों ने दो-दो सिम ली हुई थी, लेकिन मोबाइल रिचार्ज महंगा होने के कारण एक बंद करनी पड़ रही है। यही फोन नंबर आधार कार्ड और बैंक खाते के साथ संलग्न हैं, जिस कारण इन्हें हर माह रिचार्ज करवाना पड़ता है।

आज देश के लोग महंगे रिचार्ज से परेशान हैं। हर माह एक ही परिवार के एक हजार रुपए मोबाइल रिचार्ज के जा रहे हैं। मोबाइल आज जरूरत बन चुकी है, लेकिन मोदी सरकार ने मोबाइल कंपनियों को इतनी छूट दी है कि वह मनमानी पर उतर आई है।

नशे में धुत होकर चालक चला रहा था कूड़ा उठाने वाली गाड़ी

मंडी। नगर निगम मंडी में कूड़ा उठाने वाली एक गाड़ी के चालक व सहयोगी ने नशे में धुत होकर महामृत्युंजय मंदिर के पास बीच सड़क में गाड़ी रोक दी और नशे की हालत में एक गाड़ी में व दूसरा सड़क पर ही सो गया। ऐसे में ट्रैफिक जाम हो गया तो तुरंत पुलिस बुलाकर इनको सड़क से हटाया व गाड़ी के भीतर से बाहर निकाला।

पुलिस ने खुद ही गाड़ी हटा कर ट्रैफिक बहाल करवाया। नगर निगम के महापौर वीरेंद्र ने कहा कि ठेकेदार को ऐसे लोगों को तुरंत काम से हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

माउंट मौर्या स्कूल में करवाया टैलेंट हंट शो

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

विजेता छात्राओं को सम्मानित करते अध्यापक व अन्य।

माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर में टैलेंट हंट शो और ओथ सेरेमनी का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने बताया कि इस स्कूल के वीरेन को हेड बॉय और महक भारद्वाज को हेड गर्ल चुना गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान स्कूल के चारों सदनों का चयन भी किया गया, जिसमें सिद्धि को सिल्वर ऑक हाउस का कप्तान, दिव्य को उपकप्तान, श्रेया को डिसिप्लिन कप्तान, साइशा को को-करिकुलर कप्तान और आरव को स्पोर्ट्स कप्तान नियुक्त किया गया।

वहीं स्कूल में टैलेंट हंट शो का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा दिखाते हुए विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दीं। सोलो डांस में वंशिका, अमेलिया, रक्षित, महक, अनायिता और वंशिका ने प्रस्तुति दी। सोलो सोंग में लोमस, अथर्व और रक्षित ने अपनी प्रस्तुति दी। ग्रुप डांस में कक्षा प्रथम, द्वितीय और तृतीय के बच्चों ने, ग्रुप सोंग में छठी, सातवीं और आठवीं कक्षा के बच्चों ने, मानवी गोस्वामी और निशित गोस्वामी ने हनुमान चालीसा में अपनी प्रस्तुति दी।

प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने बताया कि स्कूल में प्रवेश लेने वाले नए विद्यार्थियों व अध्यापकों को अपनी प्रतिभा दिखाने संबंधित हर वर्ष टैलेंट हंट शो का आयोजन किया जाता है।

चुनाव | **नाचन निर्वाचन क्षेत्र से 21 से घर-घर दस्तक देगी मोबाइल पोलिंग टीमें**

634 मतदाताओं ने घर से मतदान करने का चुना विकल्प

अनंत ज्ञान, गोहर

पोलिंग टीम की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह।

नाचन विधानसभा क्षेत्र में 21 से 26 मई तक मोबाइल पोलिंग टीमें 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं के साथ-साथ 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान कराने के लिए घर-घर दस्तक देने पर राजकीय महाविद्यालय बासा में पोलिंग पार्टी के सभी सेक्टर ऑफिसर, माइक्रो आब्जर्वर, पोलिंग ऑफिसर के साथ सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा पोलिंग पार्टी को नाचन निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पोस्टल बैलट से मतदान करने वाले मतदाताओं पर जानकारी देते हुए कहा कि 28-नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 634 मतदाताओं ने घर में मतदान करने का विकल्प दिया हैं जिसमें से 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या 162 तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 472 हैं। मतदान करवाने के लिए 14 टीमों का गठन किया गया हैं। जिसमें 14 सेक्टर अधिकारियों, 14 माइक्रो ऑब्जर्वर, 28 मतदान कर्मी तथा 14 सुरक्षाकर्मी के साथ संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ भी मौजूद रहेंगे।

सहायक निर्वाचन अधिकारी के द्वारा पोलिंग पार्टियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शेड्यूल के अनुसार ही पोलिंग टीमों द्वारा पोस्टल बैलेट मतदान की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए तथा इस मतदान की प्रक्रिया की सुरक्षा तथा पारदर्शिता को सुनिश्चित करें।

पोस्टल बैलेट मतदान की होगी वीडियोग्राफी

पोस्टल बैलेट मतदान की तमाम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट मतदान के लिए जो शेड्यूल बनाया गया है उसे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी साझा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 27 व 28 मई में को पहले दौर के दौरान छूटे हुए मतदाताओं से मतदान करवाने के लिए दोबारा मोबाइल टीम दौरा करेंगी।

मंडी में 13,77,173 मतदाता पंजीकृत

मंडी। रिटर्निंग आफिसर मंडी संसदीय क्षेत्र अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी संसदीय क्षेत्र में 13,113 सर्विस वोटरों सहित 13,77,173 मतदाता पंजीकृत हैं। यहां महिलाओं के मुकाबले पुरुष मतदाताओं की संख्या 7607 ज्यादा है। पुरुष मतदाता जहां 685832 वहीं महिला मतदाता 678225 हैं।

मंडी विधानसभा में 38081 पुरुष 39932 महिला और 1652 सर्विस वोटर सहित 79665 मतदाता, बल्ह विधानसभा में 40745 पुरुष 42260 महिला और 1306 सर्विस वोटर सहित 84311 मतदाता हैं। सरकाघाट विधानसभा में 45296 पुरुष 46625 महिला और 1495 सर्विस वोटर सहित 93417 मतदाता हैं।

परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टी है कांग्रेस : राकेश

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सुंदरनगर विधायक राकेश जंबाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस देश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। अमेठी की सीट पर कांग्रेस पार्टी ने वर्षों तक कब्जा जमाए रखा, लेकिन अमेठी में विकास कैसा हुआ, वह वहां की जनता ने मोदी सरकार में देखा।

रायबरेली लोकसभा सीट, जहां से सोनिया गांधी चुनाव लड़ती थी, वहां से राहुल गांधी को चुनाव मैदान में उतारा है। यदि वह चाहती तो किसी आम कार्यकर्ता को चुनाव मैदान में उतार सकती थी, लेकिन कांग्रेस में ऐसी हिम्मत नहीं है, यह परिवारवाद को बढ़ावा देने वाल पार्टी है। मंडी लोकसभा सीट से भी ऐसा ही हुआ रानी प्रतिभा सिंह से मंडी सीट अपने बेटे को विरासत में दी, किसी कार्यकर्ता को नहीं दी।

न्यूज ब्रीफ

काजा घटनाक्रम को जयराम ने बताया निंदनीय

मंडी। पत्रकार वार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि काजा में जो कुछ हुआ वह घटनाक्रम बहुत ही निंदनीय है। इस मामले को उन्होंने पार्टी हाईकमान और चुनाव आयोग के समक्ष उठाया है। उन्होंने कहा कि शनिवार देर शाम तक भी एफआईआर दर्ज न होना अपने आप में ही वर्तमान सरकार पर एक सवालिया निशान लगाता है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि सत्ता पक्ष की पार्टी द्वारा यह जानबूझकर प्री प्लान किया गया था। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह द्वारा भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत पर भी कथित व्यक्तिगत छींटा पर चिंता व्यक्त की।

एड्स एक लाइलाज बीमारी, जागरूकता ही बचाव

चंबा। भारतीय स्टेट बैंक के प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ग्रामीण स्व. रोजगार प्रशिक्षण संस्थान बालू चंबा कटिंग एंड टेलर प्रशिक्षु प्रशिक्षण कार्यक्रम में एड्स कंट्रोल सोसाइटी चंबा द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने एड्स कंट्रोल सोसाइटी चंबा द्वारा किए जा रहे कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स एक लाइलाज बीमारी है तथा इसका बचाव एकमात्र जागरूकता ही है। इस शिविर में 30 ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान बालू चंबा कटिंग एंड टेलर प्रशिक्षुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित

चंबा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अंतर्गत जिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला चंबा में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पूरी ने उपस्थित छात्रों को जागरूक किया। इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने बाले छात्रों अंश, नीतीश चौहान, सुधांशु, पलवी, भरत, ओर आरती को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर विपिन प्राचार्य आई टी आई चंबा, स्वास्थ्य विभाग चंबा की स्वास्थ शिक्षिका निर्मला ठाकुर और दीपक जोशी भी उपस्थित रहे।

पंचायत उटीप में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

चंबा। ग्राम पंचायत उटीप की मतदान केंद्र उटीप के गांव प्रेयू, पुखरी, टूकाहर, पचाईल, भुजा, ग्राम पंचायत कुम्हारका की मतदान केंद्र 102 मांडू (भरैणी), ग्राम पंचायत लुड्डू के अंतर्गत गांव कठव्ना, भलोठ, कियून के मतदाताओं के लिए मतदान जागरूकता, हस्ताक्षर अभियान व मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। विधानसभा अनुभाग चंबा के स्वीप के नोडल अधिकारी प्रोफेसर अविनाश ने कहा कि आगामी एक जून को होने वाले चुनावों में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए क्षेत्र का दौरा व जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

जनता की ताकत को चुनौती दे रहे जयराम: सुक्खू

एमएम डैनियल, (सलूणी) चंबा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान कहा कि भाजपा लोकसभा व उप चुनावों में मिलने वाली हार से अभी बौखला गई है। जिसके चलते भाजपा शीर्ष नेता अपने अभिवादनों में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को भी अपने विकास कार्य में सूची में शुमार कर जनता की हंसी व चर्चाओं के केंद्र बने हुए हैं। जिसका ताजा उदाहरण चंबा के ऐतिहासिक चौगान में आयोजित भाजपा की जनसभा में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हिमाचल प्रदेश में चंबा, हमीरपुर, मंडी व नाहन मेडिकल कॉलेज को पीएम मोदी की देन कह गए। जबकि तत्काल केंद्र में यूपीए सरकार थी और राज्य में भी कांग्रेस पार्टी सत्ता में थी।

इस सच्चाई से तत्कालीन कैबिनेट मंत्री जो वर्तमान में राज्यसभा सांसद बने हर्ष महाजन पूर्ण रूप अवगत करवाया सकते हैं। इस बात से स्पष्ट हो गया कि भाजपा नेता जुमलों और झूठ की

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

राजनीति करने में कितने माहिर हैं। उन्होंने कहा कि चंबा का मेडिकल कॉलेज भी कांग्रेस पार्टी की ही देन है और इसका नाम भी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के नाम पर रखा गया है।

उन्होंने कहा कि चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा ने बतौर केन्द्रीय मंत्री हिमाचल प्रदेश को बहुत कुछ दिया है। कांगड़ा में केंद्रीय विश्वविद्यालय, नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ फैशन टैक्नोलजी, नादौन में स्पाईस पार्क, शिमला में पासपोर्ट ऑफिस आनंद शर्मा ही लेकर आए हैं।

उन्होंने मतदाताओं से आनंद शर्मा को बड़े अंतर से विजयी बनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि चुनौतियां देना जय राम ठाकुर की आदत बन गई है। पहली चुनौती कर्मचारियों को दी और कहा कि चुनाव लड़ो तभी पैंशन मिलेगी। दूसरी चुनौती भगवान को दी, जब कहा कि सरकार को भगवान भी नहीं बचा सकता। अब तीसरी चुनौती प्रदेश की जनता को दे रहे हैं कि चार जून को हिमाचल में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार में नौकरियां नीलाम होती रहीं और जय राम ठाकुर सोये रहे। पुलिस भर्ती का पेपर नीलाम हुआ और हमीरपुर अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग में भी पेपर बिके। भाजपा ने कार्यकर्ताओं और रिश्तेदारों को नौकरियां दिलाई।

भाजपा से विरासत में मिला खाली खजाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार से प्रदेश को खाली खजाना विरासत में मिला लेकिन अपनी सेहत की परवाह किए बगैर भ्रष्टाचार को रोकने और आर्थिक संसाधन बढ़ाने के लिए दिन रात प्रयास किए। भ्रष्टाचार रोकने से सरकार के खजाने में 2200 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व आया जिससे जनता के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से जेओए आईटी की लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है जो कई वर्षों से सुप्रीम कोर्ट में लटका हुआ था तथा अब दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया जारी है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कांगड़ा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा, चंबा सदर विधायक नीरज नैयर, पूर्व मंत्री आशा कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहे।(अनंत ज्ञान)

279 उपभोक्ताओं के कटेंगे बिजली कनेक्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा

विद्युत बोर्ड उपमंडल चंबा 2 के अंतर्गत डिफाल्टर उपभोक्ताओं के बोर्ड ने कनेक्शन अस्थायी तौर पर काटने के आदेश जारी कर दिए हैं। जिसके बाद उपभोक्ता में हड़कंप मच गई है।

गौर हो कि विद्युत बोर्ड द्वारा डिफाल्टर उपभोक्ताओं से 405225 रूपए भुगतान राशि वसूली जानी है। जिसके तहत कई बार बोर्ड द्वारा नोटिस प्रक्रिया को अमल में लाया गया, जिसका उपभोक्ताओं की ओर कोई प्रतिक्रिया या जवाब न देने पर बोर्ड ने उन्हें डिफाल्टर घोषित करते हुए अस्थायी तौर पर विद्युत कनेक्शन काटने फरमान जारी कर दिए हैं।

इस कार्रवाई में विद्युत बोर्ड उपमंडल चंबा 2 ने 279 उपभोक्ताओं को डिफॉल्टर घोषित किया है। जिसमें विद्युत उपमंडल दो के अनुगाम खजियार के 55, उधेड़ के 48, सरोल के 94, मेरड़ी के 44, साहो के 38 उपभोक्ता शामिल है। सहायक अभियंता ई.

अजय कुमार ने बताया कि चंबा उपमंडल दो के तहत करीब 279 उपभोक्ताओं पर बिजली बिल अदायगी लंबे अरसे से शेष बची हुई है। उन्होंने कहा कि लोगों को विभाग द्वारा नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं, लेकिन उनका कोई जवाब नहीं दिया गया है। विभाग को मजबूर बिजली कनेक्शन काटने को मजबूर होना पड़ रहा है।

वहीं कनेक्शन पुनः बहाल करने के तहत उपभोक्ताओं को देय सहित अतिरिक्त राशि का भुगतान करना होगा। यदि इसके बावजूद भी उपभोक्ता देय बिजली बिलों का भुगतान नहीं करते हैं तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पक्षियों के लिए रखा जलपात्र और दाना

विद्यार्थी पक्षियों के लिए जलपात्र व दाना रखने के दौरान।

अनंत ज्ञान, भरमौर

विकासार्थ विद्यार्थी गतिविधि के माध्यम से इकाई भरमौर के कार्यकर्ताओं ने 'एक सकोरा एक प्राण' अभियान चलाया। इस संदर्भ में एबीवीपी विभाग संयोजक विवेक चाड़क ने बताया कि इस अभियान के तहत अनेक स्थानों में पक्षियों के लिए जलपात्र और दाना रखा गया।

कार्यकर्ताओं ने प्रकृति और के पक्षियों के प्रति लोगों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही लोगों से आग्रह किया गया कि गर्मियों के मौसम में पक्षियों के लिए बर्तन में पानी और दाना रखें। गर्मियों के मौसम में जल स्त्रोत सूख जाते हैं, जिस कारण पक्षियों के लिए बड़ी दिक्कत आती है। इसके लिए एक सकोरा एक प्राण अभियान के बारे में भरमौर के लोगों को किया जागरूक किया और पक्षियों को पीने के पानी की समस्याएं हो सकती है। इससे उनकी मृत्यु तक हो जाती है।

उन्होंने सभी लोगों से अपील कि है की चिलचिलाती धूप में अपने घरों के बाहर पानी और दानों से भरे कुछ बर्तन रखें, जिससे पक्षियों को गर्मी के कारण पानी की कमी महसूस न हो। इस अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक करने और पक्षियों के प्रति हमारे कर्तव्यों को करने का बीड़ा विकासार्थ विद्यार्थी ने उठाया है।

खड़ामुख-होली मार्ग का ठाकुर सिंह भरमौरी ने किया दौरा

अनंत ज्ञान, भरमौर

पिछले एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी खड़ामुख-होली मार्ग बहाल न होने को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी ने घटनास्थल का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने लोक निर्माण विभाग व परियोजना प्रबंधन के अधिकारियों से भी बातचीत की और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश इस सड़क की बहाली को लेकर दिए।

उन्होंने विद्युत परियोजना प्रबंधन को प्राथमिकता के आधार पर पैदल चलने योग्य मार्ग बनाने को कहा। साथ ही उन्होंने स्कूल में आने जाने वाले बच्चों को किसी भी तरह की परेशानियां न हो इसके लिए परियोजना प्रबंधन को बच्चों को ले जाने व छोड़ने के लिए गाड़ी का प्रबंध करने को कहा है।

गौरतलब है 16 अप्रैल के दिन यह सड़क भारी लैंड सलाइड

ठाकुर सिंह भरमौरी दौरे के दौरान अधिकारियों से बातचीत करते हुए।

के चलते सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई थी। एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अभी तक यह सड़क बहाल नहीं हो पाई है। सड़क बहाल न होने के कारण तहसील होली की एक दर्जन से अधिक पंचायतों में पिछले कई दिनों से मूलभूत सुविधाओं का अभाव होना भी शुरू हो गया है।

सड़क बहाल न होने के चलते दुर्गेठी,ढकोग व खड़ामुख से गरोला स्कूल आने जाने वाले बच्चों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां से हर रोज बच्चों को जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। सोमवार को मौके पर पहुंचे पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी ने घटनास्थल का जायजा लिया और यहां पर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने विभाग वह विद्युत परियोजना प्रबंधन को युद्ध स्तर पर सड़क बहाल करने के लिए कहा है। गौरतलब है पिछले 1 महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद सड़क बहाल न होने को लेकर अब इस पर राजनीति भी शुरू हो गई है। सड़क की भली में धीरे धीरे लोकसभा में चुनावी मुद्दा भी बन रहा है।

हालांकि विभाग व विद्युत परियोजना प्रबंधन द्वारा यहां पर लगातार सड़क बहाली का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। लेकिन अभी तक भी यहां पर पहाड़ी का एक हिस्सा लगातार धंस रहा है। इसके कारण सड़क को बहाल करने में लगातार देरी हो रही है। तो वहीं दूसरी ओर तहसील होली के दर्जनों गांव के हजारों लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बूंदाबांदी से चंबा में मिली गर्मी से राहत

अनंत ज्ञान, चंबा

चंबा में सोमवार दोपहर के समय अचानक मौसम ने करवट बदली। जिला मुख्यालय व आसपास हल्की बारिश हुई, जिससे ठंडी हवा चलने व बारिश की फुहारों से मौसम सुहावना हुआ और लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि दोपहर बाद धूप निकलने से लोगों को फिर गर्मी का अहसास हुआ, पिछले कुछ दिनों से मौसम का रुख अचानक बदल रहा है। इससे लोगों को भीषण गर्मी व उमस से निजात मिली है।

दिनभर आकाश में हलके काले बादल मंडराने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दोपहर बाद हवा चलने से चिलचिलाती धूप से राहत मिली। हल्की बूंदाबांदी होने से शहर का

मौसम खुशनुमा हो गया है। सोमवार अचानक मौसम बदलने से घरों में दुबके रहने वाले लोग शहर में खरीदारी करते नजर आए। मुख्य बाजार की सड़कों पर चहल-पहल नजर आई। आइसक्रीम व शीतपेय की रेहड़ियों पर लोगों की भीड़ लगी रही। तापमान बढ़ने और गर्मी से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी।

जबकि हल्की बारिश से तपती गर्मी से राहत मिली। इन दिनों बारिश पहाड़ी क्षेत्रों में मक्की की फसल की बिजाई के लिए बेहतर साबित हो रही है। कुछ दिनों से जिले में धूल की परत छाई हुई थी, जिससे निजात मिली है। चंबा शहर में बारिश के दौरान लोगों ने दूकानों में पनाह ली। वहीं, रेहड़ी-फड़ी के संचालक भी बारिश से अपने सामान को बचाते हुए दिखे।

पिकअप पलटने से एक व्यक्ति की मौत, केस दर्ज

बबलू पठानिया, चुवाड़ी

भटियात विस क्षेत्र अधीन चुवाड़ी लाहड़ू मार्ग पर एक पिकअप एचपी 23ए 8072 वाहन दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। वहीं राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस थाना चुवाड़ी को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है।

जानकारी अनुसार यह दुर्घटना अचानक वाहन आगे जाने की बजाय पीछे की तरफ चला गया, जिसमें सवार नरेश कुमार पुत्र तरसेम उसकी चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के समय मौजूद राहगीरों व स्थानीय लोगों ने नरेश कुमार को चुवाड़ी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं इस दुर्घटना में पिकअप वाहन चालक आशीष कुमार पुत्र शेर सिंह को मामूली चोटे आई। पुलिस ने इस दिशा में अपनी प्रारंभिक तफ्तीश में वाहन चालक को आरोपी करार देते हुए मामला दर्ज किया है।

एसएचओ थाना चुवाड़ी रमन चौधरी ने बताया कि पिकअप वाहन पीछे हटने से यह दुर्घटना घटित हुई। जिसमें चालक की लापरवाही देखते हुए उसके खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर है।

अमित ने विक्रमादित्य के लिए मांगे वोट

अनंत ज्ञान, भरमौर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अमित भरमौरी ने विक्रमादित्य सिंह की जीत को सुनिश्चित करने के लिए गैर जनजातीय क्षेत्र में डोर-टू-डोर प्रचार अभियान तेज कर दिया है। रविवार को अमित भरमौरी ने गैर-जनजातीय क्षेत्र के कूंर, छतराड़ी व पियूहरा से चुनावी अभियान का आगाज कर दिया है।

अमित भरोरी ने सोमवार को गैहरा ब्रेही, लोथल व सुनहरा में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के लिए गांव-गांव जाकर उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ कार्यकर्ताओं की लंबी फौज भी नजर आई। अमित भरमौरी ने इस दौरान छोटी-छोटी

लोगों के साथ वोट मांगने जाते अमित भरमौरी व अन्य।

नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा है कि वर्तमान में मोदी सरकार हिंदुस्तान के संविधान को खत्म करने की साजिश रच रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा धनबल के सहारे चुनी सरकारों को गिरा रही है। लेकिन भाजपा की इस तरह की साजिश को हिमाचल में मुंह की खानी पड़ी है और उनकी खूब किरकिरी हुई है।

उन्होंने कहा कि 4 जून को विक्रमादित्य सिंह भारी बहुमत से जीतेंगे और यहां की प्रमुख समस्याओं को लोकसभा के सदन से उठाकर उनका समाधान करेंगे।

मंगलवार को अमित भरमौरी गैर जनजातिय क्षेत्र के बकाण धिमला फागड़ी चड़ी वह बंदला में विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।

सूडोकु 0069 (मध्यम)

		5			8			
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6						1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
			2			7		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 0068 का हल

5	7	4	1	3	9	6	2	8
2	8	9	6	5	7	1	4	3
3	6	1	2	8	4	5	7	9
9	3	7	8	1	6	4	5	2
6	5	8	4	9	2	3	1	7
1	4	2	5	7	3	8	9	6
7	9	6	3	4	1	2	8	5
4	2	5	9	6	8	7	3	1
8	1	3	7	2	5	9	6	4

जल शक्ति विभाग ने गर्मी को लेकर तैयार किया एक्शन प्लान

आरके रांगड़ा, चंबा

गर्मी के मौसम में लोगों को पानी की किल्लत से न जूझना पड़े इसको लेकर जल शक्ति विभाग मंडल चंबा ने एक्शन प्लान तैयार कर लिया है। विभाग के अधिकारियों का दावा है कि गर्मी के मौसम में लोगों को पानी की समस्या नहीं होगी। जल शक्ति विभाग में गर्मी के मौसम में होने वाली पानी की दिक्कत को दूर करने के लिए एक विशेष कार्य योजना तैयार की है।

विभाग ने गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत वाले स्थानों को पूर्व में ही चिन्हित कर लिया है। जल शक्ति विभाग चंबा के अधिशासी अभियंता जितेंद्र शर्मा ने कहा कि यदि गर्मी के मौसम में पानी की समस्या हो जाती है तो विभाग ने इससे निपटने की पूरी तैयारी कर रखी है।

विभाग द्वारा जल भंडारण टैंकों की साफ सफाई भी करवा दी गई है। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि पानी की किल्लत होने पर तुरंत विभाग को सूचित करें।

जंगल में देवदार के पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

आजम डार, तीसा

विधानसभा क्षेत्र के चचूल जंगल में देवदार के पेड़ों के अवैध कटान का बड़ा मामला सामने आया है। जंगल में आधा दर्जन देवदार के हरे पेड़ों के तने जमीन में दबे मिले हैं। स्थानीय लोगों की मदद से मिट्टी हटाने पर ये तने सामने आए हैं, जबकि दो दर्जन से अधिक देवदार के पेड़ नंबर डालकर काट दिए गए, लकड़ी भी गायब है।

हालांकि वहां वन निगम का अभी तक कोई लॉट ही नहीं लगा है। ऐसे में कटे हुए पेड़ों के तनों पर मिले ये नंबर आखिरकार वन विभाग ने क्यों लगाए। इसको लेकर भी जांच टीम गहनता से जांच कर रही है, लॉट लगाने से पूर्व पेड़ों की निशानदेही तब की जाती है, जब जंगल में कोई लॉट लगाना हो, जिससे चिह्नित पेड़ों को ही काटा जा सके, लेकिन चचूल जंगल में पेड़ तो कट चुके हैं, लेकिन अभी तक वहां वन निगम ने कोई लॉट नहीं लगाया है।

उधर मामले की जांच करने के लिए जब वन मंडल अधिकारी चुराह सुशील कुमार गुलेरिया सात किलोमीटर पैदल चलकर चचूल जंगल पहुंचे तो स्थानीय निवासी भी वहां पहुंच गए।

लोगों ने कटे हुए पेड़ों पर लगे नंबर देखे तो इसको लेकर संबंधित वन परिक्षेत्र अधिकारी को जवाब देने के निर्देश दिए। मामले में संबंधित वन रक्षक, वन खंड अधिकारी और वन परिक्षेत्र अधिकारी लपेटे में आ सकते हैं।

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

21 मई, 2024, मंगलवार

विक्रमी संवत : 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** त्रयोदशी: (5:41) : **नक्षत्र :** चित्रा (5:46), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** व्यती पात (12:34) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:44), **राहुकाल** (3:43 -05:25)।

विशेष दिन

» 21 मई 2024 : श्री नृसिंह जयंती आज।

» 21 मई 2024 : पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पुण्यतिथि आज।

मेष: वाणी पर नियंत्रण रखें। बने काम बिगड़ सकते है। अपनी सोच को बदलें न की दूसरों को बदलने की कोशिश करें। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

वृषभ: संतान के विवाह की चिंता रहेगी। पूंजी निवेश से लाभ संभव है। राज कार्य से जुड़े जातकों के लिए समय मिश्रित फलदायी है।

मिथुन: व्यापार विस्तार की योजना सफल होगी। स्वस्थ रहें, मस्त रहें। व्यर्थ चिंता छोड़ दें। खाद्य पदार्थ से जुड़े जातकों के लिए समय अति श्रेष्ठ है।

कर्क : आप के व्यवहार से सहकर्मी खुश होंगे। जीवन में नई उड़ान भरने का समय आया है, इसका लाभ लें। पारिवारिक जनों से भेंट होगी।

सिंह: धनकोष में वृद्धि होगी। अपने करियर के प्रति गंभीर निर्णय लेंवे। आत्म विश्वास की कमी के कारण गलत फैसले ले सकते हैं।

कन्या : पारिवारिक विवाद का आज अंतिम दिन है। महत्वपूर्ण कार्य निपटाने में लगे रहेंगे। छात्रों के लिए समय मेहनत करने वाला है।

तुला: करियर को लेकर आप ईमानदार नहीं हैं। संभल जाएं। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। जो लाभ देंगे। कार्यस्थल में उन्नति होगी।

वृश्चिक: समय के परिवर्तन से राहत महसूस करेंगे। विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। अनाज में निवेश शुभ रहेगा।

धनु : हौसले से ही आप उन्नति करेंगे। नए वस्त्र की प्राप्ति संभव है। माता-पिता को अस्वस्थता रहेगी। विवाद न करें। शुभ समाचार मिल सकता है।

मकर: कार्यस्थल पर अधिकारियों से विवाद होंगे। आपकी गलती के कारण बने बनाये काम बिगड़ सकते हैं। बातचीत से काम बन जाएंगे।

कुंभ : बड़ों की बात भी मान लेनी चाहिए। पुराने मित्र-संबंधी से मुलाकात आज संभव है। मित्रों से शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा।

मीन: आज किसी से भी विवाद न करें। अपने अधिकारों का गलत प्रयोग न करें। यात्रा लाभकारी रहेगी। आपकी मेहनत से उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

राजनीति | लोकसभा चुनाव को लेकर हलके के मतदाताओं में नहीं कोई उत्साह

भरमौर में वोटर्स हुए खामोश, नेताओं के उड़ रहे होश

ओपी शर्मा, भरमौर

लोकसभा चुनाव का भले ही पांचवा चरण खत्म हो गया है लेकिन प्रदेश के कबायली क्षेत्र भरमौर में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता बिल्कुल ही खामोश दिख रहे हैं। मतदाताओं की खामोशी को लेकर यहां के नेताओं के भी होश उड़ रहे हैं। इस बार के हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर हल्के के मतदाताओं में उतना खासा उत्साह बिल्कुल भी नजर नहीं आ रहा है। नेताओं की लाख कोशिशों के बावजूद भी लोग नेताओं की जनसभा में भी भारी संख्या में नहीं उमड रहे हैं। हालांकि इस बार भाजपा की ओर से कंगना तो वहीं पर कांग्रेस की ओर से विक्रमादित्य सिंह को मैदान में उतार कर मुकाबला रोचक करने की भरसक कोशिश की गई है, लेकिन बावजूद इसके यहां पर मतदाताओं में लोकसभा चुनाव को लेकर उतना जुनून नजर नहीं आ रहा है।

यही नहीं यहां पर भरमौर दौरे के दौरान कंगना की नुक्कड़ सभाओं में भी बहुत ही कम भीड़ उन्हें देखना व सुनने को आई तो वहीं पर प्रदेश के मुख्यमंत्री व कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के भरमौर दौरे के भी उम्मीद के मुताबिक भीड़ नहीं जुट पाई।

हालांकि नेताओं द्वारा यह दलील दी जा रही है कि यहां पर खेतों का काम होने के चलते लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। लेकिन जानकारों की माने तो पहले के मुकाबले इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में यहां पर उतना उत्साह नहीं दिख रहा है। मतदाताओं की खामोशी को लेकर यहां पर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

कयास लगाए जा रहे हैं कि छठा चरण का चुनाव खत्म होने के बाद दोनों ही दलों के बड़े नेता हिमाचल प्रदेश चुनावी माहौल को गर्म करने के लिए यहां पर पहुंचेंगे तो यहां पर राजनीतिक सरगर्मिया भी जोर पकड़ेगी। हालांकि हिमाचल प्रदेश में इस बार मंडी लोकसभा संसदीय सीट हॉट सीट बनकर सामने आई है। (अनंत ज्ञान)

नेताओं को सता रहा भितरघात का डर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अगर बात भरमौर की करें तो यहां पर भाजपा की ओर से वर्तमान विधायक डॉ. जनक राज की साख दांव पर लगी है, तो वहीं पर दूसरी ओर पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी का रसूक भी इस लोकसभा चुनाव के बाद सामने नजर आएगा।

उधर यहां दोनों ही दलों को कहीं न कहीं भितरघात का डर भी सता रहा है।

न्यूज ब्रीफ

सी-विजिल ऐप से करें चुनाव संबंधी शिकायत

केलांग। चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करने के लिए सी- विजिल ऐप का प्रावधान किया गया है, जिसमें कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत फोटो, विडियो व आडियो रिकॉर्ड कर भेज सकता है। किसी भी तरह के आचार संहिता उल्लंघन जैसे शराब, पैसे व मुफ्त उपहारों का आवंटन, निर्वाचकों को डराने धमकाने, घृणा फैलाने वाले सार्वजनिक भाषण, मतदाता परिवहन, फेक न्यूज-पेड न्यूज की स्थिति में आम नागरिक सी विजिल ऐप के माध्यम से सूचना दे सकता है, जिसका निपटारा 100 मिनट के भीतर किए जाने का प्रावधान है। नोडल अधिकारी आदर्श आचार संहिता जिला लाहौल-स्पिति मनोज कुमार ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आगे आएं व लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना बहुमूल्य योगदान दे।

पर्यटक का बैग लौटकर दिखाई ईमानदारी

मनाली। आटो चालक मंडी निवासी संजय कुमार ने पर्यटक का बैग लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। बाराणसी उत्तरप्रदेश के पर्यटक सौरव ने रांगड़ी में आटो किराए में लिया। पर्यटक आटो से उतरती बार अपना बैग आटो में ही भूल गया। आटो चालक ने बैग को यूनियन के प्रधान मोती राम के हवाले कर दिया। बैग में 4000 कैश सहित मोबाइल और जरूरी कागजात थे। आटो यूनियन के प्रधान मोती राम ने बताया कि आटो चालक ने सुबह यह बैग कार्यालय में दिया। दोपहर बाद फोन पर घण्टी बजी तो मैने फोन उठाया और पर्यटक को उनका सामान सुरक्षित होने की बात कही। शाम को पर्यटक आफिस में आया और अपना सामान बापस ले गया। पर्यटक गौरव ने चालक सहित यूनियन के प्रधान का आभार जताया।

छात्रों ने निकाली मतदान जागरूकता रैली

कुल्लू। जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल के दसवीं कक्षा के छात्र व छात्राओं ने मतदान जागरूकता अभियान में भाग लिया। प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने विद्यालय गेट से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया इसमें 76 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जागरूकता रैली जवाहर नवोदय विद्यालय से शुरू होकर, नांगा बाग समीप के सभी गांवों से गुजरती हुई बन्दरोल गांव पहुंची तथा आस पास के सभी गांव से होती हुई मालती बाग पहुंची। इस रैली में गांव के लोगों को मतदान का महत्व तथा मतदान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। सभी गांव के लोगों ने विद्यार्थियों के इस प्रयास को सराहा ओर सभी ने मतदान का आश्वासन दिया। रैली में विद्यालय के शिक्षक राम प्रकाश शर्मा, डिम्पल कुमारी तथा रेवत राम ने भी भाग लिया।

आज से 29 तक वोट डालेंगे बुजुर्ग और दिव्यांग

आनी। चुनाव आयोग के दिशा निर्देश अनुसार 21 मई मंगलवार से लेकर 29 मई तक घर द्वार से पोस्टल बैलेट के जरिए 85 साल से अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता वोट डालेंगे। इसके लिए सभी मतदान केंद्रों के तहत आने वाले उक्त मतदाताओं को मतदान के लिए मोबाइल टीमें मंगलवार 21 मई से रवाना कर दी जाएंगी। 29 मई तक सभी मतदान केंद्रों के तहत आने वाले इन मतदाताओं तक मोबाइल टीम मतदान को सुनिश्चित करेंगी। इस संबंध में एसडीएम कार्यालय आनी में मोबाइल टीमों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने इस मौके पर कहा कि उक्त मतदाता मोबाइल टीम के माध्यम से अवश्य मतदान करें। विभिन्न मतदान केंद्रों के लिए अलग अलग तिथियों में पोस्टल बैलेट के तहत मतदान होगा।

1915 में बने निथर स्कूल से विज्ञान संकाय के बच्चों ने किया पलायन

109 वर्ष पुराने स्कूल की अनदेखी, फिजिक्स, केमिस्ट्री व मैथ लेक्चरर के पद 4 सालों से खाली

अजितेंद्र गुप्ता, आनी

आनी विधानसभा क्षेत्र को 9 बार विधायक दे चुके निथर क्षेत्र में शिक्षा का सच बेहद भयावह है। निथर उपतहसील मुख्यालय में स्थित 109 वर्ष पुराने शहीद डोला राम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की आज हालत यह है कि अध्यापकों के न होने के कारण स्कूल में विज्ञान संकाय का एक भी छात्र या छात्रा मौजूद नहीं है।

फलस्वरूप क्षेत्र के बच्चों का जहां वैज्ञानिक, डॉक्टर या इंजीनियर बनने का सपना टूटने लगा है, वहीं अविभावकों को अपने बच्चों के भविष्य की चिंता भी सताने लगी है। वजह सीधी सी है कि स्कूल लगातार नजरंदाजियों का शिकार होता गया है। स्कूल में फिजिक्स केमिस्ट्री और गणित विषयों के एक भी लेक्चरर तैनात नहीं हैं।

साइंस संकाय के नाम पर केवल बायोलॉजी के लेक्चरर का पद ही भरा हुआ है। सभी पद 2020 और 2021 से रिक्त पड़े हैं। फलस्वरूप स्कूल में जमा एक कक्षा में केवल 6 विद्यार्थी रह गए थे ,जिन्होंने पास होने के बाद जमा दो में दाखिला लेने के बजाय स्कूल से पलायन कर दिया जबकि स्कूल में विज्ञान संकाय में नई एडमिशन के लिए छात्रों और अविभावकों ने रिक्त पदों के चलते कहीं दूसरी जगह ही एडमिशन लेना उचित समझा। अब स्कूल में न तो जमा एक मे कोई एडमिशन हुई है न ही स्कूल में विज्ञान संकाय का कोई विद्यार्थी बाकी रह गया है। (अनंत ज्ञान)

आनी के निथर स्कूल का भवन।

7 बार कांग्रेस, 2 बार भाजपा का रहा यहां से विधायक

निथर आनी विधानसभा क्षेत्र की राजनीति की धुरी रही है। यहीं से कांग्रेस के 7 बार विधायक रह चुके ईश्वर दास और हाल ही में कांग्रेस जॉइन कर चुके और भाजपा के दो बार विधायक रह चुके किशोरी लाल सागर इसी स्कूल से शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं और यह उनके गृह क्षेत्र का ऐसा स्कूल है जो आजादी से कई वर्षों पहले वर्ष 1915 में प्राइमरी स्कूल के रूप में आस्तित्व में आया है। 109 वर्ष पुराना यह स्कूल 1950 में मिडिल, 1968 में हाई स्कूल और करीब 30 वर्षों पहले सीनियर सेकेंडरी स्कूल अपग्रेड किया गया था। लेकिन विडंबना यह है कि 30 वर्षों पहले सीनियर सेकेंडरी पद्दोन्नत इस स्कूल में कॉमर्स संकाय है ही नहीं, यहां तक कि विभिन्नहाई स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले वोकेशनल सब्जेक्ट सृजित भी नहीं है और अब अध्यापकों की कमी के कारण विज्ञान संकाय भी बन्द हो गया है, जबकि 2018 से स्कूल में आईटी विषय का भी कोई अध्यापक नहीं है।

आधुनिक सुविधाओं से लैस है स्कूल

हालांकि निथर का शहीद डोला राम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूरी तरह हाईटेक है। स्कूल का लगभग हर क्लास रूम स्मार्ट क्लास रूम है। स्कूल में म्यूजिक से लेकर खेलों तक की हर सामग्री उपलब्ध है, लेकिन क्षेत्र के पूर्व विधायकों, नेताओं और सरकारों ने स्कूल में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों के रिक्त पड़े पदों को भरने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है।

हर-बार आश्वासन ही मिले : चंद्रपाल

स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रपाल शर्मा का कहना है कि स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा शिक्षा मंत्री, सरकार और विभाग को कई बार लिख कर दिया भी, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिले और रिक्त पदों को भरा नहीं गया। फलस्वरूप एसएमसी में रोष और चिंता बढ़ने लगी है।

ढालपुर मैदान से व्यापारियों ने किया कूच, पीछे छोड़ गए गंदगी का ढेर

व्यापारियों द्वारा ढालपुर मैदान में लगाए गए कूड़े का ढेर।

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू

पीपल जातर के बाद शुरू हुए मेले के समाप्त के बाद भी कारोबार ज्यों का त्यों चलता रहा। 15 मई के बाद से सभी व्यापारियों को नगर परिषद के आदेशानुसार मैदान को जल्द से जल्द खाली करने के आदेश दिए गए थे। इस दौरान समय पूरा होने पर कारोबारियों ने अपने सामान को समेटना शुरू कर दिया था, किन्तु कुछ व्यापारियों ने मैदान से सामान समेटने की गति को धीमा कर रखा था और गुपचुप तरीके से कारोबार चलाए रखा था।

रविवार को कारोबारियों ने ढालपुर मैदान को भले ही खाली कर दिया था मगर वो सामान समेट कर मीना बाजार के पैरापिट पर जाकर वहीं पर अपने-अपने उत्पादों को बेचने में जुट गए, जोकि देर शाम करीब 8:30 तक चलता रहा। सोमवार को व्यापारियों ने ढालपुर के मीना बाजार और ढालपुर के मेला मैदान को पूरी तरह से खाली कर दिया गया। जाते-जाते मैदान में कूड़े का ढेर छोड़ कर चले गए हैं और अब मैदान के चारो ओर सिर्फ कूड़ा कर्कट फैला हुआ है। ढालपुर मैदान खाली करने के बाद कारोबारियों ने प्लास्टिक ओर कपड़ों के कूड़े को मैदान में यूं ही छोड़ दिया है, जो ढालपुर मैदान की शान पर धब्बा लग रहा है।

बहरहाल ढालपुर मैदान अब खाली जो चुका है और अब इस मैदान को फिर से उसी रूप में लाने के लिए नगर परिषद को खासी मेहनत करनी पड़ेगी। फैले कूड़े के निपटान के लिए नगर परिषद को कार्य करने की जरूरत है, ताकि ढालपुर मैदान के सौंदर्य को दोबारा बरकरार रखा जा सके। (अनंत ज्ञान)

स्पीति में कंगना का विरोध, 'गो बैक' के लगे नारे

कमलेश वर्मा, काजा

सोमवार को जनजातीय क्षेत्र लाहौल-स्पीति के काजा में भाजपा की पहले से प्रस्तावित जनसभा में भाग लेन पहुंची मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कंगना को काले झंडे दिखाए और 'कंगना गो बैक' के नारे भी लगाए।

सनद रहे कि कुछ महीने पहले कंगना के तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा पर टिप्पणी करने से बौद्ध समुदाय के लोग नाराज हैं, जिसको लेकर सोमवार को कंगना के स्पीति पहुंचने पर लोगों ने खूब नारेबाज़ी की और गो बैक कंगना के नारे लगाए। साथ ही कहा कि कंगना-कुंगना नहीं चलेगी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के बीच झड़प हुई वहीं कुछ लोग आपसी झड़प ओर खींचतान में चोटिल भी हुए। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने कहा कि ये सब कांग्रेस पार्टी के इशारे पर किया गया। जब यहां पर भाजपा का कार्यक्रम पहले से निर्धारित था तो कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को प्रशासन के द्वारा अनुमति नहीं दी जानी चाहिए थी। ऐसे में इस कार्यक्रम में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा खलल डाला गया है। इस मामले की शिकायत भाजपा ने चुनाव आयुक्त से की है।

पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने इस पूरे मामले में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को दोषी मानते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट करने तथा उनका काफिला रोकने का भी आरोप लगाया है। (अनंत ज्ञान)

कंगना का विरोध करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

कंगना की टिप्पणी क्षमा योग्य नहीं : रापचिक

स्पीति के टीएसी सदस्य रापचिक ने कहा कि कंगना की धर्म गुरु दलाई लामा पर की गई टिप्पणी क्षमा योग्य नहीं है। भले ही धर्म गुरु ने उन्हें माफ कर दिया है लेकिन बौद्ध अनुयायी कंगना को माफ नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि कंगना के विरुद्ध निकाली रोष रैली में कांग्रेस भाजपा सहित अन्य लोग भी शामिल थे।

कल कुल्लू के इन क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

कुल्लू। आगामी 22 मई को कुल्लू मुख्यालय के समीप लगते क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस बारे सहायक अभियंता विद्युत उपमण्डल कुल्लू ने बताया कि 11 के.वी. लाइनों फीडर गांधीनगर की मुरम्मत और रख-रखाव के लिए सेशन हाउस, शास्त्रीनगर, टीवी टावर, टिकर बावड़ी व आसपास के इलाकों में 22 मई 2024 को सुबह के 10 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति को बाधित किया जाएगा इसलिए इस सुविधा के लिए जनता से सहयोग की अपील की गई है।

पतलीकूहल में बाढ़ जैसी स्थिति

पावर प्रोजेक्ट से पानी छोड़ने पर चपेट में आई जेसीबी भी डूबी

मोहन कपूर, पतलीकूहल

सोमवार को ब्यास नदी तथा इसके सहायक नदी नालों पर बने निजी पावर प्रोजेक्ट द्वारा अचानक पानी छोड़ने से पतलीकूहलें बाढ़ जैसी स्थित बन गई है। नदी का पानी किनारों को तोड़कर लोगों के घरों में घुस गया।

एक जेसीबी भी चपेट में आ गई और नदी में डुब गई है, जुलाई माह में आई बाढ़ के बाद घरों को ठीक कर रहे रोगों का निर्माण कार्य रूक गया। इसे लेकर दोपहर दो बजे बाढ़ पीड़ित कमेटी की आपात बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चर्चा के सबने एकमत से कहा कि कमेटी पिछले करीब दो माह से ठेकेदार को सही तरीके से नियमानुसार नदी के बीच का हिस्सा खाली करने को कह रही है, लेकिन बेतरतीब तरीके से काम होने से अब बाढ़ का खतरा पहले से बढ़ गया है। दिलचस्प बात यह है कि एसडीएम के आग्रह के बावजूद भी ठेकेदार ने बेतरतीब तरीके से काम जारी रखा।

कमेटी का कहना है कि बेतरतीब खुदाई से पतलीकूहल की बस्ती की ओर खाई बन गई है, जिसे समय रहते भरा नहीं गया तो बरसात में तबाही का मंजर पिछले साल के मुकाबले ज्यादा भंयकर होगा। अध्यक्ष रामसिंह, देवेंद्र नेगी, अमित शर्मा, राजीव ठाकुर, राजेंद्र बौद्ध, राजीव बौद्ध, सुरेंद्र, विजय, बलदेव और सोनू आदि ने कहा कि उनकी सुनवाई नहीं होती है तो वे आंदोलन करेंगे। (अनंत ज्ञान)

विनोद ने मोबाइल चार्जर की लीड से घोंटा था गर्लफ्रेंड का गला

कुल्लू। पर्यटन नगरी मनाली के होटल में युवती की हत्या मामले में खुलासा हुआ है कि विनोद ने मोबाइल चार्जर की लीड से गर्लफ्रेंड का गला घोंटा था। जांच में पता चला है कि 14 मई की रात दोनों में किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो था। युवक ने मोबाइल चार्जर की केबल से गला घोंटकर उसे मौत के घाट उतार दिया। 15 मई को आरोपी युवक ने बाजार से बैग खरीदा और शव उसमें डाल दिया। इसके बाद इसी दिन वह युवती के शव को मनाली से बाहर लेकर जाने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है। आरोपी को सोमवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में रखने के आदेश जारी किए हैं। आरोपी चार दिन की पुलिस रिमांड में चल रहा था।

फगवाड़ा के लाली ने जीती बड़ी माली

अनंत ज्ञान, भुंतर

जिला कुल्लू के मौहल में जय लखदाता पीर छिंज कमेटी की ओर से शानदार दंगल करवाया गया। इस दंगल में नागचला बर्तन के एमडी एवं समाजसेवी राकेश कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यतिथि ने कमेटी को 31000 की राशि कुश्ती के सहयोग को दी। इस दंगल में देश विदेश से आए लगभग 200 पहलवानों ने अपने जौहर दिखाए।

जय लखदाता पीर छींज कमेटी मौहल के चेयरमैन प्रवीन कुमार सूद, वाइस चेयरमैन राजिंद्र कुमार, प्रधान मुरारी लाल, सचिव राज कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील चौहान उर्फ सोनू व कमेटी के सभी सदस्यों ने बताया कि लक्की थापा की कुश्ती ने इस दंगल को चार चांद लगा दिए, लेकिन अंत में मंडी के पहलवान ने अपनी ताकत दिखाते हुऐ थापा को पटकनी दे दी। छोटी माली का मुकाबला ऋतिक चंडीगढ़ पटकनी देकर केल्सियम सिरसा ने छोटी माली पर कब्जा जमाया, जबकि दिल्ली के रोहित को पछाड़ते हुए फगवाड़ा के लाली ने बड़ी माली जीती। विजेता पहलवानों को कमेटी सम्मानित भी किया।

मौहल में आयोजित दंगल में विजेता पहलवानों को सम्मानित करते आयोजक व अन्य।

चित्रकारों के लिए लगाई प्रदर्शनी एवं वर्कशॉप

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

विश्व प्रसिद्ध रौरिक आर्ट गैलरी नग्गर मनाली में स्पंदन 3 द्वारा पूरे भारत से आये चित्रकारों के लिए 3 दिवसीय प्रदर्शनी एवं वर्कशॉप का आयोजन आज रौरिक आर्ट गैलरी नगर मनाली में किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुरेश जसवाल वरिष्ठ हिमाचल प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र संगठन डॉ लाल सिंह ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. लाल सिंह ने कहा कि कलाकार समाज का आईना होता है। मुख्यातिथि ने समस्त चित्रकारों के चित्रों का अवलोकन करने बाद सभी चित्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक कलाकार ही समाज की कुरीतियों का खात्मा करने के लिए सदैव तत्पर रहता है।

इस अवसर पर कला सुमन रंगमंच पंजाब से डॉ रमेश चंदेल, डॉ देव कन्या ठाकुर, एसजेवीएन, केवल गिरी महंत, श्याम हांडा, बीजू चैयरमैन सहभागिता हिमाचल, प्रीतम एवं गुरुदेव सिंह चेयरमैन डॉ कलाम एडवेंचर एसोसिएशन तथा स्पंदन 3 कार्यक्रम के संचालक प्रशांत त्रिपाठी, पंकज सिसोदिया ओर सीमा सिंह उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी एवं वर्कशॉप में उपस्थित मुख्यातिथि एवं अन्य।

देवताओं से बिछुड़ने पर भक्तों की आंखें हुई नम

अनंत ज्ञान, बंजार

देवता श्रृंगा ऋषि के सम्मान में मनाया जाने वाला जिला स्तरीय बंजार मेला आधिकारिक तौर पर गत दिन ही समाप्त हो गया था पर देवता श्रृंगा ऋषि अपने रथ पर सवार हो कर सोमवार को अपने मंदिर बागी की ओर रवाना हुए।

वहीं बंजार मेले में शिरकत करने आए घाटी के अन्य देवी देवताओं में माता पंचालीका पुजाली, देवता जहल, देवता लक्ष्मी नारायण पुझारी बाहू, देवता बगडू महादेव, माता बुढी नागीन, देवता मार्कंडेय बलागाड,बमार्कंडेय लांहुड, देवता शेष नाग जीभी, देवता लक्ष्मी नारायण कलवारी, देवता ईश्वर महादेव, देवता लक्ष्मी नारायण चेडा, देवता पांच वीर लटोडा आदी अपने अपने देवालयों की ओर कूच कर गए हैं। गौरतलब है कि जिला स्तरीय बंजार मेला पांच कोठी के अराध्य देवता श्रृगां ऋषि के सम्मान में हर वर्ष मनाया जाता है। रथ के बंजार पहुंचने के साथ ही जिला स्तरीय बंजार मेला आरंभ हो जाता है। पांच दिवसीय बंजार मेला जहां मुख्यता श्रृंगा ऋषि को समर्पित है वहीं घाटी के दर्जनों देवी देवता भी इस मेला की शोभा बढाते हैं।

कुल्लू में दो जून को होगी जिला स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

दो जून को वूशु की सांसु व ताओलू मे जिला स्तरीय लड़कों व लड़कियों की प्रतियोगिता होगी। यह जानकारी जिला वुशू संघ के महासचिव लुदर चंद ने दी।

इस प्रतियोगिता 14 से 17 व 17 से 18 वर्ष की आयु लडके व लडकियां भाग लेंगे। सांसु लड़कों के भार वर्ग में 45, 48, 52, ०56, 60, 65, 70, 75 व 80 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतियोगिता होगी। जबकि लड़कियों के वर्ग में 45,48,52, 56 व 60 किलो ग्राम भार वर्ग में प्रतियोगिता होगी।

उन्होंने बताया कि जूनियर वुशू प्रतियोगिता 2 जून रविवार 2024 को भारत भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुल्लू में होने जा रही है।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन भारत भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल या अक्षित वूशु स्पोर्ट्स एकेडमी बजौरा में 1 जून 2024 शनिवार को कर सकते है। खिलाड़ी अपने साथ अपना आधार कार्ड की फोटो कॉपी, 4 पासपोर्ट्स साइज फोटो, आयु प्रमाण पत्र, वूशु खेलो इंडिया किड नंबर साथ लेकर आए। खिलाड़ी जिला वुशू संघ के महासचिव से संपर्क 82198-13023 पर कर सकते हैं।

खिलाड़ी जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों को 20 वी जूनियर प्रतियोगिता 8 और 9 जून 2024 को शिमला में राज्य स्तरीय वूशु मे खेलेंगे। राज्य स्तरीय की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की वुशू प्रतियोगिता को की 26 से 31 जुलाई में केपीआर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कोयंबटूर तमिलनाडु में होने जा रही है। इसमें अपना हुनर दिखाएंगे।

यात्रा | बारालाचा दर्रे में खराब स्थान चिन्हित कर सड़क सुधारने में जुटा बीआरओ

मनाली-लेह मार्ग पर दौड़े वाहन, जंस्कार मार्ग भी खुला

कमलेश वर्मा, केलांग

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मनाली लेह मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारू हो गई है, ऐसे में अब सीमावर्ती क्षेत्रों में रसद पहुंचाने में आसानी होगी। बारालाचा दर्रे में दो जगह सड़क खराब होने से रविवार को लेह जा रहे ट्रक फंस गए थे जिन्हें लाहुल स्पीति पुलिस ने बीआरओ की मदद से सरचू पहुंचाया। बीआरओ खराब स्थान चिन्हित कर सड़क सुधारने में जुट गया है।

सेना के वाहनों की आवाजाही भी शुरु हो गई है। सोमवार को लेह से मनाली की ओर 25 वाहन आए। जंस्कार मार्ग में भी वाहनों की आवाजाही सुचारु है। लेह लद्दाख के लिए बीआरओ ने मनाली लेह, श्रीनगर लेह के साथ साथ मनाली शिंकुला से होते हुए पददुम निमू लेह के लिए तीसरा वैकल्पिक मार्ग निकाल लिया है लेकिन सड़क अभी बड़े वाहनों के लिए तैयार नहीं हुई है। इस मार्ग से 20 हजार से अधिक आवादी वाली जंस्कार घाटी को सबसे अधिक राहत मिली है।

कारगिल के लोग भी शिंकुला होते हुए मनाली आ जा रहे हैं। बीआरओ कमांडर ने बताया कि बारालाचा में दो जगह सड़क खराब होने से ट्रक चढ़ नहीं पा रहे हैं। बीआरओ दोनों जगह सड़क की हालत सुधारने में जुट गया है।

दारचा चौकी प्रभारी छोटे लाल ने कहा कि सोमवार को लेह की ओर से बड़े वाहन दो, छोटे नौ, बाइक 10 व सेना के चार वाहानों सहित कुल 25 वाहन लेह से दारचा पहुंचे। उन्होंने कहा कि मनाली लेह मार्ग पर कुछ दिन वाहनों की आवाजाही एक तरफा ही रहेगी। (अनंत ज्ञान)

मनाली-लेह मार्ग में दारचा से लेह की तरफ जाते हुए जिंगजिंग बार में खराब हुआ ट्रक।

जिंगजिंग बार में फंसे 471 वाहनों को निकाला

मनाली लेह मार्ग में फंसे 471 वाहनों को सुरक्षित लेह की ओर निकाला गया। ये वाहन रविवार को दारचा से लेह की तरफ जाते हुए जिंगजिंग बार में फंस गए थे। लाहुल स्पीति पुलिस के अनुसार दारचा चौकी में रविवार शाम को सूचना मिली थी कि ज़िंगजिंग बार में वाहन फंस गए थे। सूचना मिलने के बाद दारचा चौकी प्रभारी छोटे लाल ने टीम के साथ मौके पर जाकर बीआरओ के जवानों के साथ आगे निकाला। पुलिस के अनुसार जिंगजिंग बार में 471 वाहन फंस गए थे जिसमें 429 एचवीएल और 42 एलएमवी वाहन शामिल थे। इस वाहनों में 905 लोग फंसे थे जिन्हें देर रात तक वाहनों और लोगों को रेस्क्यू किया गया। गौरतलब है कि रविवार को पांच महीने बाद लेह मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए वहाल किया गया है। जिसके चलते पहले दिन दारचा से लेह की और वाहन रवाना किए गए। यह मार्ग अभी एक तरफा वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल किया है। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि सभी वाहनों को लेह की तरफ निकाला गया है और वाहनों में सवार लोगों को भी सुरक्षित निकला गया।

न्यूज ब्रीफ

अचानक बिगड़ी युवक की तबीयत, मौत

नाहन। जिला मुख्यालय नाहन में एक 28 साल के युवक की अचानक तबीयत खराब होने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नीतीश निवासी गांव बडोन श्री रेणुका जी के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक युवक अपने किसी दोस्त के पास नाहन रहने आया था। इसी दौरान रविवार सुबह अचानक युवक की तबीयत बिगड़ गई। युवक के दोस्त ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन युवक ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि युवक नशे का आदि भी था। उधर, जांच अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद युवक के शव को परिजनों के हवाले कर दिया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा होगा।

कार से 3.33 लाख की नकदी बरामद

नाहन। लोकसभा चुनाव के बीच सिरमौर पुलिस सीमाओं पर अलर्ट है। हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश की साथ लगती जिले की सीमाओं पर 19 स्थानों पर नाके लगाकर दिन-रात वाहनों की चेकिंग की जा रही है। पुलिस उत्तराखंड-हिमाचल की सीमा पर मीनस में कार (नंबर एचपी 08-ए-3539) को जांच के लिए रोका। इस दौरान पुलिस ने रणजीत पुत्र लायकराम निवासी गांव दोची, मालत, तहसील कुपवी, जिला शिमला से 3.33 लाख की नकदी बरामद की। इस नकदी के बारे में कार मालिक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। लिहाजा, टीम ने इस राशि को जब्त कर शिलाई की सरकारी ट्रेजरी में जमा करवा दिया है। डीएसपी पांवटा साहिब अदिति सिंह ने नकदी बरामदगी की पुष्टि की है।

अर्श ने 10वीं में प्राप्त किए 94.2 फीसदी अंक

अर्की। अर्की उपमंडल के देवरा पंचायत के गांव मंज्याट निवासी अर्श मोहम्मद पुत्र राजीव मोहम्मद (बंटी) ने सीबीएसई 10वीं कक्षा में 94.2 फीसदी अंक प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की है।

अर्श डीएवी स्कूल न्यू शिमला के छात्र हैं। अर्श ने बताया कि वह एनडीए में जाना चाहते हैं, जिसके लिए कोचिंग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह इस उपलब्धि का श्रेय अपना माता-पिता व गुरुजनों को देना चाहते है, जिनके मार्गदर्शन से यह संभव हुआ है। अर्श के पिता पर्यटन निगम में अधिकारी है और दादा सेवानिवृत्त सेना अधिकारी हैं।

पांवटा व कमरऊ में छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित

पावंटा साहिब। हिमाचल शिक्षा समिति की तरफ मेधावी छात्रों के लिए सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल पांवटा और कमरऊ में मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई। इसमें पांवटा केंद्र से 68 और कमरऊ केंद्र से 133 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। परीक्षा पांवटा केंद्र में प्रान्त पर्यवेक्षक मनोज शर्मा, अधीक्षक पूर्ण चौहान व परीक्षा नियंत्रक संतन नेगी की देखरेख में हुई।

आपातकाल में हेल्पलाइन नंबर का ज्ञान जरूरी

नाहन। उपायुक्त कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से राजन कुमार शर्मा ने आपातकालीन स्थिति में दूरभाष के उन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी जो मुख्य रूप से सहायक सिद्ध होते हैं। शिविर के दूसरे सत्र में आदर्श अग्निशमन केंद्र नाहन के चेयरमैन रामदयाल शर्मा ने घरेलू और जंगली आग से बचाव के टिप्स दिए। कमांडेंट कर्नल राजीव शर्मा ने बताया कि इस शिविर में जिला के लगभग 19 सरकारी विद्यालयों एवं 4 सरकारी राजकीय महाविद्यालयों से लगभग 600 बाल व बालिका कैडेट्स भाग ले रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं का घेराव करेंगी महिलाएं: मनीषा

नाहन। सिरमौर भाजपा महिला मोर्चा रेणुका मंडल की मीडिया प्रभारी मनीषा ठाकुर ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ कांग्रेस पार्टी के नेताओं का घेराव किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश की महिलाओं के साथ धोखा किया है। आज तक किसी भी महिला के खाते में 1500 रुपए नहीं आए हैं। इससे प्रदेश की महिलाएं अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। मनीषा ने बताया कि यदि हमारे क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के नेता प्रचार करने आए तो उनका क्षेत्र की महिलाएं घेराव करेगी। उन्होंने बताया कि अब महिलाएं उनके झांसे में आने वाली नहीं है।

वनों में आग पर रोक एवं नियंत्रण में सहयोग करेंगे आपदा मित्र : डीसी

सिरमौर में आगामी 5 दिनों तक लू चलने का अलर्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन/नाहन

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगने की घटनाओं पर रोक एवं नियंत्रण के दृष्टिगत जिला में सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

उन्होंने सभी उपमंडलाधिकारियों (ना.) को वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए इस तरह की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। मनमोहन शर्मा ने कहा कि वनों के समीप रहने वाले लोगों व जनसाधरण के सहयोग एवं जागरूकता से ऐसी घटनाओं पर प्रभावी ढंग से रोक लगाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि वनों में लगने वाली आग पर नियंत्रण के लिए सभी उपमंडलाधिकारियों को आपदा मित्र तैनात करने एवं स्थानीय स्वयं सेवकों से मदद लेने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला प्रशासन की ओर से गत माह ग्रीष्म ऋतु, 2024 के दौरान जंगलों में लगने वाली आग के कारण सार्वजनिक संपत्ति और जंगलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश ग्राम एवं

सोलन के जंगलों में भड़की भीषण आग।

लघु नगर गश्त अधिनियम, 1964 की धारा 3 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। 15 जुलाई, 2024 तक लागू इन आदशों के तहत ज़िला के समस्त गांवों के निवासी सभी सक्षम पुरुष जंगलों में आग से बचाव के लिए गश्त लगाने के लिए उत्तरदायी होंगे। उन्होंने जन साधारण से इसमें सहयोग व सतर्क रहने की अपील की है।

उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि मौसम विज्ञान केंद्र, शिमला द्वारा प्रदेश सहित सिरमौर जिला में आगामी 5 दिनों तक लू (हीट वेव) चलने का अलर्ट जारी किया गया है। सुमित खिमटा ने मौसम विज्ञान केंद्र, शिमला द्वारा जारी लू अलर्ट के दृष्टिगत सिरमौर जिला के लोगों से अगले 4-5 दिनों तक जरूरी सावधानियां व एहतियात बरतने की अपील की है।

सिरमौर जिला के धौलाकुआं और पांवटा साहिब क्षेत्र में भीषण लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। इस अलर्ट को देखते हुए जिला के समस्त लोगों विशेषकर शिशुओं, बुजुर्गों और क्रॉनिक डिजीज वाले लोगों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

एडवाइजरी जारी, लू लगने पर ऐसे करें बचाव

उपायुक्त सोलन व सिरमौर ने कहा कि कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से हीट स्ट्रोक व लू लगने के खतरे से बचने के दृष्टिगत एडवाइजरी भी जारी की गई है। इसके अनुसार लू लगे व्यक्ति को छांव में लेटा दें और यदि तंग कपड़े हों तो उन्हें ढीला कर दें अथवा हटा दें, ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं। अपने घर को ठंडा रखें तथा पर्दे, शटर आदि का उपयोग करें व रात में खिड़कियां खुली रखें। आमजन स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान और आगामी तापमान में परिवर्तन के बारे में सतर्क रहें। अगर किसी की तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। ऐसे व्यक्ति को ओआरएस, नींबू पानी, नमक-चीनी का घोल पीने को दें जिससे शरीर में जल की मात्रा बढ़ सके। यदि व्यक्ति पानी की उल्टियां करे या बेहोश हो जाए तो उसे कुछ भी खाने-पीने को न दें, लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लें जाएं। बेहोशी की हालत में खाने-पीने को न दें और होश में आने पर ठंडा पानी या तरल पदार्थ पीने को दें। जानवरों को छांव में रखें और पानी पीने को दें। लू से बचाव के लिए जहां तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें व अधिक तापमान में कठिन कार्य न करें। शराब, चाय, कॉफी, अत्याधिक मीठे पेय पदार्थ, कोल्ड ड्रिंक, गैस वाले पदार्थों का सेवन न करें। धूप में बच्चों को न खेलने दें, बासी खाना न खाएं, गर्मी की चरम सीमा में खाना न पकाएं। धूप में बच्चों और पालतू जानवरों को गाड़ी में अकेला न छोड़ें। जितनी बार हो सके पानी पिएं, प्यास न लगने पर भी पानी पिएं और सफर में पीने का पानी हमेशा साथ रखें। जब भी धूप में जाएं तो हल्के रंग के और ढीले-ढीले सूती कपड़े पहनें, धूप के चश्मे का उपयोग करें, गमछे या टोपी से अपने सिर को ढकें और हमेशा जूते या चप्पल पहनें रखे। एडवाइजरी के अनुसार छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बाहर काम करने वाले लोग व मानसिक रूप से अस्वस्थ व दिव्यांग व्यक्ति हीट स्ट्रोक के लिए अति संवेदशील लोगों की श्रेणी में आते हैं और इनका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सचेत मोबाइल ऐप के माध्यम से समय-समय पर मौसम व अन्य आपदाओं की सटीक जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है। ऐसे में सभी लोगों से इस ऐप को अधिक से अधिक उपयोग में लाने का भी आग्रह किया गया है। आपात स्थिति में कोई भी व्यक्ति टोल फ्री दूरभाष नंबर 1070/1077 पर अथवा दूरभाष नंबर 01792-220049 व 01792-220882 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

टिम्बी-मिल्ला सड़क पर क्रैश बैरियर की दरकार, पर सरकार के पास बजट ही नहीं

अनंत ज्ञान, शिलाई

जिला सिरमौर के दुर्गम क्षेत्र शिलाई का गिरिपार का एक ऐसा क्षेत्र जिस सड़क मार्ग पर सिरमौर में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं गत वर्षों से होती आ रही हैं, जिसमें दर्जनों परिवार काल के ग्रास बने हैं।

इस सड़क का निर्माण 90 के दशक में किया गया था परंतु सरकार और प्रशासन ने कुछ खास सकारात्मक कदम इस सड़क को लेकर अभी तक नहीं उठाएं, जिसमें केवल अभी तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया गया। इस सड़क मार्ग पर लगती मिल्ला नौजवान युवा सभा, संबंधित पंचायतों जैसे मिल्ला, क्यारी गुनडाह, बकरास, दिगवा और कोटि उतरु पंचायतों के लोगों ने कई बार प्रदेश सरकार, मंत्री एवं जिला प्रशासन को निवेदन और मांग पत्र के माध्यम से अनुरोध भी किया है कि यहां पर क्रैश बैरियर लगाएं जाएं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने बताया कि इस सड़क

शिलाई की टिम्बी-मिल्ला सड़क।

की दूरी टिम्बी से मिल्ला, दिगवा, क्यारी गुनडाह, बकरास पंचायत तक लगभग 15 किलोमीटर है। उन्होंने जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार से इस सड़क मार्ग पर मजबूत क्रैश बेरियर लगाने की मांग उठाई है, ताकि सड़क

सिरमौर में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं इसी मार्ग पर हुईं, 100 से अधिक लोगों की जा चुकी है जान

हादसों पर लगाम लगाई जा सके। इस सड़क मार्ग पर अभी तक लगभग सौ से ज्यादा अनमोल जाने काल की ग्रास बन चुकी हैं।

उन्होंने बताया कि शिलाई मंडल से सड़क के इस कार्य का ऐस्टिमेट बनकर प्रदेश लोक निर्माण मुख्यालय में एक वर्ष से विचाराधीन है और अभी तक टिम्बी से मिल्ला सड़क मार्ग के लिए बजट का प्रावधान नहीं हो पा रहा है, जिसमें कि स्थानीय विधायक एवं वर्तमान में उधोग एवं संसदीय कार्य मंत्री ठाकुर हर्षवर्धन चौहान ने भी लोकनिर्माण मुख्यालय शिमला को बजट का प्रावधान के लिए आदेश दिए हैं, परंतु विभाग की ओर से अभी तक बजट का प्रावधान न होने के कारण मिल्ला सड़क मार्ग क्रैश बैरियर नहीं लग पा रहे हैं।

अनियंत्रित बस मिट्टी के ढेर पर लटकी, बाल-बाल बचीं सवारियां

अनंत ज्ञान, बीबीएन

जिला सोलन के नालागढ़ में सरकारी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लटक गई। हादसे के दौरान बस में 25 सवारियां थी जो कि बाल-बाल बची।

जानकारी के अनुसार सरकारी बस साईं-धर्मपुर अवाड़ रूट पर वाया बद्दी-नालागढ़ जा रही बस सोमवार सुबह 7 बजकर 15 मिनट पर जब सोढ़ी गांव के पास पहुंची तो अचानक अनियंत्रित हो गई।

गनीमत रही कि बस एक तरफ मिट्टी के ढेर पर चढ़कर लटक गई और सवारियां तुरंत बस से नीचे उतर गई। बस चालक के अनुसार बस का स्टेयरिंग चलते-चलते जाम हो गया और मोड़ पर बस अनियंत्रित होकर लटक गई। इस दौरान बस में कई सवारियां व स्कूली छात्र भी थे जो कि रोजाना की तरह स्कूल जा रहे थे। परिवहन डिपो के आरएम विजय कुमार

चौधरी ने बताया कि बस की तार टूटने से स्टीयरिंग जाम हो गया था और बस को चालक ने इमरजेंसी ब्रेक मारकर रोका।

उन्होंने बताया कि सवारियों को शिफ्ट करने के बाद बस को ठीक कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि बसों की चेकिंग सप्ताह में एक बार की जाती है और अगर कोई डिफेक्ट आता है तो चालक तुरंत जांच करवा लेते है।

जोगेंद्र हाब्बी की टीम को ऑल इंडिया रेडियो से मिला ए ग्रेड

ऐसी मान्यता प्राप्त करने वाला हिमाचल का बना पहला कलाकार दल

अनंत ज्ञान, राजगढ़

वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड होल्डर जोगेंद्र हाब्बी की टीम ऑल इंडिया रेडियो से ए ग्रेड में उतीर्ण हुई है। रेडियो से ए ग्रेड में मान्यता प्राप्त करने वाला यह हिमाचल प्रदेश का पहला कलाकार दल है।

हाल ही में ऑल इंडिया रेडियो के केंद्रीय स्तर परीक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा ली गई परीक्षा में प्रस्तुति को स्तरीय पाने के उपरांत जोगेन्द्र हाब्बी व साथी को बी हाई ग्रेड से ए ग्रेड किया गया है। गौर रहे कि कि वर्ष 2006 में जोगेंद्र हाब्बी व साथी कलाकार दल आल इंडिया रेडियो से बी श्रेणी में उतीर्ण हुआ था। उसके बाद वर्ष 2011 में दल बी हाई ग्रेड की परीक्षा में उतीर्ण हुआ और फरवरी 2024 में ली गई स्वर परीक्षा में ए ग्रेड उतीर्ण कर लिया है।

जोगेंद्र हाब्बी व साथी कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हुए।

जोगेंद्र हाब्बी व साथी कलाकारों ने केंद्रीय स्वर परीक्षा बोर्ड, आकाशवाणी शिमला की केंद्र प्रमुख धारा सरस्वती, सपना ठाकुर, डॉ. हुकम शर्मा, लेखराम गंर्धव तथा सेवानिवृत्त अधिकारी हीर चंद नेगी आदि अधिकारियों का भी धन्यवाद किया, जिनकी प्रेरणा से दल आकाशवाणी में स्वर परीक्षा तथा संगीत सभाओं में भाग लेता रहा है।

परीक्षा में जोगेंद्र हाब्बी के साथ मशहूर लोक गायक रामलाल वर्मा, संगीत नाटक अकादेमी से उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार से सम्मानित कलाकार गोपाल हाब्बी, सीमा, हेमलता, सरोज, संदीप, अमन, अमीचंद, बलदेव, चमन, मुकेश आदि ने भाग लिया।

सोलन में चार-पांच दिन बाद आ रही पेयजल सप्लाई

वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी में मांग अनुसार नहीं मिल रहा पानी

आर मोहन चौहान. सोलन

जल शक्ति विभाग की गिरी और अश्विनी उठाऊ पेयजल योजनाओं से मांग अनुसार पानी न मिलने से नगर निगम सोलन को शहरवासियों की प्यास बुझाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में पानी की राशनिंग की जा रही है। हालात ऐसे हैं कि शहर के वार्ड क्षेत्रों में चार से पांच दिन बाद पानी की आपूर्ति हो रही है। इससे उपभोक्ताओं की मांग पूरा करना मुश्किल हो चुका है।

शहर के वार्ड -14 की हाउसिंग कॉलोनी में भी ऐसे ही हालात है। कॉलोनी में तीन से चार दिन बाद पानी मिल रहा है। इससे लोगों में नगर निगम के प्रति रोष पनप रहा है। आरोप है कि चार से पांच दिन बाद मिल रही पानी की सप्लाई के बावजूद गुजारा नहीं हो रहा है। प्रेशर नहीं होने से टंकियों में पानी नहीं

सोलन के फॉरेस्ट रोड में बना निगम का वॉटर टैंक।

पहुंच रहा है। गर्मियां शुरू होते ही सोलन शहर में दिनोंदिन पेयजल संकट गहराने लगा है।

नगर निगम की मानें तो अगले महीने होने वाले शूलिनी मेले की जरूरत को देखते हुए अभी से पानी की स्टोरेज की जा रही है। ऐसे में स्थानीय लोगों को अभी से पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक शहर की प्यास बुझाने वाले गिरी पेयजल योजना का पानी इन दिनों कुमारहट्टी और धर्मपुर भी भेजा जा रहा है। यदि स्थिति ऐसी ही रही तो गर्मियां बढ़ते ही पानी की लिए हाहाकार मच जाएगी। (अनंत ज्ञान)

वार्ड क्षेत्रों में नहीं बने स्टोरेज टैंक

निगम ने शहर में पेयजल की आपूर्ति को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वार्ड क्षेत्रों में वाटर टैंकों का निर्माण का निर्णय तो लिया पर इसके लिए जमीन ही उपलब्ध नहीं हो रही है। वार्ड क्षेत्रों में नगर परिषद की जमीन तो है लेकिन वाटर टैंक के निर्माण के लिए फिजीब्लिटी नहीं बन पा रही है। यदि कहीं और जमीन उपलब्ध है तो सुरक्षा की दृष्टि से लोग इसका विरोध कर रहे हैं। शहर के वार्ड क्षेत्रों में सरकारी जमीन भी उपलब्ध है, लेकिन इसकी निशानदेही का पता नहीं होने के चलते नगर निगम जोखिम नहीं लेना चाहती। हालांकि इसके लिए राजस्व विभाग की मदद मांगी गई है। निगम ने वार्ड-11 में निजी जमीन वाटर टैंक निर्माण किया जो कारगर साबित हुआ है। पर अन्य जगहों पर अभी योजना सिरे नहीं चढ़ी। शहर में कुल 17 वार्ड है। योजना के तहत वार्ड-12,13, 14 और 7 में वाटर टैंक बनाए जाने हैं। यह तभी संभव होगा जब इसके लिए जमीन उपलब्ध होगी। मुख्य टैंकों में पानी की मात्रा कम होने की स्थिति में शहर के दूरवर्ती क्षेत्रों में पानी का प्रेशर नहीं पहुंच पाता। सलोगड़ा, खुंडीधार, चंबाघाट, हाउसिंग कॉलोनी, कथेड़ और शामति क्षेत्रों में यह समस्या अधिक है। लोगों को प्राकृतिक स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है।

गर्मियों में पानी की मांग बढ़ जाती है। शहरवासियों को मांग के मुताबिक पानी देने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। शहर के वार्ड क्षेत्रों में वाटर स्टोरेज टैंक बनाने की योजना है। इसके लिए उपयुक्त जमीन तलाशी जा रही है। राजस्व विभाग की मदद से शहर में खाली पड़ी सरकारी जमीन को चिन्हित कर वाटर टैंकों का निर्माण किया जा सकता है। -
राजीव कौड़ा, पार्षद-वार्ड-14 व पूर्व डिप्टी मेयर, नगर निगम सोलन।

निधि मित्तल ने झटका सुपर मॉम का खिताब

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

शहर के आनंद विहार स्थित जीनियस ग्लोबल स्कूल में आयोजित मदर-डे सेलिब्रेशन का ग्रैंड फिनाले में एमडी नीति शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि डायरेक्टर भुवनेश्वरी शर्मा, पायल तोमर, बबली वर्मा व पूजा खासतौर पर मौजूद रही।

फिनाले की सबसे आकर्षक प्रतियोगिता सुपर मॉम में निधि मित्तल पहले स्थान पर रही, जबकि ज्योति दूसरे और अलका तीसरे स्थान पर रही। जीनियस टैलेंट क्वीन रेट्रो लुक में ज्योति पहले स्थान पर रही, जबकि प्रीति दूसरे और मरयम तीसरे स्थान पर रही है। जीनियस टैलेंट क्वीन में निताशा पहले पूजा दूसरे और ललिता तीसरे स्थान पर रही है, जीनियस क्रिएटिव क्वीन ज्योति पहले, सुषमा दूसरे और बबिता तीसरे स्थान पर रही। जीनियस मोस्ट पॉपुलर रील अवार्ड में आदिति ने बाज़ी मारी। जीनियस मोस्ट फोटोजेनिक अवार्ड में सुनीता पहले निताशा दूसरे तो मीनाक्षी बंसल तीसरे स्थान पर रही, जबकि सविता देवी को सांत्वना पुरस्कार मिला। इसके अलावा जीनियस सुपर शेफ प्रीति ने पहला स्थान झटका है। स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर नीति शर्मा ने कहा कि बच्चों के लिए एक मजबूत नींव के निर्माण में माता पिता की अहम भूमिका होती है।

जीनियस ग्लोबल स्कूल में मदर डे ग्रैंड फिनाले की विजेता मुख्यातिथि के साथ।

पहली जून को करें मतदान

राजगढ़। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे स्वीप अभियान के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत बजगा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पनवा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम में स्वीप नोडल अधिकारी दिनेश कुमार ने उपस्थित लोगों व स्कूल के छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए एक जून को प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

मोबाइल पर लिंक भेज ठगे 6.70 लाख

अनंत ज्ञान, बीबीएन

पुलिस थाना बद्दी के तहत एक व्यक्ति से टेलीग्राम मोबाइल एप्लीकेशन पर पैसों का लालच देकर 6.70 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सर्वजीत सिंह पुत्र राम प्रकाश निवासी दत्तोवाल ने बताया कि उसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर टेलीग्राम एप पर पैसों का लालच देकर पैसे कमाने की सलाह दी, जिसके झांसे में आकर एप पर एक लिंक आया और टास्क को पूरा करने के रूप में बोनस भी मिला।

व्यक्ति ने बताया कि फिर एक अन्य लिंक आया जैसे ही उस पर क्लिक किया तो 6,70,800 रुपये खाते से निकल गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। डीएसपी बद्दी खजाना राम ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

शूलिनी विवि व आईआईटी हैदराबाद ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

अनंत ज्ञान, सोलन

उच्च शिक्षा में अनुसंधान और कौशल विकास को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन ने डेटा भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सहयोग का उद्देश्य डेटा एनालिटिक्स और प्रौद्योगिकी नवाचार के क्षेत्र में दोनों संस्थानों की क्षमताओं और संसाधनों को बढ़ाना है।

एमओयू पर शूलिनी यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. पीके खोसला और आईहब-डेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता अनुवाद संबंधी अनुसंधान को बढ़ावा देने और सामाजिक जरूरतों को पूरा करने के लिए व्यावहारिक समाधान विकसित करने की पारस्परिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। प्रो. खोसला ने अनुवाद संबंधी अनुसंधान में अंतर को पाटने में इस साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रो. खोसला ने कहा, आईहब-डेटा के साथ यह सहयोग शोध निष्कर्षों को व्यावहारिक अनुप्रयोगों में अनुवाद करने की हमारी क्षमता को बढ़ाएगा, जो आज के तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य में महत्वपूर्ण है। शूलिनी विश्वविद्यालय में डीन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, प्रो. वीरेंद्र रिहानी ने इस समझौता ज्ञापन के तहत योजनाबद्ध कौशल-विकास गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

स्वास्थ्य डायरिया समेत जल जनित रोगों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

गर्मी से बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर के मैदानी इलाकों में लगातार बढ़ती गर्मी लोगों के लिए मुसीबत बनी है। आए दिन जिला के विभिन्न अस्पतालों में बीमारियों की चपेट में आने के बाद रोगियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग भी बढ़ती गर्मी को लेकर अलर्ट मोड पर है।

डायरिया समेत अन्य जल जनित रोगों की रोकथाम को लेकर जहां स्वास्थ्य विभाग ने सीएमओ को स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयों के भंडारण के निर्देश दिए हैं तो वहीं विशेष टीमों का ग्रामीण क्षेत्रों में बीमारियों की रोकथाम को लेकर

गठन किया गया है। मीडिया से रू-ब-रू हुए जिला के सीएमओ डॉ. अजय पाठक में बताया कि लगातार तापमान में वृद्धि जारी है। गर्मियां बढ़ाने के चलते बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है।

उन्होंने बताया कि बीएमओ को निर्देश दिए हैं कि आशा कार्यकर्ताओं तक ओआरएस, क्लोरीन पाउडर व टेबलेट को आशा वर्करों तक उपलब्ध करवाया जाए। पीएचसी तक आइवी फ्लॉयड उपलब्ध हो, सभी अस्पतालों में वह सभी सुविधाएं व दवाइयां उपलब्ध हो जो डायरिया व जल जनित रोगों की रोकथाम को लेकर चाहिए।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारियों को कहा गया है कि वे अपनी ऐसी टीमों को भी तैयार रखें जो ग्रामीण क्षेत्रों में अगर कहीं डायरिया समेत अन्य मामले सामने आते हैं तो तुरंत वहां पहुंच कर लोगों के उपचार शुरू कर सकें। उन्होंने बताया कि इसके अलावा डेंगू को लेकर भी स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल डिस्प्ले क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज
Size | Rate
3x4 cm | Rs. 300
4x4 cm | Rs. 400
5x4 cm | Rs. 500
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

न्यूज ब्रीफ

मंजीत सिंह ठाकुर ने विनोद सुल्तानपुरी के लिए मांगे वोट

रोहड़ू। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव मंजीत सिंह ठाकुर ने रविवार को ढाकगांव पंचायत के ढाक, गांव, खरोट, नावी, चिवाडी, मसली, दली, शलोट व जिताटा में शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने गांव-गांव में जाकर नुक्कड़ सभाओं में कार्यकर्ताओं के साथ जन संवाद कर उनके पक्ष में मतदान करने व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हाथ मजबूत करने की गांव के लोगों से अपील की। वहीं, उसके बाद उन्होंने मनटिक्करी, मसली व बडियारा में भी नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर गांव के लोगों से विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

कोटी में कल व जुग्गा में 24 को लगेगा पावर कट

जुग्गा (शिमला)। 11 केवी जोधो फीडर कोटी की आवश्यक मरम्मत के चलते कोटी और मुंडाघाट अनुभाग के अंतर्गत आने क्षेत्र के अनेक गांव में 22 मई को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल जुग्गा से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आगामी बरसात आने से पूर्व बिजली की लाइनों और ट्रासफार्मर की आवश्यक मुरम्मत की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को बरसात में अबाधित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इसी प्रकार 24 मई को 11केवी फीडर अश्वनी खड्ड से जुग्गा की आवश्यक मरम्मत की जानी है। इसके चलते जुग्गा सब-स्टेशन के अंतर्गत आने वाले अनेक गांव में 24 मई को बिजली बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत लाइनों की मरम्मत का कार्य मौसम पर निर्भर करेगा। उन्होंने संबधित क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया कि सामान्य विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए बिजली बोर्ड का सहयोग करें।

अधिकारियों की रिहर्सल अब 24 मई को

शिमला। सहायक रिटर्निंग अधिकारी (सहायक उपायुक्त) 62-कसुम्पटी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गोपाल चंद शर्मा ने कहा कि पीठासीन अधिकारी, सहायक पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी की रिहर्सल जो 23 मई को राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, छोटा शिमला में शाम के सत्र समय में दो बजे होनी थी। अब 24 मई को उसी स्थान पर सुबह के सत्र समय दस बजे होगी। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन इसलिए किया गया है, क्योंकि 23 व 24 मई को चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा वोटर फेसिलिटेशन सेंटर में पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोटिंग की जानी है, जिसको ध्यान में रखते हुए यह परिवर्तन किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके।

बिजली का सब-स्टेशन शुरू न होने से लोग तंग

झंडूता। झंडूता उपमंडल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र बरठीं में 33 केवी सब-स्टेशन तैयार हो चुका है। इसके निर्माण में पांच करोड़ 95 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। स्थानीय विधायक व तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के द्वारा उसका उद्घाटन वर्ष 2022 में हो चुका है, परंतु विद्युत बोर्ड द्वारा आज तक यह चालू नहीं किया गया। गौरतलब है कि इस गर्मी के मौसम में भयंकर गर्मी पड़ रही है। बिजली की वोल्टेज कम होने से लोगों को पानी भी नहीं मिल पा रहा है तथा विद्युत बोर्ड जबाब देही देने से बच रहा है। इस बारे में एक्सईएन विद्युत बोर्ड घुमारवीं कर्ण चंदेल ने बताया कि जल्दी ही इसे चालू कर दिया गया। सहायक अभियंता एसडीओ बरठीं हरवंश लाल शर्मा ने बताया कि सब-स्टेशन तैयार है, लेकिन स्टाफ न होने के कारण सब-स्टेशन को चालू नहीं किया जा रहा है। लोगों ने सरकार से मांग की है कि इस सब-स्टेशन को शीघ्र चालू करवाया जाए। जिससे लोगों को कम वोल्टेज की समस्या से निजात मिल सके।

बच्चों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

बिलासपुर। जिला वाल्मीकि सभा की बैठक महर्षि वाल्मीकि मंदिर डियारा सेक्टर परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान अशोक कुमार ने की। इस दौरान इलाके में बढ़ रही नशे की गतिविधियां और नशे से हो रही युवा मौतों पर चिंता मुख्य विषय रहा। बैठक में अभिभावक अपने बच्चों को लेकर आए थे, ताकि उन्हें नशे के प्रति जागरूक किया जा सके और दूर रखा जा सके। प्रधान अशोक कुमार ने कहा कि शहर में कई युवा नशे के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं और कई युवा नशे की चपेट में हैं। वर्तमान में हमारे आस पड़ोस में ऐसे बहुत उदाहरण हैं। ऐसे में नई पीढ़ी को बचाने के लिए चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अपने बच्चों को घर और बाहर बेहतरीन माहौल दें, ताकि उनका मन कहीं और न भटके। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों के साथ दोस्ताना माहौल रखें और उन्हें पढ़ाई और खेल गतिविधियों में डालें ताकि उनका ध्यान गलत बातों की ओर ही न जाए।

पीएम की रैली के बाद भी हारी थी भाजपा

शिमला। हिमाचल प्रदेश में सातवें चरण में चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। राजनीतिक दलों में भी एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का दौर बढ़ता जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने 24 में को होने वाली प्रधानमंत्री मोदी की रैली को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल चुनाव के वक्त भी प्रधानमंत्री ने रैली की थी लेकिन भाजपा चुनाव हार गई थी। इस दौरान नरेश चौहान ने देशभर में इंडिया गठबंधन को जनता का समर्थन मिलने की भी बात कही। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने कहा कि कांग्रेस सरकार 18 हजार महिलाओं को प्रदेश में सम्मान निधि देगी। नरेश चौहान ने भाजपा को नसीहत देते हुए कहा कि भाजपा मुद्दों पर बात करें। चुनाव में बड़े कामों की बात होनी चाहिए उन्होंने कहा कि देश में इस बार बदलाव का माहौल है और भाजपा में इसकी बौखलाहट साफ नजर आ रही है।

पेंशनरों के मुद्दों पर जेसीसी की बैठक बुलाने की मांग

शिमला। चुनावी मौसम में प्रदेश के पेंशनर्स ने भी अपनी मांगों को लेकर आवाज मुखर कर दी है। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने शिमला के कालीबाड़ी हॉल में बैठक कर पेंशनर्स के मुद्दों को लेकर जेसीसी की बैठक बुलाने की सरकार से मांग की है और पेंशनर्स के डीए और छठे वेतन आयोग के वित्तीय देनदारियों हल निकालने की बात कही है। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल के अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय में प्रदेश में छठे वेतन आयोग को लागू किया और पेंशनर्स की जुलाई 2022 में जेसीसी के बुलाकर 20 फीसदी एरियर देने का ऐलान किया, लेकिन बाद में उसमें भी 50 हजार का राइडर लगा दिया और डीए की किस्त भी पूर्व सरकार ने जारी नहीं की जबकि दूसरे राज्यों ने नए वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू कर दिया गया है। इसलिए केंद्र सरकार और हिमाचल सरकार पेंशनरों को लंबित देनदारियों को देने के बारे में प्रयास करें।

मिड-डे मील वर्कर्स को दो माह से नहीं मिला वेतन

मशोबरा ब्लॉक के वर्कर्स में सैलरी न मिलने से रोष; मांगें पूरी करने की लगाई गुहार, आंदोलन की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मशोबरा ब्लॉक की मिड-डे मील वर्कर्स की बैठक सोमवार को आयोजित हुई। यूनियन के महासचिव का कहना है कि मिड-डे मील वर्कर्स को दो महीने से वेतन नहीं दिया गया।

प्रशासन के फरमान की यदि बात करें तो डीसी ने मिड-डे मील वर्कर्स को आदेश जारी किए कि चुनाव में अपनी ड्यूटी दें। डीसी ने एक तरफ से तो फरमान जारी कर दिया, लेकिन मिड-डे मील वर्कर्स को चुनाव ड्यूटी पर दिहाड़ी दी जाएगी तो वह अपनी बारी में भूल गए। हमारा डीसी को यूनियन की ओर से कहना है कि इस चुनाव ड्यूटी में मिड-डे मील वर्कर्स को 700 रुपए दिहाड़ी दी जाएगी। यह बात भी लिखित रूप में रेखांकित करें, क्योंकि हमें भी स्वेच्छा से जीने की अवश्यकता है, हम कोई बंधुआ मजदूर नहीं है।

दूसरी तरफ दो महीने से वेतन नहीं मिलना, शर्म आनी चाहिए सरकार को, विभाग को, इस तरह से एक तरफा फरमान बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। सरकार व सरकार के चुने हुए नुमाइंदे हमें बताएं कि 3500 में किस तरह से हम अपना व परिवार का गुजारा करें। वह भी दो महीने से नहीं मिला। दसरा चुनाव में ड्यूटी करने का यदि 700 रुपए दिहाड़ी मिलेगी, नहीं तो बिना पैसे के कोई कार्य नहीं करेगा। लिखित रूप में हमें अतिरिक्त कार्य का अतिरिक्त दिहाड़ी दी जाए। यदि हमें आर्डर में दिहाड़ी देने के आदेश नहीं होंगे तो बीएलओ, जिसकी ड्यूटी होती है वह स्वयं इंतजाम करें।

अत: हम सरकार को कहना चाहते हैं कि जबरन मिड-डे मील वर्कर्स पर चाहे वह स्कूल अध्यापक हों, सरकार के कोई भी नुमाइंदे हो कोई भी वर्कर्स पर दबाव नहीं बना सकते। यदि कोई वर्कर्स अपनी इच्छा से ड्यूटी करना चाहे तब भी उसे दिहाड़ी दी जाए।

बैठक के दौरान मौजूद वर्कर्स।

मांगें न मानने पर करेंगे आंदोलन

हम यूनियन के माध्यम से कहना चाहते हैं कि 22 सितंबर 2023, 26 नवंबर 2023 व 16 फरवरी 2024 को हमने पहले ही शिक्षा निदेशक महोदय को लिखित रूप में चुनाव में ड्यूटी न लगाई जाए मांग पत्र इस संदर्भ में दे दिया हैं। अतः मिड-डे मील वर्कर्स पर हिटलरशाही करना बंद हो यह हम कहना चाहते हैं। यदि इस स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो मजबूरन आंदोलन करने के लिए यूनियन को विवश होना पड़ेगा। इसके जिम्मेदार स्वयं विभाग व प्रशासन होंगे।

मृतक की पत्नी को मिला दो लाख का रिस्क कवर

रिकांगपिओ। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बैंकों में बीस रुपए का सालाना प्रीमियम देकर किस तरह लोगों को दो लाख रुपए का रिस्क कवर का सीधा फायदा हो रहा है। उसका एक बड़ा उदाहरण किन्नौर जिला में कल्पा स्थित राज्य सहकारी बैंक में देखने को मिला। बता दे कि हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के कल्पा शाखा में महेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय जय चंद गांव रोघी, जिला किन्नौर हिमाचल प्रदेश द्वारा कुछ वर्ष पूर्व अपना खाता खोला गया था। बैंक के अनुरोध पर महेंद्र सिंह द्वारा प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत सालाना बीस रुपए का रिस्क कवर करवाया। गत वर्ष महेंद्र सिंह का पहाड़ी से गिरने के कारण मौत हो गई। बैंक द्वारा स्वर्गीय महेंद्र सिंह की प ी हीरा भागती को उक्त योजना के तहत दो लाख रुपए का भुगतान किया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने ठाना है, शत-प्रतिशत मतदान करवाना है

आशिमा वैरागी, शिमला

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिमला जिला के महानगर मंत्री अंकुश वर्मा ने बयान जारी करते हुए कहा है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित के साथ-साथ समाज हित में काम करती आ रही है।

इसी संदर्भ में इस बैठक में लोकसभा चुनावों को लेकर विद्यार्थी परिषद का योगदान किस तरह से समाज में रहने वाला है इसके बारे में भी चर्चा की गई। नेशन फर्स्ट वोटिंग मस्ट के माध्यम से वोटिंग के लिए जागरूक किए लोग।

उन्होंने कहा कि युवाओं को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने वह शत-प्रतिशत मतदान करने को प्रेरित करने के लिए उनके बीच जाकर उनको मतदान की भूमिका के बारे में जागरूक करने का फैसला भी लिया गया। प्रदेश भर में अधिकतर संख्या पहली बार मतदान करने वाले छात्र-छात्राओं की भी रहेगी। शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य लेकर देशभर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें की रन फॉर वोट, प्रथम बार वोट देने वाले युवाओं के सम्मेलन, 20 लाख पर्चा वितरण, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पूरे प्रदेश में मतदान के लिए जागरुकता अभियान चलाने जा रही है।

इससे की हिमाचल में शत प्रतिशत मतदान हो सके तथा इसमें युवा अपनी वोट के अधिकार का पूर्ण रूप से प्रयोग कर सके। वहीं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर बैठकें पर मतदान के लिए जागरूक करेंगे।

मतदान के लिए लोगों को जागरूक करते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

मतदाताओं को करेंगे जागरूक

वहीं, विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनाने के लिए छोटी-छोटी बैठकें कर के मतदान के लिए जागरूक करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों में भी जागरूकता आए और वे सभी मतदान करें। इससे शत-प्रतिशत मतदान हो पाए।

मौसम विभाग ने हीट वेव का येलो अलर्ट किया जारी

शिमला। पूरे उत्तर भारत में गर्मियां अपने चरम पर है। ऐसे में अब गर्म हवाओं का असर अब अकसर सर्द रहने वाले पहाड़ों पर भी देखने को मिल रहा है। हिमाचल प्रदेश में भी तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौजूदा सीजन में तापमान रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है। हीट वेव को देखते हुए मौसम विज्ञान केंद्र ने प्रदेश में येलो अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार फिलहाल प्रदेश में बारिश के हालात बनते नजर नहीं आ रहे हैं। लिहाजा पहाड़ों का ताप अभी और बढ़ने की संभावना है। शिमला मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि देश के साथ-साथ प्रदेश में भी मौसम साफ बना हुआ है। ऐसे में तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि बीते कल इस सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। संदीप शर्मा ने कहा बीते दिनों हिमाचल प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ लेकिन बेअसर रहा उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा। ऐसे में प्रदेश के मध्य ऊंचाई और निचले इलाकों में हीट वेव के बने रहने की संभावना है। इसको लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने यह अलर्ट भी जारी किया है।

मन्नत और आरूषी ने उत्तीर्ण की एनएमएमएस की परीक्षा

अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)

आरूषी

मन्नत।

जुन्गा तहसील के दूरदराज गांव धाली के राजकीय उच्च विद्यालय की आठवीं कक्षा की दो होनहार छात्राओं ने राष्ट्रीय मिन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) की परीक्षा उत्तीर्ण करके स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल के हैडमास्टर राकेश वर्मा ने बताया कि धाली स्कूल की दो छात्राओं मन्नत और आरूषी ने बीते दिनों एनएमएमएस की परीक्षा में भाग लिया था। इसमें ये दोनों छात्राएं अव्वल रही है।

सरकार की ओर से इन दोनों छात्राओं को आगामी 12वीं कक्षा तक हर माह एक हजार रुपए स्कॉलरशिप मिलेगा। उन्होंने बताया कि ये दोनों होनहार बेटियां सतलाई पंचायत के ठूंड की रहने वाली है। मन्नत के पिता ईश्वर दत्त शर्मा और आरूषी के पिता बाल कृष्ण शर्मा दोनों किसान परिवार से संबंध रखते हैं।

दोनों बेटियों की इस सफलता पर समूचे क्षेत्र में एक चर्चा का विषय बना हुआ है। हैडमास्टर राकेश वर्मा ने बताया कि इस वर्ष बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में इस स्कूल के दो विद्यार्थियों, जिनमें सक्षम अत्री ने 96 प्रतिशत और सिमरन ने 93.57 प्रतिशत अंक प्राप्त करके उत्कृष्ट स्थान प्राप्त हैं। इन बच्चों की सफलता पर स्कूल में एक कार्यक्रम रखा गया। इसमें इन चारों बच्चों का पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ स्वागत किया गया और फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। हैडमास्टर ने चारों बच्चों को पांच -पांच हजार अपने निजी खाते से प्रदान किए। एसएमसी सदस्य ईश्वर दत शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, सदानंद शर्मा, वार्ड सदस्य सुशील गंधर्व सहित सभी अभिभावकों ने अध्यापकों की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। वहीं, जुन्गा तहसील के दूरदराज गांव धाली के राजकीय उच्च विद्यालय की आठवीं कक्षा की दो होनहार छात्राओं ने राष्ट्रीय मिन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) की परीक्षा उत्तीर्ण करके स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

कोटखाई। माननीय शिक्षा मंत्री व शिमला ससंदीय क्षेत्र के प्रभारी रोहित ठाकुर व शिमला लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने सोमवार को कोटखाई तहसील की ग्राम पंचायत दरकोटी में चुनावी जनसभा की। ग्राम पंचायत दरकोटी के पइशाल में आयोजित जनसभा में जन संपर्क अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आमजन से जनसंपर्क किया व उनका आशीर्वाद लिया। जनसभा को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में प्रचार व मतदान करने की अपील की।

सुनीता देवी व नीरज शर्मा को सौंपी कमान

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय घुमारवीं की स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने की। सर्वप्रथम इस बैठक में ऐसे सदस्यों जिनके बच्चे स्कूल से पास होकर जा चुके हैं उनके स्थान पर नए सदस्यों का चयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सुनीता देवी, नीरज शर्मा, राजकुमारी तथा मोना को समिति का नया सदस्य चुना गया।

इसके बाद बैठक में स्कूल में चल रही विभिन्न गतिविधियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

मतदान करने वाली महिलाओं को मिलेगी बच्चों की देखभाल के लिए कक्ष की सुविधा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर बिलासपुर जिले में स्थापित 418 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए छोटे बच्चों के साथ आने वाली महिलाओं को क्रेच (बच्चों का देखभाल कक्ष) की विशेष सुविधा उपलब्ध होगी। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी।

मतदान केंद्रों में आंगनबाड़ी सहायिकाएं बच्चों की देखभाल करेंगी, ताकि महिलाएं बच्चों को क्रेच में रखकर आसानी से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इसके लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास हरीश मिश्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा और उच्च शिक्षा को इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने का जिम्मा दिया गया है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में पोलिंग स्टेशनों मतदाताओं की सुविधाओं का खास ख्याल रखा जा रहा है। पोलिंग स्टेशनों पर पीने का पानी, शौचालय, फुट स्टेप साइन, दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर आदि की सुविधा उपलब्ध होगी।

कर्मियों को प्रदान किए इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में 4-शिमला (अ.जा.) संसदीय क्षेत्र के लिए तैनात मतदान कर्मियों के इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट (ईडीसी) का आदान-प्रदान किया गया।

यह कार्य अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अजीत भारद्वाज व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा की निगरानी में संपन्न हुआ। शिमला संसदीय क्षेत्र के 17 विधानसभा क्षेत्रों (66-रामपुर विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर) में तैनात मतदान कर्मियों के ईडीसी का आदान-प्रदान किया गया है, जिसमें जिला सोलन के 50-अर्की, 51-नालागढ़, 52-दून, 53-सोलन, 54-कसौली व जिला सिरमौर के 55-पच्छाद, 56-नाहन, 57-रेणुकाजी, 58-पावंटा साहिब, 59-शिलाई तथा जिला शिमला के 60-चैपाल, 61-ठियोग, 62-कसुम्पटी, 63-शिमला, 64-शिमला ग्रामीण, 65-जुब्बल-कोटखाई व 67-रोहडू विधानसभा क्षेत्र शामिल है। इस प्रक्रिया में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा प्राधिकृत लगभग 50 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी।

पोस्टल बैलेट पेपर की दी जानकारी

इसके अतिरिक्त तहसीलदार निर्वाचन राजेंद्र शर्मा ने पोस्टल बैलेट पेपर तैयार करने बारे तथा अन्य विषयों पर प्रतिभागियों को जानकारी दी। इस दौरान निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय बगटुर चैंपियनशिप का बिलासपुर में हुआ आगाज

कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते सदस्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन द्वारा बिलासपुर मुख्यालय में राज्य स्तरीय बगटुर चैंपियनशिप का शुभारंभ मुख्यातिथि जम्वाल एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मीना जम्वाल ने किया। हिमाचली परंपरा अनुसार हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मृदुल शर्मा, राज्य महासचिव सराज अख्तर एवं टेक्निकल डायरेक्टर बृजलाल चौहान ने मुख्यातिथि एवं सुप्रसिद्ध समाज सेविका मीना जम्वाल को हिमाचली टोपी हिमाचली शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मुख्यातिथि मीना जम्वाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में माध्यम से बच्चों में भाषा व संचार कौशल को विकसित करने में सहायता मिलती है। खेल बच्चों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करता है। खेल के माध्यम से मिलने वाली चुनौती बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है खेल-खेल में शिक्षा बोझरहित व मनोरंजक होती है।

वहीं, खेल लोगों को असफलता से निपटना भी सिखाते हैं। हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मृदुल शर्मा, राज्य महासचिव सराज अख्तर एवं टेक्निकल डायरेक्टर बृजलाल चौहान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग 80 खिलाड़ी राज्य स्तरीय बगटुर चैंपियनशिप (मार्शल आर्ट) में भाग ले रहे हैं।

अभियान चौपाल में पुलिस ने चलाया अभियान, ड्रोन से रखी जा रही नजर

भांग व अफीम की खेती करने वालों की अब खैर नहीं

अनंत ज्ञान-नेरवा,चौपाल

उपमंडल चौपाल में अगर कोई शातिर भांग और अफीम की अवैध खेती करने की सोच रहा है तो वह पुलिस की कार्रवाई के लिए भी तैयार रहे। पुलिस ने ऐसे तत्वों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। एक विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस ने उपमंडल के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में ड्रोन से रेकी शुरू कर दी है।

अभियान के अंतर्गत शिमला से आए एक विशेष दल द्वारा नेरवा तहसील के थरोच, शिल्ला, मधाना एवं मुंडली आदि क्षेत्र में ड्रोन द्वारा एक सर्च अभियान चलाया गया। एसडीपीओ चौपाल सुशान शर्मा ने बताया कि पूर्व में उपमंडल चौपाल में अफीम और भांग की अवैध खेती के मामले सामने आ चुके है। इस कारोबार को रोकने के लिए पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस टीम और ड्रोन के माध्यम से इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि कहीं पर इन गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम तो नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन और पुलिस टीम द्वारा नशे की रोकथाम को लेकर सर्च अभियान चलाए जाएंगे। यदि किसी भी व्यक्ति की नशे के किसी कारोबार अथवा इसकी खेती की संलिप्तता पाई जाती है तो उस व्यक्ति के खिलाफ एनडी एंड पीएस एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

ड्रोन से रेकी के दौरान रिकॉर्ड की गई फुटेज।

राजेंद्र गर्ग ने गांवों में पानी की समस्या को लेकर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पेयजल समस्या को लेकर घुमारवीं के विधायक एवं मंत्री राजेश धर्माणी पर सवाल उठाया है। गर्ग ने कहा कि घुमारवीं के विधायक एवं मंत्री मस्त है और जनता पानी के लिए त्रस्त है।

उन्होंने कहा कि मंत्री ने अधिकांश पेयजल स्कीमों को अपने रिश्तेदारों व चहेतों ठेकेदारों को दे रखी है। जिनको पूछना वाला कोई नहीं है। वह अपनी मनमर्जी से काम कर रहे हैं। इसके कारण गर्मी के मौसम में लोगों में पानी के लिए हाहाकार मची हुई है। लेकिन, यहां के स्थानीय विधायक एवं मंत्री घुमारवीं की जनता की सुध लेने की बजाय कहीं गायब हो गए हैं। गर्ग ने कहा कि वह पिछले कई दिनों से लगातार घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान बाड़ी चौक, मरहाना, बणी भपराल व हम्बोट समेत पूरे विधानसभा क्षेत्र में लोग पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में ऐसी एक भी पंचायत नहीं मिल पाई है, जहां लोगों ने पानी की समस्या की शिकायत न की हो। लोगों का कहना है कि उन्हें पानी के टैंकर खरीदने पड़ रहे हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को चेताया है कि यदि पानी की समस्या का समाधान तुरंत नहीं किया गया, तो भाजपा धरना देकर प्रदर्शन करने से भी गुरेज नहीं करेगी।

न्यूज ब्रीफ

इस्लामिक स्टेट ने ली अफगानिस्तान में हुए हमले की जिम्मेदारी

इस्लामाबाद। इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह ने मध्य अफगानिस्तान में विदेशियों पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है, जिसमें तीन स्पेनिश नागरिक और तीन अफगान मारे गए। गृह मंत्री के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी के अनुसार, प्रमुख पर्यटक क्षेत्र बामियान प्रांत में हुए हमले में सात लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। इस्लामिक स्टेट समूह ने अपनी समाचार एजेंसी अमाक पर बयान जारी कर कहा कि आईएस के लड़ाकों ने पर्यटकों और उनके गाइड को ले जा रही एक बस पर हमला किया है।

नेपाल: प्रधानमंत्री प्रचंड को चौथी बार मिला बहुमत

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने सोमवार को संसद में विश्वास मत हासिल कर लिया, जो उनके पदभार संभालने के 18 महीने के भीतर चौथा शक्ति परीक्षण था। नेपाल की प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी 'कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर)' के नेता प्रचंड (69) को 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 157 वोट मिले। मतदान में कुल 158 सांसदों ने हिस्सा लिया। मुख्य विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार किया। प्रतिनिधि सभा का एक सदस्य तटस्थ रहा। प्रचंड के दिसंबर 2022 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद से संसद में विश्वास मत के लिए चौथी बार मतदान हुआ है।

लाई चिंग बने ताइवान के नए राष्ट्रपति

ताइपे (ताइवान)। लाई चिंग ते ने सोमवार को ताइवान के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की जिनके नेतृत्व में द्वीपीय राष्ट्र चीन के खिलाफ अपनी सुरक्षा को मजबूत करने की कोशिश जारी रखेगा और स्वशासित लोकतंत्र की वास्तविक स्वतंत्रता की नीति को बरकरार रखेगा। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है और जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक इस पर नियंत्रण हासिल करने की बात कह चुका है। लाई के शपथ ग्रहण करने पर उन्हें उनके देश के नेताओं और ताइवान के साथ आधिकारिक राजनयिक संबंध रखने वाले 12 देशों के प्रतिनिधिमंडलों के अलावा अमेरिका, जापान और विभिन्न यूरोपीय देशों के नेताओं ने बधाई दी।

किर्गिस्तान में फंसे छत्तीसगढ़ के 500 स्टूडेंट्स

नई दिल्ली। सोवियत संघ का हिस्सा रहे मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान में भारतीय समेत अन्य विदेशी छात्रों पर हमले की खबरें लगातार आ रही हैं। वहां छत्तीसगढ़ के भी करीब 500 स्टूडेंट फंसे हुए हैं। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कुछ स्टूडेंट्स से फोन पर बात की है और छात्रों की सुरक्षित घर वापसी के लिए लिस्ट तैयार की जा रही है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने फोन पर किर्गिस्तान के विभिन्न यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे 500 छत्तीसगढ़ीछात्रों से बात की और उनकी सुरक्षित घर वापसी के लिए लिस्ट तैयार करने को कहा। उन्होंने बताया कि सूची बनाने का काम शुरू हो गया है। जल्द उनकी सुरक्षा को लेकर कवायद की जाएगी।

यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्र में रूसी सेना का दबदबा बरकरार

मॉस्को। रूस ने यूक्रेन के युद्धग्रस्त उत्तर-पूर्व इलाके में नए सिरे से आक्रमण शुरू कर दिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी हवाई सुरक्षा ने दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में रात भर में 57 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। स्थानीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन का मलबा स्लावियांस्क-ऑन-क्यूबन शहर में एक तेल रिफाइनरी पर गिरा, लेकिन इससे आग की कोई घटना अथवा किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। यूक्रेन के आंशिक रूप से कब्जे वाले खेरसॉन क्षेत्र के रूस द्वारा स्थापित गवर्नर व्लादिमीर साल्डो ने कहा कि एक यूक्रेनी ड्रोन के एक मिनीबस से टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 16 घायल हो गए।

पॉवेल की अनुपस्थिति में ब्रैंडन किंग होंगे कप्तान

एंटीगुआ। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में कप्तान रोवमैन पॉवेल की अनुपस्थिति में ब्रैंडन किंग वेस्टइंडीज का नेतृत्व करेंगे। पॉवेल चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और वह टीम के साथ बने रहेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के मैच 23, 25 और 26 मई को खेले जाएंगे। पॉवेल उन खिलाड़ियों के समूह में से एक हैं, जो या तो अभी भी आईपीएल में खेल रहे हैं या जिन्हें टूर्नामेंट के बाद आराम दिया गया है। आंद्रे रसेल (कोलकाता नाइट राइडर्स), शिमरोन हेटमायर (राजस्थान रॉयल्स), अल्जारी जोसेफ (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) और शेरफेन रदरफोर्ड (कोलकाता नाइट राइडर्स) आईपीएल प्लऑफ में शामिल टीमों के साथ हैं।

पापुआ न्यू गिनी से जुड़े फिल सिमंस

बोरोको। वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर और अनुभवी अंतरराष्ट्रीय कोच फिल सिमंस आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले विशेषज्ञ कोच के रूप में पापुआ न्यू गिनी कोचिंग सेटअप में शामिल हो गए हैं। टी-20 विश्व कप कैरेबियन और यूएसए में 1 जून से शुरू हो रहा है। सिमंस, जिन्होंने वेस्टइंडीज के लिए 160 से अधिक मैच खेले हैं, एक कोच के रूप में 2016 में भारत में वेस्टइंडीज को उनके दूसरे टी-20 विश्व कप खिताब दिलाने के लिए जाने जाते हैं। वह 2004 और 2005 तक जिम्बाब्वे की पुरुष टीम के प्रभारी थे और हाल ही में उन्हें आयरलैंड और अफगानिस्तान का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा सिमंस 2022 में ऑस्ट्रेलिया में हुए टी-20 विश्व कप के दौरान वेस्टइंडीज के मुख्य कोच थे।

अभिषेक जल्द खेले सकते हैं तीनों फॉर्मेट : वॉन

नई दिल्ली। माइकल वॉन ने विराट कोहली का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के का रिकॉर्ड तोड़ने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। वॉन का कहना है कि यशस्वी जायसवाल की तरह अभिषेक शर्मा भी भारत के लिए तीनों फॉर्मेट खेल सकते हैं। इस सीजन में अभिषेक ने 13 मैचों में 209.42 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से कुल 467 रन बनाए हैं। इसके साथ ही वह आईपीएल के एक सीजन में सर्वाधिक छक्के मारने वाले भारतीय खिलाड़ी भी बन गए हैं।

इंटर मिलान ने जीता सीरी ए खिताब

रोम। लाजियो के खिलाफ मैच के दौरान इंटर मिलान के फैंस की सांसें लगभग रुक गई थीं, लेकिन डेंजल डमफ्रिज के गोल ने इंटर मिलान को हार से बचा लिया। इसके बाद इंटर ने लाजियो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ के बाद सीरी ए ट्रॉफी पर कब्जा किया। इंटर ने पहले ही अप्रैल में अपना 20वां सीरी ए खिताब सुरक्षित कर लिया था और अपनी मजबूत टीम के साथ अपने अंतिम घरेलू मैच में प्रवेश किया था। इस मुकाबले में मार्कस थुरम ने शुरुआती मिनटों में एक सुनहरा मौका गंवा दिया, जब लाजियो के गोलकीपर इवान प्रोवेडेल ने उनके शॉट का शानदार बचाव किया। इसके बाद भी कई ऐसे मौके आए जब दोनों टीमों की ओर से शानदार प्रदर्शन किया गया।

इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग का 5वां संस्करण 31 से

मंगलूरु। भारत में सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडलिंग के शासी निकाय, सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने सोमवार को इंडियन ओपन सर्फिंग (आईओएस) के पांचवें संस्करण की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग एसोसिएशन की ओर से मान्यता प्राप्त भारत की यह प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता 31 मई से 2 जून, 2024 तक कर्नाटक के मंगलूरु में ससिहित्लू समुद्र तट पर मंत्रा सर्फ क्लब द्वारा आयोजित की जाएगी। तीन दिवसीय सर्फिंग प्रतियोगिता में भारत के टॉप रैंक सर्फर प्रतिस्पर्धा करते दिखाई देंगे। प्रतियोगिता तीन श्रेणियों पुरुष ओपन, महिला ओपन और ग्रोम्स (अंडर-16) ब्वॉयज एवं ग्रोम्स (अंडर-16) गर्ल्स में आयोजित होगी।

द्वितीय केदार मदमहेश्वर धाम के कपाट खुले, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

एजेंसी, रूद्रप्रयाग

द्वितीय केदार मदमहेश्वर के कपाट सोमवार को पूर्वाह्न 11.15 बजे विधि-विधान से खुल गए। इस अवसर पर साढ़े तीन सौ से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे।

कपाट खुलने की प्रक्रिया श्री मदमहेश्वर जी की देवडोली के पहुंचने के बाद सोमवार प्रात: दस बजे पूर्वाह्न शुरू हुई। ठीक पूर्वाह्न सवा ग्यारह बजे पुजारी टी गंगाधर लिंग ने पूजा-अर्चना पश्चात श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति अधिकारियों, हकहकूक धारियों की उपस्थिति में विधि-विधान से श्री मदमहेश्वर मंदिर के कपाट खोल दिये। इसके पश्चात भगवान

मदमहेश्वर जी के स्वयंभू शिवलिंग को समाधि रूप अलग कर निर्वाण रूप तथा उसके पश्चात श्रृंगार रूप दिया गया तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। कपाट खुलने के लिए पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश द्वारा मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था।

इस अवसर पर आचार्य वदपाठीं मंदिर समिति अधिकारीं-कर्मचारी एवं हकहकूकधारी मौजूद रहे। सोमवार प्रात: ही श्री मदमहेश्वर जी की उत्सव डोली गौंडार गांव से श्री मदहेश्वर पहुंची थी, जबकि 19 मई रविवार को द्वितीय केदार श्री मदमहेश्वर जी की देवडोली अन्य देव निशानों के साथ श्री राकेश्वरी मंदिर रांसी से गौंडार गांव रात्रि विश्राम को प्रस्थान हुई थी।

जीडीपी वृद्धि दर चौथी तिमाही में 6.2% 2023-24 में सात प्रतिशत रहने का अनुमान

एजेंसी, नई दिल्ली

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंडरा) ने मार्च तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 6.9 से सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। रेटिंग एजेंसी के प्रमुख अर्थशास्त्री सुनील कुमार सिन्हा ने यह अनुमान जताया है।

सरकार चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2024) और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि के शुरुआती अनुमान 31 मई को जारी करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। सिन्हा ने कहा कि हम उम्मीद कर रहे हैं कि चौथी तिमाही की वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत होगी और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल जीडीपी वृद्धि दर करीब 6.9 से 7 प्रतिशत रहेगी। उन्होंने कहा कि पहली दो तिमाहियों में वृद्धि दर को कम आधार का फायदा मिला, हालांकि तीसरी (अक्तूबर-दिसंबर 2023) तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर आश्चर्यजनक थी।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बंद रहा शेयर और मुद्रा बाजार

एजेंसी, मुंबई

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 18वीं लोकसभा के लिए सोमवार को मतदान के मद्देनजर सार्वजनिक अवकाश होने से शेयर, मुद्रा और जिंस बाजार बंद रहा।

शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार होगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के मार्किट हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक सोमवार को मुंबई में लोकसभा चुनाव के चलते शेयर बाजार बंद रहा, जिसकी वजह से कोई ट्रेडिंग नहीं हुई। लोकसभा चुनाव के चलते इक्विटी के अलावा एसएलबी और डेरिवेटिव सेगमेंट में भी कारोबार बंद रहा।

कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 85 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है।

दुनिया के कई देशों में कोरोना के नए मामले

एजेंसी, नई दिल्ली

दुनिया के कई देशों में कोरोना संक्रमण के मामले एक बार फिर से तेजी से बढ़ते हुए देखे जा रहे हैं। कोरोना के नए वैरिएंट (फिलर्ट) ने बहुत ही कम समय में कई देशों को अपनी चपेट में ले लिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका, सिंगापुर में संक्रमण के मामलों में तेजी से उछाल आया है। आलम यह है कि सिंगापुर स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को एक बार फिर से सुरक्षात्मक तौर पर मास्क पहनने की अपील की है। गौरतलब है कि एक सप्ताह के भीतर ही सिंगापुर में 25000 से अधिक नए मामले रिपोर्ट किए गए हैं, जिसने स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा दी है। नया कोरोना वैरिएंट फिलर्ट ओमिक्रॉन का ही सब-वैरिएंट है, हालांकि इसमें कुछ ऐसे म्यूटेशन देखे गए हैं, जो इसे वैक्सीन से बनी प्रतिरक्षा प्रणाली को चकमा देने और इंसानों में तेजी से संक्रमण बढ़ाने के योग्य बनाते हैं। सिंगापुर स्वास्थ्य विभाग ने सभी लोगों को सावधान करते हुए कहा है कि कोरोना के जोखिमों को लेकर अलर्ट रहें। अगले महीने संक्रमण के मामलों में और अधिक उछाल आने की आशंका है।

एक्ट्रेस यामी गौतम बनीं मां, बेटे को दिया जन्म

नई दिल्ली। बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस यामी गौतम पिछले कुछ दिनों से अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर सुर्खियों में थीं। यामी ने अक्षय तृतीया यानी 10 मई को मुंबई में बच्चे को जन्म दिया। बेटे के जन्म के 10 दिन बाद दोनों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर खुशखबरी दी है। उन्होंने एक छोटे बच्चे की खूबसूरत फोटो शेयर की। उन्होंने फोटो पर लिखा है कि बच्चे का नाम 'वेदाविद' है।

छत्तीसगढ़ में दर्दनाक हादसा, गड्ढे में गिरी गाड़ी, 18 मजदूरों की मौत

एजेंसी, नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

बताया जा रहा है कि हादसे में मरने वाले सभी मजदूर थे और तेंदूपत्ता तोड़कर लौटकर रहे थे तभी हादसा हुआ है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, तेंदूपत्ता तोड़कर सभी मजदूर एक पिकअप से वापस लौट रहे थे, लेकिन पिकअप नियंत्रित होकर पलट गई, जिस कारण से यह हादसा हुआ।

हादसे की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला। हालांकि अभी मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

उत्तरी अफगानिस्तान में बाढ़ से 84 की मौत, कई लापता

एजेंसी, काबुल

उत्तरी अफगानिस्तान में असामान्य रूप से हुई भारी बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ में कम से कम 84 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी तालिबान के एक प्रवक्ता ने दी।

फरयाब प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता इस्मतुल्ला मुरादी ने भारी बारिश के बाद आई बाढ़ में कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए, आठ लोग लापता है। मुरादी ने कहा कि 1,500 मकान पूरी तरह या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि बर्बाद हो गई है और 300 से अधिक पशु मारे गए हैं। अफगानिस्तान में असामान्य रूप से भारी मौसमी बारिश हो रही है। पश्चिमी प्रांत गोर के गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद हमास के अनुसार, बुरी तरह प्रभावित प्रांत में शुक्रवार को आई बाढ़ से 50 लोगों के मरने की खबर है।

दीप्ति ने 400 मीटर टी-20 में जीता स्वर्ण पदक

विश्व पैरा चैंपियनशिप: 55.07 सेकंड में पूरी की रेस, अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी, कोबे (जापान)

भारत की दीप्ति जीवनजी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी-20 रेस में 55.07 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति ने अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क का 55.12 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, जो उसने पिछले साल पेरिस में बनाया था।

तुर्की की एसिल ओंडेर 55.19 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि एक्वाडोर की लिजांशेला एंगुलो 56.68 सेकंड का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रही।

दीप्ति ने रविवार को एशियाई रिकॉर्ड समय 56.18 सेकंड के साथ अपनी हीट रेस जीती थी। टी20 वर्ग की रेस बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ियों के लिए है। योगेश कथुनिया ने पुरुषों के एफ 56 वर्ग चक्का फेंक में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक जीता। भारत ने अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीत लिए हैं।

एथलेटिक्स जेरूसलम ग्रैंड स्लैम में रोमानिया ने जीते 3 स्वर्ण पदक

जेरूसलम। रोमानिया ने गिवत राम स्टेडियम में आयोजित एथलेटिक्स जेरूसलम ग्रैंड स्लैम में तीन स्वर्ण पदक जीते। इस प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भाग लिया। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में रोमानिया की मारिया मिहालचे 11.64 सेकंड के समय के साथ पहले स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर इसराइल की अलीना इ्रुटमैन से केवल दो-सौवें सेकंड से आगे रही। रोमानिया ने महिलाओं की ट्रिपल जंप में भी स्वर्ण पदक हासिल किया, डायना आयन ने 14.07 मीटर की छलांग लगाकर लिथुआनिया की डेविल किल्टी से सिर्फ एक सेंटीमीटर आगे रहकर स्वर्ण पदक जीता। रोमानिया का तीसरा स्वर्ण महिलाओं की 2,000 मीटर स्टीपलचेज में आया, जिसमें स्टेला रुट्टे 6:14.76 मिनट के साथ पहले स्थान पर रही।

इंग्लैंड ने पाक महिला टीम को 34 रन से हराया

लीड्स। डैनी व्याट के 48 गेंदों में (87) और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड महिला की महिला टीम ने तीसरा टी-20 मैच में पाकिस्तान की महिला टीम को 34 रनों से हरा दिया है। इंग्लैंड की टीम ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है। 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 60 रन जोड़े। नौवें ओवर में सिदरा अमीन (26) के रूप में पाकिस्तान का पहला विकेट गिरा। अगले ही ओवर में गुल फिरोजा भी (30) रन बनाकर पवेलियन लौटी। इसके बाद सदफ शमास (6) और मुनीबा अली(3) रन 10वें और 11वें ओवर में लगातार चार विकेट गिरे।

अर्जेंटीना के सेबेस्टिएन से हारे नागल जिनेवा ओपन के पहले दौर से बाहर

एजेंसी, जिनेवा

भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल जिनेवा ओपन के पहले दौर में अर्जेंटीना के सेबेस्टिएन बाएज से हारकर बाहर हो गए हैं।

दुनिया के 94वें नंबर के खिलाड़ी नागल को दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी अर्जेंटीना के क्लेकोर्ट विशेषज्ञ प्रतिद्वंद्वी ने 7-6, 6-3 से हराया। नागल ने हार के बाद कहा कि आज की हार से निराश हूं, लेकिन फ्रेंच ओपन से पहले अच्छी तैयारी हुई। अगला लक्ष्य पेरिस।

मलेशिया मास्टर्स में खिताब का सूखा खत्म करने उतरेगी पीवी सिंधू

कुआलालम्पुर। ब्रेक से लौटी पीवी सिंधू पेरिस ओलंपिक से पहले मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत दर्ज करना चाहेगी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया। अब वापसी करते हुए उनका लक्ष्य इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में महिला एकल में अच्छा प्रदर्शन करने का होगा। वह पिछले साल अक्टूबर में घुटने की चोट से उबरने के बाद से फॉर्म में नहीं है।

मैनचेस्टर सिटी ने चौथा प्रीमियर लीग खिताब जीता

एजेंसी, मैनचेस्टर

मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम यूनाइटेड को 3-1 से हराकर लगातार चौथा प्रीमियर लीग खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। मैनचेस्टर सिटी ने मैच में आक्रामक शुरुआत की और केवल 79वें सेकेंड में ही फिल फोडेन ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

इसके बाद 18वें मिनट में फोडेन ने जेरेमी डोकू के क्रॉस को गोल पोस्ट में डालकर बढ़त को दोगुना कर दिया। हालांकि मोहम्मद कुदुस ने हाफटाइम से ठीक पहले (42वें मिनट) में गोल कर वेस्ट हैम का खाता खोल दिया। हाफ टाइम तक मैनचेस्टर सिटी 2-1 से आगे थी। मैच के 59वें मिनट में रोड्री ने गोल कर मैनचेस्टर सिटी को 3-1 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इसके साथ ही मैनचेस्टर सिटी ने लगातार चौथी बार प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। फोडेन को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया, जिसमें उन्होंने अपनी टीम के लिए दो गोल किए।

टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के मैकगुर्क शॉर्ट रिजर्व खिलाड़ी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और मैथ्यू शॉर्ट एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए रिजर्व खिलाड़ी होंगे। 22 वर्ष के मैकगुर्क ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। अभी तक टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सके मैकगुर्क को टी-20 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के पास शीर्ष तीन स्थानों के लिए डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड और कप्तान मिचेल मार्श पहले से हैं। बल्लेबाजी हरफनमौला शॉर्ट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए पिछले 14 में से नौ टी-20 मैच खेले हैं।

आईपीएल केकेआर को फिल साल्ट की खलेगी कमी, श्रेयस अय्यर नहीं कर पाए कुछ खास

क्वालीफायर-1 में केकेआर की भिड़ंत सनराइजर्स से

एजेंसी, अहमदाबाद

बेहतरीन फॉर्म में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को 'रन मशीन' सनराइजर्स हैदराबाद से होगा, तो दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट की सौगात मिलने की गारंटी रहेगी।

केकेआर इस साल आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम थी, जबकि सनराइजर्स ने आखिरी लीग मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया। लीग चरण के 70 मैचों में शीर्ष दो स्थान पर रही। इन टीमों को पिछले दस दिन में बारिश के कारण अच्छा खासा ब्रेक मिल गया है। प्लेऑफ से पहले मैदान पर अधिक समय नहीं बिता पाने की चुनौती भी कठिन है। शीर्ष पर काबिज केकेआर को विकेटकीपर बल्लेबाज फिल साल्ट (435 रन) की कमी खलेगी, जो टी-20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड टीम से जुड़ने स्वदेश लौट गए हैं। साल्ट और सुनील नारायण (461) ने केकेआर को शानदार शुरुआत दी है। मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर (287 रन) प्रभावित नहीं कर सके, लेकिन इसकी कमी टीम को खली नहीं।

सर्वाधिक छक्के लगाने वाली टीम बनी हैदराबाद

नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पीछे छोड़ते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीम बन गई। हैदराबाद ने रविवार शाम पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 69वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की। अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन की जोरदार पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने रविवार को यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच गेंद शेष रहते 215 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। हैदराबाद ने मैच में कुल 14 छक्के लगाए, जिससे मौजूदा संस्करण में उनके छक्कों की संख्या 160 हो गई।